

7

संदीपा धर ने नये साल...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



11

रोलिंग बजट बनाने में...

■ वर्ष 31 अंक 182 ■ जबलपुर मंगलवार 23 दिसम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# मोदी मजदूरों का पैसा बढ़ने नहीं देना चाहते: सोनिया गांधी



नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा को खत्म करने से गांवों में रहने वाले करोड़ों लोगों पर बुरा असर पड़ेगा। मनरेगा खत्म होना सामूहिक नाकामी है। इसके खिलाफ सभी से एकजुट होना चाहिए। सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार झूठा दावा कर रही है कि रोजगार 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में बजट रोकी, तकनीकी मुश्किलें खड़ी की और मजदूरों को देर से पैसा देकर मनरेगा को कमजोर किया है। मनरेगा महात्मा गांधी के सर्वोदय यानि सबका कल्याण के विचार पर आधारित था। इसने काम के अधिकार को मजबूत किया है। संकट से बचने के

## मनरेगा खत्म होगा तो करोड़ों गरीब बेरोजगार होंगे

लिए ग्रामीणों के लिए बने इस रोजगार गारंटी कानून को बुलडोजर चलाकर खत्म कर दिया गया है। मनरेगा संविधान के अनुच्छेद 41 से प्रेरित था, जिसमें नागरिकों को काम का अधिकार देने की बात कही गई है। मोदी सरकार ने बिना चर्चा, बिना सलाह और संसद की प्रक्रिया का सम्मान किए बिना योजना को खत्म कर दिया। जबकि महात्मा गांधी का नाम हटाना तो सिर्फ शुरुआत थी, असल में पूरी योजना को ही खत्म कर दिया गया है। इस योजना का दायरा अब केंद्र सरकार की मर्जी से होगा। पहले जहां बजट की कोई सीमा नहीं थी। अब तय बजट होगा, जिससे राज्यों में काम के दिनों की संख्या सीमित हो जाएगी। इससे सालभर रोजगार की गारंटी खत्म हो जाएगी। मनरेगा की सबसे बड़ी सफलता थी कि इससे ग्रामीण गरीबों, खासकर भूमिहीन मजदूरों की सौदेबाजी की ताकत बढ़ी और मजदूरी में सुधार हुआ। नया कानून इस ताकत को कमजोर कर देगा। सरकार मजदूरों का पैसा बढ़ने से रोकना चाहती है, जबकि आजादी के बाद पहली बार कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़ा है।

## कानून को कमजोर किया जा रहा

सोनिया गांधी ने लिखा है कि काम का अधिकार खत्म करना संविधान पर लगातार हो रहे हमलों का हिस्सा है। वोट देने का अधिकार, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, वन अधिकार कानून और भूमि अधिग्रहण कानून को भी कमजोर किया गया है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि तीन कृषि कानूनों के जरिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी का अधिकार छीना गया और अब नेशनल फूड सिक्योरिटी कानून भी खतरे में है।

## के कविता बनाएंगी नई राजनीतिक पार्टी

हैदराबाद। भारतीय राष्ट्र समिति नेता के. कविता ने सोमवार को नई राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया। कविता पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। कविता ने कहा कि उनका संगठन तेलंगाना जागृति 2029 का विधानसभा चुनाव जरूर लड़ेगा। उन्होंने साफ किया कि वह अपने पिता की बनाई पार्टी बीआरएस में नहीं लौटेंगी। कविता ने कहा पार्टी का नाम क्या होगा यह अभी नहीं कहा जा सकता।

## पंजाब के पूर्व आईजी ने खुद को गोली मारी

**पटियाला/चंडीगढ़।** पंजाब के पटियाला में पूर्व आईजी अमर सिंह चहल ने घर में खुद को गोली मार ली। उन्होंने गोली सुरक्षाकर्मी के रिवॉल्वर से पेट में मारी। उन्हें पटियाला के पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने गोली मारने से पहले 12 पेज का सुसाइड नोट लिखा जिसमें 8.10 करोड़ रुपए के ऑनलाइन फ्रॉड का जिक्र है। उन्होंने कुछ लोगों से पैसे उधार लिए थे। चहल ने आगे लिखा कि परिवार को सुरक्षा दी जाए।

## सरकार को बिना बताए ऑब्जर्वर बना रहा है चुनाव आयोग: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में गंभीर गलतियां हुई हैं। वोटरों की मैपिंग में त्रुटियां हैं। चुनाव आयोग राज्य सरकार को बताए बिना ही ऑब्जर्वर अपॉइन्ट कर रहा है। यह पूरी प्रक्रिया बीजेपी के हित में की जा रही है। सोमवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में टीएमसी के बूथ लेवल एजेंटों की बैठक में पहुंची ममता ने कहा कि एसआईआर सुनवाई के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त केंद्रीय अधिकारियों को स्थानीय भाषा (बांग्ला) का बहुत कम ज्ञान है। ऐसे अधिकारी संशोधन अभ्यास के दूसरे फेज के दौरान वेरिफिकेशन करने के लिए अयोग्य हैं।



# धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर के लिए 197 करोड़ मंजूर

## बैतूल और धार में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन आज

भोपाल (स्वतंत्र मत)

डॉ. मोहन यादव सरकार की कैबिनेट बैठक सोमवार को संपन्न हुई। कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर के दूसरे चरण के निर्माण कार्यों की स्वीकृत के संबंध में कैबिनेट ने निर्णय लिया। इसके लिए 197 करोड़ की मंजूरी दी गई। इसमें कुलगुरु निवास, 12 मल्टी के क्वार्टर समेत अन्य निर्माण भी किए जाएंगे। इसी तरह बैतूल और धार में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन मंगलवार को होगा। बैठक में सीएम ने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ताओं को साधने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में बनने वाली सभी समितियों का गठन जल्द किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि है जिले में इसका गठन जल्द कराएं और जहां जरूरत हो वहां मनोनयन जल्द कराए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट में बताया कि इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो रेल बजट को भी मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा मोहन कैबिनेट आज इंदौर नगर के मध्य स्थित जामा मस्जिद के नमाजियों के लिए जमीन आवंटित करने के मामले में लाए गए प्रस्ताव डिफर कर वापस लौटा दिया है। कैबिनेट के एजेंडे में शामिल होने के बाद भी इस पर चर्चा नहीं की गई है। इस एजेंडे में दिग्विजय सरकार में 27 सितंबर 2003 को लिए गए फैसले पर पुनर्विचार को लेकर प्रस्ताव था। इसी एजेंडे में दिग्विजय सरकार में इंदौर के नागरिकों के लिए चिकित्सालय, वाचनालय, उद्यान, कम्युनिटी हॉल, विद्यालय बनाने के लिए जमीन आवंटन के मामले में चर्चा होनी थी जो टल गई।



### मप्र सरकार चलाएगी टोल नाके

कैबिनेट में लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव पर बड़वाह धामनोद मार्ग का फोरलेन हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर उन्नयन और निर्माण कार्य करने को मंजूरी दी गई। 63 किमी लंबे मार्ग में 2500 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। महेश्वर को भी इसके माध्यम से कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। एमपीआरडीसी इसका काम कराएगा। 900 करोड़ रुपए की राशि इसके निर्माण के लिए दी जाएगी। टोल नाके एमपी सरकार द्वारा संचालित होंगे। इसके बाद यहां 30 किमी की गति सीमा 100 किमी की गति सीमा हो जाएगी। बजट की सीमा होती है लेकिन विकास कार्यों की सीमा नहीं होती है।

### इन मुद्दों पर भी हुई चर्चा

- पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की निजी स्थापना में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ सत्येंद्र सिंह यादव की संविदा नियुक्ति का निर्णय लिया गया।
- ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग डिंडोरी के सब इंजीनियर डीएन सिंह का राज्य के बाहर उपचार कराने पर बिल भुगतान को लेकर निर्णय हुआ।
- विकासखंड अधिकारी और तत्कालीन सीईओ जनपद पंचायत बंडा सुरेंद्र खरे के रिटायरमेंट के बाद उनकी 15फीसदी पेंशन राशि अस्थाई रूप से 3 वर्ष के लिए वापस लिए जाने पर चर्चा हुई।
- सक्षम आंगनबाड़ी एवं आंगनबाड़ी सेवा योजना, निर्माण, पोषण अभियान, पूरक पोषण आहार कार्यक्रम व किशोरी बालिका योजनाओं को 2030-31 तक चालू रखने का निर्णय लिया गया।
- सुधीर कुमार पाठक सहायक वन संरक्षक और तत्कालीन उपवन मंडल अधिकारी अशोकनगर की पेंशन वापस लेने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।
- पीपीपी मोड पर धार, बैतूल में मेडिकल कालेजों का भूमिपूजन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा 23 दिसंबर को करेंगे।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ग्वालियर में दो लाख करोड़ के भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद रीवा में कृषि व किसान सम्मेलन में शामिल होंगे और गोवंश वन्य विहार का अवलोकन करेंगे।



# न्यूजीलैंड को भारतीय बाजार में बड़ी एंट्री

## भारत को जीरो ड्यूटी एक्सपोर्ट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड ने सोमवार को मुक्त व्यापार समझौते यानि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को अंतिम रूप देने की घोषणा की। दोनों देश वैश्विक व्यापार में बढ़ती अनिश्चितताओं और संरक्षणवाद के दौर में आर्थिक सहयोग को गहरा कर विकास को गति देना चाहते हैं। यह समझौता ऐसे समय पर हुआ है जब भारत अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे आयात शुल्कों के असर को कम करने के लिए अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने की रणनीति पर तेजी से काम कर रहा है। भारत की मुख्य वार्ताकार पेटल ढिल्लों ने बताया कि समझौते के कानूनी परीक्षण के बाद अगले वर्ष की पहली तिमाही में औपचारिक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। यह समझौता नौ महीने की बातचीत के बाद तय हुआ है। एफटीए के तहत भारत को अपने सभी उत्पादों के लिए न्यूजीलैंड में शून्य-शुल्क (जीरो ड्यूटी) निर्यात पहुंच मिलेगी। न्यूजीलैंड को भारत की लगभग 70 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर रियायत मिलेगी, जो कुल व्यापार मूल्य का करीब 95 प्रतिशत कवर करती है। वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया जाएगा और नियामकीय बाधाओं को कम किया जाएगा। भारत के वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, न्यूजीलैंड ने इस समझौते के तहत 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। हालांकि, भारत ने डेयरी उत्पाद जैसे दूध, क्रीम, व्हे, दही और चीज के साथ-साथ कुछ पशु एवं कृषि उत्पादों (बकरी का मांस, प्याज, बादाम आदि) को समझौते से बाहर रखा है। सरकार ने इसे 'घरेलू संवेदनशीलताओं' से जुड़ा फैसला बताया है।

# ऐसे राक्षसों को अंतिम सांस तक जेल में रखो

## हाईवे पर मां-बेटी से गैंगरेप करने वाले 5 को उम्रकैद

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में नेशनल हाईवे-91 पर परिवार को बंधक बनाकर मां-बेटी से गैंगरेप करने वाले 5 आरोपियों को उम्रकैद की सजा हुई है। पॉक्सो कोर्ट ने 9 साल 4 महीने और 22 दिन के बाद फैसला सुनाया। इस दौरान जज ओम प्रकाश वर्मा ने तल्ख टिप्पणी की। कहा- सभ्य समाज से राक्षसों से दूर रखा जाए। जब तक जिंदा रहें, इन्हें जेल में रखा जाए। पॉक्सो कोर्ट ने सभी आरोपियों पर 1.81-1.81 लाख जुर्माना भी लगाया। इसमें से आधा पैसा पीड़ित मां-बेटी को दिया जाएगा। सजा के बाद रेपिस्ट जुबैर ने चिल्ला-चिल्लाकर कहा- मैं निर्दोष हूं। मुझे झूठा फंसाया गया है। हाईकोर्ट में अपील करेंगे। यह वही जुबैर है, जिसने 20 दिसंबर को दोषी ठहराए जाने के बाद मीडियाकर्मियों को देखकर अपने हाथ हवा में लहराए थे, फिर मुस्कुराते हुए बोला- जियो राजा, मुझे फेमस कर दो। इसके बाद पुलिस उसे धक्का देकर आगे ले गई थी। मामला 2016 का है।



# 'मनरेगा' पर बुलडोजर, लोकतंत्र भी निशाने पर

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मनरेगा को लेकर मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ट्वीट कर आरोप लगाया कि सरकार ने बिना जनसंवाद, बिना संसद में चर्चा और बिना राज्यों की सहमति के मनरेगा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं दोनों पर बुलडोजर चला दिया है। उन्होंने इसे विकास नहीं, बल्कि विनाश करार देते हुए कहा कि इसकी कीमत करोड़ों मेहनतकश भारतीयों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर चुकानी पड़ेगी। राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के लेख का हवाला देते हुए लोगों से इसे पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि




यह लेख मनरेगा से जुड़े इस गंभीर मुद्दे के हर पहलू का पर्दाफाश करता है। राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को बिना ठीक से जांच पड़ताल किए संसद से पारित करवा दिया। राहुल गांधी ने मनरेगा की जगह लाए गए नए विधेयक 'विकसित भारत जी राम जी' को गांव विरोधी करार दिया। राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी के लक्ष्य साफ हैं- मजदूरों को कमजोर करना, ग्रामीण भारत, खासकर दलितों, ओबीसी और आदिवासियों की ताकत को कमजोर करना, सत्ता का केंद्रीकरण करना, और फिर नारों को सुधार के रूप में बेचना। कांग्रेस नेता ने कहा, मनरेगा दुनिया के सबसे सफल गरीबी उन्मूलन और सशक्तिकरण कार्यक्रमों में से एक था। हम इस सरकार को ग्रामीण गरीबों की आखिरी सुरक्षा पंक्ति को नष्ट नहीं करने देंगे। हम इस कदम को हराने के लिए मजदूरों, पंचायतों और राज्यों के साथ खड़े होंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए देशव्यापी मोर्चा बनाएंगे कि यह कानून वापस लिया जाए।

## 'साल के अंत की सेटलमेंट' और 'मिशन 2026' की तैयारी

# दिल्ली में तीन राज्यों के मुख्यमंत्री



नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र खत्म होते ही दिल्ली अब राज्यों की राजनीति का केंद्र बन गई है। एक तरफ जहां उत्तर और मध्य भारत के तीन अहम राज्यों- हिमाचल, बिहार और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी-अपनी फाइलों और मांगों के साथ दिल्ली पहुंचे हैं। ऊपर से यह महज संयोग लग सकता है, लेकिन अंदरखाने यह 'साल के अंत की सेटलमेंट' और 'मिशन 2026' की तैयारी है। जहां सीएम अपने राज्यों के लिए आर्थिक पैकेज और प्रोजेक्ट्स की मंजूरी चाहते हैं, वहीं लालू यादव की 'दौड़' स्वास्थ्य के साथ-साथ विपक्ष को एकजुट करने की नई रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है।

**1. हिमाचल प्रदेश**- हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा पूरी तरह से राज्य की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने पर केंद्रित है। सूत्रों के मुताबिक, वे प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री से मुलाकात कर 'विशेष आर्थिक पैकेज' की मांग करेंगे। इसके अलावा, सीएम का बड़ा एजेंडा 'ग्रीन बोनस' है। वे केंद्र से मांग कर रहे हैं कि हिमाचल वनों का संरक्षण कर देश को ऑक्सीजन दे रहा है, इसलिए उसे मुआवजे के तौर पर सालाना ग्रांट मिले।

**2. बिहार**- बिहार में हाल ही में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं और नई सरकार का गठन हुआ है। ऐसे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह दौरा बेहद अहम है। वे चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के लिए केंद्र से खजाना खोलने की अपील करने आए हैं। उनका मुख्य मकसद बिहार के लिए लंबे समय से लंबित 'विशेष राज्य के दर्जे' या उसके समतुल्य 'विशेष वित्तीय सहायता' पर मुहर लगवाना है।

**3. मध्य प्रदेश**- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पार्टी हाईकमान को अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड सौंपने और आगामी पंचायत/निकाय चुनावों की रणनीति पर चर्चा करने आए हैं। वे कृषि मंत्री से मिलकर सोयाबीन और गेहूं की एमएसपी और खाद की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहते हैं। दूसरा बड़ा कारण सीएम 2026 की शुरुआत में होने वाली 'इन्वेस्टर समिट' के लिए प्रधानमंत्री को न्योता देने आए हैं।

# अर्थव्यवस्था के साथ पर्यावरण भी बचाना है

## अरावली विवाद पर अब केन्द्र सरकार ने दी सफाई

नई दिल्ली

अरावली पर्वत श्रृंखला को लेकर चल रहे विवाद पर केंद्र सरकार ने साफ रुख अपनाया है। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि अरावली पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर जानबूझकर गलत जानकारी फैलाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार देश की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला के संरक्षण के लिए लगातार काम कर रही है और पर्यावरण तथा अर्थव्यवस्था दोनों को साथ लेकर चलने की नीति पर कायम है। भूपेन्द्र यादव ने कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को विस्तार से पढ़ा है। कोर्ट ने साफ कहा है कि दिल्ली, गुजरात और राजस्थान में फैली अरावली श्रृंखला का संरक्षण वैज्ञानिक आकलन के आधार पर किया जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा ग्रीन अरावली को बढ़ावा दिया है और इस फैसले से सरकार की संरक्षण नीति को समर्थन मिला है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि यह पहली बार है जब सरकार के ग्रीन मूवमेंट को इस स्तर पर मान्यता मिली है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केवल सीमित उद्देश्य के लिए एक तकनीकी समिति बनाई है, जिसका काम सिर्फ खनन से जुड़े पहलुओं की जांच करना है। इसका यह मतलब नहीं है कि अरावली में खनन को खुली छूट दी जा रही है।



### 100 मीटर नियम की व्याख्या

अरावली को लेकर सबसे ज्यादा भ्रम 100 मीटर नियम को लेकर है। भूपेन्द्र यादव ने साफ किया कि यह माप किसी पहाड़ी की ऊंचाई को ऊपर से नीचे तक नापने से जुड़ा है। उन्होंने दो टूक कहा कि एनसीआर क्षेत्र में किसी भी तरह का खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। नए खनन की अनुमति देने का सवाल ही नहीं उठता। मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पैरा 38 में स्पष्ट है कि किसी भी नई खनन लीज की अनुमति नहीं दी जाएगी, सिवाय बेहद जरूरी परिस्थितियों के। उन्होंने बताया कि अरावली क्षेत्र में 20 वन्यजीव अभयारण्य और चार टाइगर रिजर्व हैं, जो इसकी पर्यावरणीय अहमियत को दिखाते हैं। यही वजह है कि सरकार इसके संरक्षण को लेकर गंभीर है।

### कांग्रेस का विरोध

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर अरावली से जुड़ा नया आदेश लागू हुआ तो पूरे क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन बिगड़ जाएगा। उनके मुताबिक, अरावली पर्वत श्रृंखला थार मरुस्थल से आने वाली रेत को रोककर दिल्ली, हरियाणा और आसपास की खेती को बचाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अरावली से छेड़छाड़ करने वाला देश और क्षेत्र का दुश्मन माना जाएगा। इस बीच फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया ने चेतावनी दी है कि अरावली की करीब 10 हजार पहाड़ियों में खनन गतिविधियों से भारी नुकसान हो रहा है और इसे रोका जाना चाहिए।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में राज्य अंतरविश्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ






शहडोल (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में राज्य अंतरविश्वविद्यालयीन फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि जयसिंहनगर की विधायक मनीषा सिंह रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रियंम त्रिपाठी, गोपाल रत्नम, बंटी गुप्ता तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हेड एवं डायरेक्टर शारीरिक शिक्षा तथा आयोजक सचिव डॉ. आदर्श तिवारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मेजबान शहडोल टीम के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी 12 विश्वविद्यालयों की टीमों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। शारीरिक शिक्षण एवं खेल विभाग द्वारा एरोबिक्स, जुम्बा, योग तथा सेल्फ डिफेंस के प्रभावशाली प्रदर्शन ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुलगुरु प्रो. राम शंकर एवं विधायक मनीषा सिंह द्वारा विश्वविद्यालय ध्वजारोहण किया गया। कॉन्वेंट स्कूल के बैंड ग्रुप द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

शहडोल टीम के कप्तान रोहित सिंह ने सभी टीमों की ओर से खेल भावना की शपथ दिलाई। राष्ट्रगान के पश्चात अध्यक्ष की अनुमति से प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि विधायक मनीषा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व जैसे गुणों का विकास भी करते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि शहडोल जैसे क्षेत्र में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा और खेल संस्कृति को नई दिशा देगा। कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को अकादमिक उत्कृष्टता के साथ शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से सशक्त बनाना है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ आपसी सौहार्द और भाईचारे को भी मजबूत करती हैं। कुलगुरु ने सभी टीमों को शुभकामनाएँ देते हुए निष्पक्ष एवं खेल भावना से परिपूर्ण प्रतियोगिता की कामना की। उद्घाटन के पश्चात प्रतियोगिता का पहला मैच रानी अवंतीबाई विश्वविद्यालय, सागर एवं मेजबान पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की टीम ने 9.0 के शानदार अंतर से विजय प्राप्त कर अपना दबदबा कायम किया।

दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में इस जीत के साथ उत्साह और उमंग का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। दूसरा मैच महाराजा छत्रशाल विश्वविद्यालय छतरपुर एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के बीच खेला गया जिसमे 2 शून्य से जबलपुर विजयी रहा। राज्य अंतरविश्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता के इस भव्य शुभारंभ ने शहडोल को खेल मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई और आने वाले दिनों के रोमांचक मुकाबलों के लिए खेल प्रेमियों में उत्सुकता बढ़ा दी। कार्यक्रम में ,प्रो गीता सराफ, प्रो नीलिमा खरे, प्रो मनीषा तिवारी, प्रो अमित निगम, डॉ ममता प्रजापति, डॉ चेतना सिंह, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. बृजेंद्र पांडे, डॉ. गंगाधर ढोके, डॉ.अनिल गुप्ता, डॉ साडियां डॉ मुनीश नेगी, डॉ जितेंद्र सेन, डॉ प्रज्ञा यादव, डॉ.रजनी गौतम, डॉ एच एल मरावी, डॉ. संगीता मरावी, डॉ. दिलीप तिवारी, डॉ ज्योतिसिंह , डॉ मनीष तराम, डॉ सौरभ शिवा, डॉ, अजय सोनवानी, डॉ.संतोष पुरी, डॉ मुकेश सिंह, डॉ धनुषधारी सिंह डॉ लोकेश साहू, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. संजली गुप्ता, आकांक्षा, अजय पटेल, जितेंद्र सिंह, सरवन सिंह, आशीष, शुभ, मेघा, वीरेंद्र कुर्मी, आयुष द्विवेदी, मंजुला, संजय दास, अंभिशेक नामदेव, नितिन गर्ग, आदि के साथ सभी प्राध्यापक एवम छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों का बीमा शुरू

## 31 दिसंबर तक पंजीकरण

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी मौसम 2025-26 के लिए फसलों का बीमा पंजीकरण प्रारंभ हो गया है। जिले के इच्छुक कृषक 31 दिसंबर तक अपनी अधिसूचित रबी फसलों का बीमा करा सकते हैं। रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों के लिए बीमित राशि पर अधिकतम 15 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों द्वारा देय होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी। योजना के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले सभी किसान, जिनमें बटाईदार एवं काश्तकार भी शामिल हैं, फसल बीमा कवरेज के लिए पात्र हैं। योजना को सभी कृषकों के लिए स्वैच्छिक रखा गया है। रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों के लिए बीमित राशि पर अधिकतम 15 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों द्वारा देय होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी। योजना के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले सभी किसान, जिनमें बटाईदार एवं काश्तकार भी शामिल हैं, फसल बीमा कवरेज के लिए पात्र हैं। योजना को सभी कृषकों के लिए स्वैच्छिक रखा गया है।

अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले किसानों की फसलों का बीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जाएगा। जिले की समस्त सहकारी समितियों, प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थापित कॉमन सर्विस सेंटर, जिले के सभी बैंक, फसल बीमा पोर्टल एआईसी प्रतिनिधि एवं उर्वरक नगद विक्रय केंद्रों के माध्यम से करा सकते हैं।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, शहडोल से द्वारिका-सोमनाथ यात्रा के लिए 7 जनवरी तक आवेदन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से द्वारिका एवं सोमनाथ तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी एंटोनिया एक्का ने जानकारी दी कि इस यात्रा के लिए कुल 200 तीर्थ यात्रियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक ग्रामीण क्षेत्र के यात्री अपने ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित जनपद पंचायत में तथा नगरीय क्षेत्र के यात्री अपनी नगरीय निकाय में निर्धारित आवेदन पत्र के माध्यम से 7 जनवरी 2026 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों का चयन निर्धारित आरक्षित सीटों के आधार पर किया जाएगा।

# जिले में शीतलहर का कहर, घना कोहरा बना आफत, विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम

## जिले में शीतलहर का प्रकोप 2 डिग्री तक गिरा तापमान



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिले में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सोमवार सुबह जिलेभर में कोहरे की मोटी चादर छाई रही, जिससे सड़कों पर दिखाई देना मुश्किल हो गया। विजिबिलिटी घटकर 50 मीटर से भी कम दर्ज की गई, वहीं ग्रामीण इलाकों में सुबह 9 बजे तक भी कोहरा जस का तस बना रहा। पिछले दो दिनों से जिले का न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

ठंड के कारण सुबह के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। केवल जरूरी काम से निकलने वाले लोग ही घरों से बाहर दिखाई दिए। वाहन चालक हेडलाइट जलाकर बेहद धीमी गति से चलते नजर आए, जबकि लोग जगह-जगह अलाव तापते हुए ठंड से बचाव करते दिखे। घने कोहरे के चलते हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। हाल ही में शहडोल-बुढार मार्ग पर सोहागपुर थाने के सामने कोहरे के कारण एक कार अधूरे पुल पर चढ़ गई। चालक को सड़क का सही अंदाजा नहीं लग सका, हालांकि वाहन की गति कम होने से बड़ा हादसा टल गया।

## राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में सिविल सर्जन ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। विभिन्न खेल मैदानों में चल रही प्रतियोगिताओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं आम नागरिक पहुंच रहे हैं, जो खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। गांधी स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. शिल्पी सराफ ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ. सराफ ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं।

# कृषि महाविद्यालय खोलने हेतु बिसाहूलाल सिंह ने की पहल

## केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिख कर की विशेष पैकेज की मांग

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अनूपपुर विधायक बिसाहू लाल सिंह ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर उद्यमिता विकास हेतु विशेष पैकेज की मांग की है। श्री सिंह ने विकासात्मक दूरदर्शिता का एक बार फिर परिचय देते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान को पत्र लिख कर मांग की है कि म.प्र. और छत्तीसगढ़ के सीमा में अत्यंत पिछड़ा सीमावर्ती जिला अनूपपुर बसा हुआ है। जहाँ अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग व गरीब पिछड़े वर्ग के लोगों का निवास है। जिनका जीवन स्तर अभी भी प्राचीन काल से मिलता जुलता है। जिनके निवास के लिये आवास, भूमि, शिक्षा, कृषि संबंधित गतिविधियाँ, बुनियादी ढाँचा (सड़क, बिजली, पानी), स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा और उद्यमिता विकास का आभाव है। यहाँ कृषि उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देने के लिये कृषकों को सहायता, पशुपालन, मुर्गी पालन, कुटीर उद्योगों को बढ़ावा, ऋण (क्रेडिट) और विपणन (मार्केटिंग), सिंचाई, स्वच्छता पंचायत भवनों, सामुदायिक भवनों मार्केट शेडो का निर्माण, सामाजिक विकास के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, कमजोर वर्गो (एस.टी.एस.सी.अल्पसंख्यकों)



के लिये विशेष योजनाओं, आवास सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा (जी राम जी योजना) कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वरोजगार, उद्यमिता विकास, शासन और सहकारिता के विकास हेतु जिला अनूपपुर को भारत सरकार के विकासत्मक पटल पर सम्मिलित कराते हुए विशेष पैकेज दिलाकर विकास कराये जाने की आवश्यकता है। केन्द्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि म.प्र. व छ.ग. के सीमावर्ती अति पिछड़ा जनजाति बाहुल्य जिला अनूपपुर को उपरोक्तानुसार विकास और मूलभूत सुविधाओं का लाभ उत्तरोत्तर उन्नति हेतु भारत सरकार से विशेष पैकेज दिलाये जाने का अनुरोध है। इसके साथ ही उच्च कृषि शिक्षा हेतु बिसाहूलाल सिंह ने श्री चौहान का ध्यानाकर्षण किया है कि म.प्र. शासन में मुख्यमंत्री रहते हुए श्री चौहान द्वारा जिला अनूपपुर में ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में अनेकों ऐतिहासिक रचनात्मक कार्य किये गये है अनेकों गरीबी कल्याण योजनाएँ प्रारंभ की गई है। मध्यप्रदेश को कई बार कृषि के क्षेत्र कृषि कर्मण आवार्ड भी दिलाने का गौरव प्राप्त हैं किन्तु जनजातीय बाहुल्य शहडोल, डिण्डौरी व मण्डला अनूपपुर के मध्य निवास करने वाले गरीब अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के कृषकों के बच्चों को कृषि कार्य पर आधारित अत्याधुनिक शिक्षा आस-पास कृषि महाविद्यालय के नही होने से वंचित होना पड़ता है। गरीबी के कारण गरीब कृषक अपने बच्चों को बाहर भेजकर कृषि की शिक्षा प्रदान नहीं करा पाते है। यह क्षेत्र कृषि प्रधान व छत्तीसगढ़ से जुड़ा हुआ क्षेत्र है। जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है जिस कारण से जिला अनूपपुर में कृषि महाविद्यालय खोले जाने की विशेष आवश्यकता है। उन्होने निवेदन किया है कि अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़े वर्ग के कृषकों के बच्चों को अत्याधुनिक कृषि प्रणाली की शिक्षा दिलाये जाने हेतु जिला अनूपपुर में केन्द्रीय कृषि महाविद्यालय खोला जाए।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत : पिता की मौत, बेटा सहित तीन घायल

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडला रोड पर ग्राम रयपुरा स्कूल के समीप सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दो मोटरसाइकिलों की आमनेङ्कसामने टक्कर से हुआ, जिससे सड़क पर कुछ देर के लिए अफराङ्कतफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुदेश सिंह तेकाम (54 वर्ष), पिता जगत सिंह, निवासी ग्राम मुड़की अपनी बेटी को कन्या शिक्षा परिसर के छात्रावास लेने जा रहा था । मोटरसाइकिल पर उनके साथ उनका 9 वर्षीय पुत्र रुद्र सिंह भी सवार था। इसी दौरान दूसरी ओर से आ रही मोटरसाइकिल पर मनीष कुमार सोनवानी (35 वर्ष), पिता गोपाल दास, निवासी ग्राम इमलई अपनी मां रामकली सोनवानी (55 वर्ष) को लेकर डिंडौरी आ रहे थे। जैसे ही दोनों वाहन रयपुरा स्कूल के पास पहुंचे, अचानक अनियंत्रित होकर दोनों मोटरसाइकिलें आमनेङ्कसामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी



कि चारों सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय डिंडौरी पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने सुदेश सिंह तेकाम को मृत घोषित कर दिया। वहीं मनीष सोनवानी की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रामकली सोनवानी और बालक रुद्र सिंह का इलाज जिला चिकित्सालय में जारी है।

चिकित्सकों के अनुसार बालक रुद्र सिंह के पैर की हड्डी टूट गई है, जबकि रामकली सोनवानी को भी गंभीर चोटें आई हैं।घटना की सूचना मिलते ही मृतक व घायलों के परिजन बड़ी संख्या में जिला चिकित्सालय पहुंच गए, जहां माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## स्वराज्य क्लब बिजौरी की बॉलीवाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखवाया दम

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** स्वराज्य क्लब बिजौरी द्वारा ग्राम पंचायत रामगढ़, विकासखंड अमरपुर के अंतर्गत बिजौरी माल स्कूल टोला में विगत दिवस ओपन एवं ग्रामीण बॉलीवाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की टीमों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया।

ओपन बॉलीवाल प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पाइकर बिछिया टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 12 हजार रुपये नकद एवं शील्ड प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर रही मुड़की टीम को 7 हजार रुपये नकद एवं शील्ड, जबकि तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शहडोल टीम को 1500 रुपये नकद एवं शील्ड से सम्मानित किया गया।वहीं ग्रामीण बॉलीवाल प्रतियोगिता में भाखा टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर 6 हजार रुपये नकद एवं शील्ड प्राप्त की। द्वितीय स्थान पर रही बिजौरी सी टीम को 3 हजार रुपये नकद एवं शील्ड, तथा तृतीय स्थान पर रही बिजौरी ए टीम को 1 हजार रुपये नकद एवं शील्ड प्रदान की गई।

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने योजनाओं की प्रगति व विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने समय-सीमा प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इसी के साथ माह नवंबर 2025 में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को निराकरण करने में 85 प्रतिशत से अधिक निराकरण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिससे प्रदेश में डिंडौरी छटवें नंबर के वेन्टेज स्कोर पर रहा। इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग एस.के.शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहपुरा रीना राठौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डिंडौरी अमित तिवारी, तहसीलदार भरत सिंह बट्टे, नायब तहसीलदार सुन्दर लाल यादव, नायब तहसीलदार तेजलाल धुर्वे, कनिष्ट अभियंता समनापुर श्रीकांत सिंडे, सीईओ जनपद पंचायत अमरपुर लोकेश कुमार नरनोरे, सीईओ जनपद पंचायत डिंडौरी प्रमोद कुमार ओझा, आबकारी उपनिरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, सहायक प्रबंधक मनोज कुमार परते, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग रिषभ काकोड़िया, अग्रणी बैंक प्रबंधक रविशंकर, जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गौतम, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्रीकांत गुप्ता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समय-सीमा बैठक के दौरान संभागीय समन्वयक न्यूट्रीशियन इंटरनेशनल पवन मुगदल के द्वारा शासन के द्वारा वितरित किए जाने वाले खाद्य सामग्री में एनीमिया की पूर्ति हेतु उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से दिए जाने वाले नमक, चावल खाद्य पदार्थों में न्यूट्रीशियन की अधिक मात्रा होती है जिससे सभी लोगों के लिए लाभदायक है। अपनी पीपीटी के माध्यम से विस्तृत चर्चा की। जिसपर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देश दिए कि एनीमिया की कमी, एनीमिया लक्षण, एनीमिया की पूर्ति के उत्पाद, एनीमिया के बचाव को सभी स्कूल, छात्रावास, आश्रम, आंगनवाडी केन्द्रों में बैनर लगाने के निर्देश दिए ताकि छात्र-छात्राओं में एनीमिया के प्रति जागरूकता लाई जा सके।

कलेक्टर ने सीपी ग्राम एवं पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की



जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता की स्थिति, शासकीय एवं निजी स्कूलों में शौचालयों की नियमित साफ-सफाई, नगरीय क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति, आवंटन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही जिले में धान तथा कोदो-कुटकी उपार्जन की स्थिति, उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाएं एवं नरवाई प्रबंधन की कार्यवाही पर भी चर्चा की गई।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया, परख एप्लीकेशन के माध्यम से कर्मचारियों की उपस्थिति, स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की सूची की जानकारी ली। साथ ही छात्रावासों एवं आश्रमों में रह रहे विद्यार्थियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, भोजन, आवास एवं सुरक्षा संबंधी बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को बटवारा, सीमांकन, नामांतरण, फौतीनामा, राजस्व वसूली, ईकेवायसी सहित अन्य कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता, एनआरएलएम, खाद्य विभाग, आत्मा, स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग को अपनी विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं विकास कार्यों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने उद्योग प्रबंधक अधिकारी को जिले में 2 वर्ष से संचालित उद्योग, उत्पादक इकाईयां, उद्यम क्रांति योजना की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि सफल इकाईयां का मीडिया, विशेषज्ञ, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विजिट कर सफल इकाईयों की रिपोर्ट को शासन को प्रस्तुत की जाएगी।

कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी शनिवार 27 दिसंबर 2025 को होने वाले जनकल्याणकारी स्वास्थ्य एवं स्वरोजगार शिविर का आयोजन अमरपुर विकासखंड में किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में निवासरत आमजन को स्वास्थ्य एवं स्वरोजगार शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने हेतु शामिल होने की अपील की है।

बैठक में दुग्ध डेयरी, मुर्गी पालन, बकरी पालन जैसी आजीविका आधारित गतिविधियों, सांदीपनि विद्यालय भवन निर्माण, निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके अलावा जिले की यातायात व्यवस्था, शासकीय योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# बिना अनुमति न चले कोई ढाबा या होटल
# क्षतिग्रस्त पड़े स्कूलों के किचन का जल्द हो सुधार

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक, दिए निर्देश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे। फील्ड स्तर के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में सभी अधिकारियों को आवश्येक निर्देश देते हुए कहा कि जो दावे.आपत्ति हैं या जिनको नोटिस जारी होगा, संबंधित अधिकारी उनकी सुनवाई सभी विधानसभाओं में करना सुनिश्चित करें। प्रतिदिन की सुनवाई की फोटोग्राफी भी कराना सुनिश्चित करें। कल ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन भी होगा।

### धान उपार्जन की व्यवस्थाओं पर चर्चा

इसके साथ ही कहा कि 25 दिसम्बर को उद्योग व रोजगार वर्ष के संबंध में संभागीय मुख्यालय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम होटल कल्चुरी में नियत किया गया है, जिसमें रोजगार व स्व रोजगार से जुड़े हितग्राही तथा अमला शामिल होंगे। इसमें टू-वे कम्यूनिकेशन भी होगा। बैठक के दौरान टीएल में लंबित प्रकरणों का विभागवार समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। उन्होंने धान उपार्जन की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करते हुए खरीदी व भुगतान की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन व कार्यवाही, खाद्यान्न उठाव व वितरण पर भी चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न जगहों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण व विभिन्न विभागों में लंबित पत्रों के निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने शासकीय भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्कूलों में क्षतिग्रस्त किचन को सुधारें, रबी सिंचाई का लक्ष्या अनुसार कार्य करने के आदेश दिए। होटल, ढाबे इत्यांदि को भी चेक करें और बिना अनुमति के संचालित होना पाया जाता है तो आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### समिति गठन करने दिए निर्देश

कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह ने समस्त शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अन्तर्गत आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि जिस कार्यालय में दस या दस से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहा आंतरिक समिति का गठन अनिवार्यत: किया जाना है एवं जिन कार्यालयो में पहले से समिति गठित है और उसका कार्यकाल 3 वर्ष पूर्ण हो चुका है, उनका पुनर्गठन किया जाये।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि समिति के गठन में कर्मचारियों में से कार्यालय में वरिष्ठ पद पर कार्य करने वाली महिला पीठासीन होगी।

यदि वरिष्ठ पद पर महिला नहीं है तो उसी नियोक्ता के अन्य कार्यालय, इकाइयों, विभाग एवं कार्यस्थल से महिला कार्मचारी को नामित किया जायेगा। कर्मचारियों में से महिलाओं की समस्याओं के लिए प्रतिबद्धए सामाजिक कार्य अनुभव एवं कानूनी ज्ञान होना चाहिए।उन्हों ने निर्देश दिये कि किसी भी कार्यस्थल पर समिति गठित न होने की स्थिति में अधिनियम अनुसार नियोक्ता पर 50 हजार रूपये का जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान भी है।

# भक्तों का कल्याण करने अवतार लेते हैं भगवान : सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गणेश नगर कछपुरा मालगोदम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग के पश्चात भगवान श्री कृष्ण के जन्म की मनोहर झांकी देखकर सभी श्रोता भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करने लगे। जन्मोत्सव की खुशियों के बीच भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से समूचा क्षेत्र गूंज उठा। व्यास पीठ से कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हर युग में भगवान अधर्म एवं पापियों का नाश, धर्म का उत्थान एवं अपने भक्तों का कल्याण करने के लिए अवतार लेते हैं। पापियों का संहार करके अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। श्रीमद् भागवत महापुराण तथा व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान निशा वर्मा ने किया।



**भजनों पर झूमे श्रद्धालु**-कथा के दौरान श्री कृष्ण भगवान के प्रकट उत्सव पर भजन गायक शिवा विश्वकर्मा और शरद तिवारी ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। भजनों पर लोगों ने भक्ति भाव से नृत्य किया। भक्ति में झूम रहे भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई। श्रीकृष्ण प्रकट उत्सव की खुशियां मनाई। कथा में श्री कृष्ण भगवान का पूजन अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने संपन्न कराया। कथा में मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ-नेहा श्रीवास्तव, विपुल-राखी श्रीवास्तव, आकाश-शिखा श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे। कथा के दौरान शिवा विश्वकर्मा और शरद तिवारी ने भजनों की प्रस्तुति दी।

## नगर के संगीत कलाकारों ने चुने अपने प्रतिनिधि



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संस्कारधानी आर्टिस्ट ऑर्गेनाइजेशन जबलपुर के सभी सदस्यों ने 2025-26 एवं 2026- 27 (2 वर्षो ) के लिए सर्वसम्मति से अपने प्रतिनिधि चुने मैथ्यूस क्लेटन (अध्यक्ष), पप्पी साहू सहयोगी (उपाध्यक्ष), अमित परनामी (उपाध्यक्ष), जयप्रकाश गूजर (सचिव), गुलाम गौस (सह सचिव), सुश्री रितु दुबे (कोषाध्यक्ष), तिलक सिंह कश्यप (सह कोषाध्यक्ष), इसके अतिरिक्त पांचो जोनों के प्रतिनिधि आधारताल ज़ोन राकेश श्रीवास्तव , रांझी ज़ोन अमित पांडे, कांचघर ज़ोन बरखा तिवारी, गोरखपुर ज़ोन मकरंद वडनेरकर, गढा ज़ोन आशुतोष कटरहा, सांस्कृतिक प्रभारी नवनीत श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश गूजर, मनोज राज, अनिल श्रीवास्तव, विशेष सलाहकार गणेश स्वरुप विरहा, दिलीप कोरी, एन श्रीवास्तव संपूर्ण मीटिंग सफलता पूर्वक संपन्न कराने में संस्थापक रवि शर्मा का विशेष सहयोग रहा। आर्गेनाइजेशन के समस्त सदस्यों की उपस्थित मे पूरी मीटिंग व चुनाव सम्पन्न हुए ।

# श्रीलाल शुक्ल की जन्म शती पर केंद्रित व्यंग्य यात्रा के अंक का लोकार्पण

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

गत दिवस वर्ष 2025 को व्यंग्य को समर्पित पंजीकृत संस्था व्यंग्यम द्वारा रचना पाठ और आगामी वर्ष के लिए आयोजन और कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इसके तत्पश्चात प्रदीप शशांक ने राजनीति का चक्रव्यूह नरेश जैन ने नाम में क्या रखा है, रमेश सैनी ने सम्मान ले लो सम्मान, चंद्रशेखर विश्वकर्मा ने अल्फा ग्रह का यात्री, दिनेश अवस्थी ने उब और राजेश विश्वकर्मा ने मध्यान्ह भोजन सहित सभी उपस्थित साहित्यकारों ने अपनी नवीनतम रचनाओं का पाठ किया। इस अवसर पर हिंदी व्यंग्य का संक्रमण काल एवं श्रीलाल शुक्ल जन्म शती पर केंद्रित व्यंग्य यात्रा के नवीनतम अंक 85, संपादक प्रेम जनमेजय का लोकार्पण किया गया। इस अंक में भारतीय साहित्य अकादमी दिल्ली में रमेश सैनी द्वारा पढ़े गए व्यंग्य उपन्यासों पर केंद्रित व्यंग्य , नहीं विचारों का संक्रमण काल, आलेख प्रकाशित हुआ। गोष्ठी का संचालन रमेश सैनी और आभार प्रदर्शन चंद्रशेखर विश्वकर्मा ने किया।



## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आज

जबलपुर।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज मंगलवार को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के अवसर पर सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-7 में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर ज्योति परस्ते के अनुसार बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियों प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा उनके निराकरण के बाद मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

# प्रियांशु और सार्थक ने जीते गोल्ड मेडल

### 16वीं नेशनल डब्ल्यूएफएसकेओ ओपन कराटे चैम्पियनशिप

जबलपुर (स्वतंत्रमत)



राजधानी भोपाल में आयोजित 16वीं नेशनल डब्ल्यूएफएसकेओ ओपन कराटे चैम्पियनशिप में शहर के दो खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दो गोल्ड मैडल हासिल किए हैं। जानकारी अनुसार कैंटोमेंट मॉडल हाई स्कूल सदर में अध्ययनरत प्रियांशु बावरिया एवं आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 के छात्र सार्थक बावरिया ने 16वीं नेशनल डब्ल्यूएफएसकेओ ओपन कराटे प्रतियोगिता में दो गोल्ड मैडल जीतकर स्कूल और संस्कारधानी का नाम रौशन किया है। प्रियांशु अखिल भारतीय पासी समाज के जिला कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र बावरिया के सुपुत्र हैं। इस उपलब्धि पर स्कूल एवं अखिल भारतीय पासी समाज द्वारा दोनों के उज्वल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी हैं।

## फेडरेशन ने नवनियुक्त अधीक्षण अभियंतागणों से की भेट वार्ता



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन जबलपुर के पदाधिकारियो द्वारा नवनियुक्त अधीक्षण अभियंता खुशाल शिववशी, अधीक्षण अभियंता नीरज कुचया, कार्य पालन अभियंता नीरज परस्ते का स्वागत सौजन्य भेंट कर फेडरेशन के इतिहास और कमचारियों के हित में फेडरेशन द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा की। तथा शीघ्र कमचारियों की समस्यायों के समाधान के लिए बैठक आयोजित करने के लिए आग्रह किया। इस अवसर मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक, दिनेश दुबे, उमाशंकर दुबे, मोहित पटेल, मोहन श्रीवास, योगेश पटेल, दीपक सोनकर, अक्षय श्रीवास्तव,आर एस वर्मा, आदि बड़ी संख्या में फेडरेशन के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## मंशा स्वामी का निधन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** समाज सेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मंशा स्वामी उर्फ तम्बा स्वामी का 94 आयु में 22 दिसंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे निज निवास गोरखपुर मेनरोड से ग्वारीघाट लिए प्रस्थान करेगी।

## शराब के लिये रुपयों की मांग कर चाकू से हमला

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना क्षेत्रातंर्गतम उजारपुरवा में तीन असमाजिक तत्वों ने दो युवकों से शराब और सिगरेट के लिये रुपयों की मांग करते हुए उन पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे दोनों का सिर व चेहरे में गंभीर चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि उजारपुरवा निवासी 16 वर्षीय आदर्श सिंह ठाकुर बीती रात करीब साढ़े दस बजे अपने साथी मेघराज के साथ घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वे दुर्गा मंदिर के पास पहुंचे तो वहां पर रफीक खान, पियूष खटीक व प्रतीक केवट आग तापते हुए मिले। जिन्होंने मेघराज से शराब और सिगरेट पीने के लिये पांच सौ रुपयों की मांग शुरु कर दी। मेघराज के रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने चाकू व हाथ में पहने कड़े से हमला कर दिया।

# कोनी तीर्थ में आयोजित हुआ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का अधिवेशन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अंतर्गत महाकौशल विंध्य रीजन के समस्त ग्रुपों का अधिवेशन कोनी तीर्थ में आयोजित हुआ। कार्यक्र म के मुख्य अतिथि मनोहर झांझरी राष्ट्रीय अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि विनय जैन राष्ट्रीय महासचिव, अश्विन कासलीवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की उपस्थिति में प्रात: 8.30 बजे से साधना जैन ने अपने गायन से पूजन, अभिषेक संपन्न कराया। प्रात: 11.30 बजे जयपाल जैन अध्यक्ष सोशल ग्रुप पाटन ने ध्वजारोहण किया। फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. प्रदीप सिंह कासलीवाल को श्रद्धा के साथ माल्यार्पण किया गया। आदिनाथ भगवान के चित्र के समक्ष सौरभ सुमन जैन वरिष्ठ सदस्य सोशल ग्रुप शहपुरा एवं जबलपुर के समस्त जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्षों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इंदौर में आयोजित होने वाले युवक युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सानिध्य में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में महाकौशल विंध्य रीजन ने जो यह अधिवेशन किया गया सराहनीय है, यह किसी भी रीजन द्वारा प्रथम प्रयास है अन्य जो भी रीजन है उन्हें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने अपने वक्तव में आगामी 25 जनवरी को इंदौर में आयोजित होने वाले युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए अभिभावक प्रेरित करें। कार्यक्रम में पाटन, शहपुरा, कटनी, सतना, रीवा के अतिरिक्त जबलपुर नगर के मेन ग्रुप, नगर ग्रुप , संस्कारधानी ग्रुप, जाबालीपुरम ग्रुप, रांझी ग्रुप के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे । महाकौशल विंध्य रीजन के अध्यक्ष सीए मनोज साधना जैन, सचिव हेमंत सपना जैन, कोषाध्यक्ष सुनील चित्रा घीया ने अधिवेशन में शामिल सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का प्रथम चरण का संचालन नवीन मनीषा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन चित्रा घीया, संध्या कौशल, अनुपमा जैन, देवेश जैन ने किया।



## बोलेरों ने बाइक सवार वृद्ध को रौंदा, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** खमरिया थाना क्षेत्रातंर्गत वेस्टलेंड पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराकर रोड पर पहुंचे एक 65 वर्षीय वृद्ध को तेज रफ्तार बुलेरों चालक ने रौंद दिया। जिससे वृद्ध को गंभीर चोटे आई और उसकी मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस को तिघरा अमरीक कालोनी निवासी 35 वर्षीय संदीप दाहिया ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उसके पिता 65 वर्षीय पुरुषोत्तम दाहिया अपनी होण्डा मोटर साइकिल से रांझी जाने का कहकर निकले थे। जैसे ही वे वेस्टलेंड पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराकर रोड की ओर आ रहे थे, उसी समय रांझी की ओर से आ रहीं तेज रफ्तार बुलेरों क्रमांक एमपी 20 जेड एम 1147 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे आई चोटों के कारण पुरुषोत्तम दाहिया की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये बुलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड एम 1147 के चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया।

# खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देकर बनाते हैं लक्ष्य के प्रति समर्पित: विधायक अजय विश्नोई

### तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं का हुआ समापन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रतियोगिताओं का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री अजय विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह का मुख्य आकर्षण विधायक अजय विश्नोई द्वारा हाथ में मशाल लेकर दौड़ लगाना रहा, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में जोश भर गया। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ,उपाध्यक्ष देवकुमार यादव,प्राचार्य चरण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलकूद से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, समर्पण और टीम भावना भी विकसित होती है। मुख्य अतिथि अजय विश्नोई ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का खिलाड़ी ही कल देश और समाज का नाम रोशन करेगा। विधायक विश्नोई ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राकेश सिंह ,उदयभान सिंह,एड देवेंद्र यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष देव कुमार यादव,पंडित कैलाश पाठक, गजेंद्र सिंह, एड राघवेंद्र यादव,मोनू सिंह, आनंद मोहन पालहा,दीपक जैन,सरपंच निर्दोश राव, डॉ चिंतन बबेले, मधु यादव, रामशरण लोधी, राजेंद्र राठौर, सत्यम मेहरा, उप प्राचार्य सुजीत सिंह, नीरज पटेल,जशपाल सिंह, ब्रजेश विश्वकर्मा, अनिल पटेल, हेमन्त शर्मा, प्रताप नामदेव,देवीदीन पटेल, सीताराम सिंह, महेंद्र चौबे धनंजय प्यासी, विवेक कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# रंजिश के कारण हुई थी पवन की हत्या

## पवन की हत्या के विरोध में परिजनों ने किया प्रदर्शन, आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें




जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

माढ़ोताल थाना क्षेत्रातंर्गत दीनदयाल चौराहा पर आटो चालक युवक पवन अहिरवार की हुई हत्या से गुस्साए परिजनों ने शव रखकर तिराहे पर प्रदर्शन किया। लोगों ने सड़क पर बेरीकेट्स लगाकर दोनों ओर से रास्ता बंद कर दिया था। प्रदर्शन की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने गुस्साए लोगों से चर्चा कर समझाईश दी, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

गौरतलब है कि दीनदयाल चौक पर ऑटो चालक पवन अहिरवार की मामूली बात पर रोहित पाल ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। दिन-दहाड़े हुए घटनाक्रम से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी की तलाश शुरु कर दी।

### पुराने विवाद में गई जान

गौरतलब है कि यह हत्या कोई अचानक हुआ विवाद नहीं, बल्कि एक माह पुराने पारिवारिक झगड़े का नतीजा बताई जा रही है। मृतक पवन अहिरवार और आरोपी रोहित पाल दोनों माढ़ोताल थाना क्षेत्र के राजीव गांधी नगर के रहने वाले हैं और पड़ोसी हैं। करीब एक महीने पहले पवन का ई-रिक्शा रोहित के घर के दरवाजे से टकरा गया था। इस बात को लेकर दोनों की पत्नियों के बीच जमकर बहस हुई थी, जिसे उस समय पड़ोसियों ने शांत करवा दिया था। तभी से दोनों के बीच मनमुटाव और दुश्मनी पनपने लगी थी। इसके बाद भी दोनों के बीच एक-दो बार विवाद हो चुका था।

### जानबूझकर टकरा दी बाइक

रविवार शाम आईएसबीटी बस स्टैंड जैसे अत्यंत व्यस्त चौराहे पर पवन अहिरवार ई-रिक्शा लेकर खड़ा था। इसी दौरान आरोपी रोहित पाल वहां पहुंचा। बताया जा रहा है कि रोहित पहले से ही वारदात की नीयत से घर से चाकू लेकर निकला था। उसने जानबूझकर अपनी एक्सिस बाइक पवन के ई-रिक्शा से टकरा दी। मामूली टक्कर के बाद गाली-गलौज शुरू हो गई। पवन ने रिक्शा में सवार यात्रियों का हवाला देकर विवाद शांत कराने की कोशिश की, लेकिन इससे पहले ही रोहित ने चाकू निकालकर पवन के गले पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।जिससे उसकी मौत हो गई थी।

# धान खरीदी में समिति को राशि कम-खर्च अधिक

## सेवा सहकारी समितियों पड़ रहा आर्थिक भार अधिक, राशि बढ़ाने की मांग

पंकज डहरवाल, ब्यूरो



बालाघाट(स्वतंत्र मत)। किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 185 केंद्रो पर समर्थन मूल्य पर सेवा सहाकरी समितियों के माध्यम से धान की खरीदी की जा रही हैं। इस वर्ष जिला विपणन विभाग, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित बालाघाट के द्वारा ट्रक लोडिंग चार्ज और प्रासंगिक व्यय का खर्च बहुत ही कम दे रहीं है जबकि उन्हे खर्च अधिक हो रहा हैं और तो और यह खर्च समिति की आय में गिरावट ला रहीं है। ऐसे में समिति के कर्मी परेशान है और अधिक व्यय होने पर राशि समिती से ही खर्च करनी पड़ रहीं है।

जानकारी अनुसार, जिला विपणन अधिकारी, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित बालाघाट के द्वारा जिले भर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य चल रहा हैं। इस कार्य में समिति के कर्मचारी को केन्द्र प्रभारी बनाया गया हैं, और यह धान खरीदी करने के बाद राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के द्वारा ट्रक लोडिंग चार्ज और प्रासंगिक व्यय की राशि दी जाती है लेकिन धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों ने बताया कि स्टेशनरी, टेंग, सिलाई, अस्थाई थप्पीं, बोरो पर छपाई, सुतली, डेकोरेशन, मेडिकल किट सहित अतिरिक्त कर्मचारियों, तौल-कांटो, कम्प्यूटर के अलावा और भी अन्य कार्य करने पर हमें करीब बत्तीस रूपये दिया जाता हैं और केप में खरीदी पर तो और भी कम राशि दी जाती है लेकिन इन्ही प्रति क्विटल में 35 से 40 रूपये का खर्च हो जाता हैं, ऐसे में हम लोगों के सामने परेशानी आ जाती हैं। वहीं प्रशासन के द्वारा यह भी कहा जाता हैं कि अधिक व्यय होने पर समिति ही जिम्मेदार रहेगीं, यह व्यवस्था समिति द्वारा ही सुनिश्चित की जाएगी। बावजूद उसके भी समिति, प्रबंधक, पर्वेक्षक, खरीदी प्रभारी को पेरशान किया जा रहा है, ऐसे में बेबस कर्मचारी करे तो क्या करें। इधर, जिला प्रशासन ने किसानों से कहा गया है कि शासन की उपार्जन नीति के अनुसार एफएक्यू गुणवत्ता का धान ही समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। अत: वे अपनी धान को अच्छी तरह से साफ कर एवं सुखाकर ही विक्रय के लिए लाए।

### समिति को आर्थिक भार अधिक

प्रदेश सरकार के द्वारा सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से धान की खरीदी समर्थन मुल्य पर की जा रहीं है। जिसमें समिति को व्यय के रूप में प्रसांगिक, कमीशन के रूप में राशि दी जाती हैं, लेकिन जिस तरह से महंगाई बड़ी हैं और फिर मजदूरों की मजदूरी में भी बड़ोतरी हुई हैं वैसे में व्यय राशि के बजाये अधिक भार समितियों पर पड़ता दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहें हैं कि समिति को मिलने वाला कमिशन की राशि से ही आय बड़ती है लेकिन खर्च के बड़ते बिल और प्रशासन की चेतावनी समिति को लाचार कर रहीं है। इसलिए तो कहा जाता हैं कि समिति लगातार घाटे में जा रहीं हैं। शासन से समिति ने मांग कि हैं कि व्यय की राशि को बड़ाया जाये।

### इनका कहना हैं

केप में धान खरीदी के लिए शासन से कमीशन और प्रसंगिक व्यय की राशि को बड़ाया जाये, क्योंकि जो राशि दी जा रहीं हैं उसमें स्टेशनरी से लेकर स्टेकिंग करने और ट्रक लोडिंग का खर्च होता हैं, ऐसे में हमे प्रतिक्विटल खरीदी पर अतिरिक्त व्यय उठाना पड़ रहा है।

**मिथलेश ठकरेले,**
**खरीदी केन्द्र प्रभारी, लड़सड़ा**

शासन के आदेशानुसार समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी की जाती हैं, जिसमें शासन की ओर से प्रांसगिक, ट्रक लोडिग सहित अन्य खर्च के लिए राशि दी जाती हैं लेकिन वह राशि और कमिशन की राशि से भी अधिक का खर्च होने पर समिति की राशि पर भी असर आ जाता है। ऐसे में समिति की आय बड़ने के बजाए घटने लगी है, प्रशासन अगर राशि को बड़ा दे तो इसका असर समिति के ऊपर नहीं आयेगा।

**खुमेन्द्र चौधरी**
**प्रभारी प्रबंधक, मेड़की**

यह कि समिति को अतिरिक्त आर्थिक भार होने का मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया हैं। वैसे तो इस वर्ष राशि में बड़ोतरी करने की बात सामने आ रहीं है।

**अभिनव सिंह बघेल, सीईओ**
**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट**

# चिचगांव में विधायक ने किया फुले दंपति प्रतिमा का अनावरण



कटंगी(स्वतंत्र मत)

कटंगी विकासखंड के ग्राम चिचगांव में मरार माली समाज द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री फुले जी की प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया गया। साथ ही सामुदायिक कक्ष का भूमि पूजन एवं एकदिवसीय मेले का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य केशर बिसेन, ग्राम सरपंच अरविंद खरे, उपसरपंच निर्दोष गाड़ेकर सहित समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। आयोजन में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर समाज को नई दिशा दी। माता सावित्री फुले ने नारी शिक्षा की अलख जगाकर सामाजिक बदलाव की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि यदि हम वास्तव में महात्मा फुले को अपना आदर्श मानते हैं, तो शिक्षा को अपने जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाना होगा। विधायक पारधी ने उपस्थित नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में वे क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसे उनके संज्ञान में लाने का आग्रह भी उन्होंने किया। जिला पंचायत सदस्य केशर बिसेन ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि फुले दंपति के विचार आज भी समाज को दिशा दिखाने वाले हैं। उन्होंने क्षेत्र में विकास और सामाजिक कार्यों के लिए विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में सकारात्मक कार्य हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने आयोजन के लिए मरार माली समाज एवं ग्रामवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में विवेकानंद हरदे, गजानंद हरदे, योगेंद्र मातरे, लोकेंद्र सिंह मातरे, महेंद्र बाहेश्वर, नंदकिशोर ठाकरे, राजेश्वरी नागेश्वर, राजकुमार देवाहे, रूपेंद्र खरे, शैलेंद्र मातरे, तिलक सिंह खरे, दुर्गा खरे, फकीरचंद हाडेकर, हुकूम मातरे, रविंद्र खरे सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में समाजजनों एवं ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# समर्थन मूल्य पर किसानों से 28.98 लाख क्विंटल धान की खरीदी

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में 185 खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। 22 दिसंबर की शाम तक जिले के 60 हजार 931 किसानों से 28 लाख 98 हजार 420 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसकी कुल कीमत 686 करोड़ 63 लाख 56 हजार 980 रुपए है। किसानों को अब तक 267 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

जिला आपूर्ति अधिकारी आर.के. ठाकुर ने बताया कि जिले में खरीदे गए धान में से 20 लाख 47 हजार 887 क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में भंडारण किया जा चुका है। गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्रों पर धान विक्रय करने वाले किसानों को 03 दिनों के भीतर भुगतान किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 08 हजार 870 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि गोदाम स्तरीय केंद्रों पर धान विक्रय करने वाले किसानों के भुगतान आदेश जेआईटी पोर्टल पर शीघ्रता से पहुंच जाते हैं, जिससे राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा हो रही है। वहीं समिति स्तरीय खरीदी केंद्रों पर धान विक्रय करने वाले किसानों को भुगतान के लिए कुछ दिनों की प्रतीक्षा करनी पड़ रही है, क्योंकि समिति स्तर से गोदाम में धान पहुंचने के बाद ही भुगतान प्रक्रिया प्रारंभ होती है। इसके विपरीत, गोदाम स्तरीय केंद्रों पर धान विक्रय के साथ ही भुगतान प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 1 लाख 30 हजार 37 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिन खरीदी केंद्रों पर अधिक मात्रा में धान की खरीदी हो रही है, वहां कड़ी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही खरीदी केंद्रों से धान का शीघ्र उठाव कर उसे समय पर गोदामों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था की गई है। किसानों से अपील की गई है कि शासन की उपार्जन नीति के अनुसार केवल एफ.एक्यू. (उचित गुणवत्ता) का धान ही समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। अत: किसान अपनी धान को अच्छी तरह साफ एवं सुखाकर ही विक्रय हेतु खरीदी केंद्रों पर लाएं।

## आदर्श कॉलेज में गणित दिवस एवं करियर मार्गदर्शन के कार्यक्रम आयोजित

**उमरिया।** गणित जीवन के प्रत्येक कार्य में महत्वपूर्ण है। गणित के बिना जीवन अत्यंत कठिन हो जाएगा ,जीवन को सरलतम बनाए रखने के लिए गणित का उपयोग आवश्यक है। उपरोक्त विचार राष्ट्रीय गणित दिवस पर शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित परिचर्चा में व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ परमेश्वर सिंह मरावी,गणित विभाग के डॉ हरेंद्र कुमार ,हरीश शुक्ला एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के डॉ राजीव तिवारी, डॉ रूपलता, श्रीमती किरण भारती , के संयुक्त तत्वावधान में गणित विषय का अन्य स्नातक विषयों में महत्व एवं जीवन में उपयोगिता विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

# 05 सरपंचों एवं 01 पंच के निर्वाचन के लिए 29 दिसम्बर को होगा मतदान

## 22 पंच निर्विरोध निर्वाचित, 19 के लिए कोई नामांकन नही

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन (उत्तरार्द्व)- 2025 के अंतर्गत बालाघाट जिले में 05 सरपंचों एवं 01 पंच के निर्वाचन के लिए 29 दिसम्बर को मतदान कराया जाएगा। बालाघाट जिले की बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत पल्हेरा, वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत झालीवाड़ा, खैरलांजी विकासखंड की ग्राम पंचायत कचेखनी, लालबर्रा विकासखंड की ग्राम पंचायत रमपुरी एवं परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत उकवा में सरपंच के रिक्त पद एवं विकासखंड बालाघाट की ग्राम पंचायत भरवेली में वार्ड क्रमांक 03 में पंच पद के लिए मतदान कराया जा रहा हैं।

पंचायत उप निर्वाचन के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले की 05 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं 42 पंचो के निर्वाचन के लिए 15 दिसम्बर तक नाम निर्देशन पत्र जमा करायी गई है। 18 दिसम्बर को नाम वापसी के बाद शेष बचे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गए है। सरपंच पद के लिए विकासखंड वारासिवनी की ग्राम पंचायत झालीवाडा में 02 प्रत्याशी, विकासखंड परसवाडा की ग्राम पंचायत उकवा में 04 प्रत्याशी, विकासखंड खैरलांजी की ग्राम पंचायत कचेखनी में 03 प्रत्याशी, विकासखंड लालबर्रा की ग्राम पंचायत रमपुरी में 03 प्रत्याशी एवं विकासखंड बिरसा की ग्राम पंचायत पल्हेरा में 02 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इस प्रकार 05 पंचायतों में सरपंच के लिए कुल 14 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे है।

जिले की पंचायतो में 42 पंचों के निर्वाचन के लिए निर्धारित समय सीमा में 19 पंचो के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नही किया है। जबकि 22 पंचो के लिए मात्र 01-01 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने के कारण उनका निर्वाचन निर्विरोध हो गया है। विकासखंड बालाघाट की ग्राम पंचायत भरवेली में वार्ड क्रमांक 03 के लिये पंच पद के 03 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

इस प्रकार 29 दिसम्बर को 05 सरपंच एवं 01 पंच के निर्वाचन के लिए निर्धारित मतदान केंद्रो पर प्रात: 07 बजे अपरान्ह 03 बजे तक मतदान कराया जाएगा। सरपंच के रिक्त पदो का निर्वाचन ईव्हीएम मशीनों द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार कराया जायेगा एवं पंच पद के निर्वाचन की प्रक्रिया बैलेट पेपर से ही सम्पन्न होगी। पंच पद के परिणाम की घोषण मतदान के तुरंत पश्चात की जायेगी। सरपंच पद के निर्वाचन के परिणाम की घोषणा दिनांक 02 जनवरी 2026 को की जायेगी।

ईव्हीएम से होने वाले सरपंच के निर्वाचन के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीएस धुर्वे, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रत्याशियों की उपस्थिति में 20 दिसम्बर को ईव्हीएम का रेंडमाईजेशन कर लिया गया है।

## अभ्युदय विकास और सेवा के 2 वर्ष पूर्ण होने पर मानपुर में विधानसभा सम्मेलन आज

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के अभ्युदय विकास और सेवा के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर विधानसभा मानपुर विधानसभा का सम्मेलन आज 23 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से प्रगति मैदान मानपुर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा उपाध्यक्ष और एसाईआर प्रभारी सुमित गौतम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सरकार के 2 वर्षो के दौरान विकास कार्य और योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसी के साथ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मजयंती के अवसर पर सुशाशन दिवस मनाए जाने को लेकर चर्चा की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में मानपुर विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक सुश्री मीना सिंह, शहडोल संभाग के संगठन प्रभारी गौरव सिरोठिया, उमरिया जिले के एस आई आर प्रभारी कमल प्रताप सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा समस्त मंडल अध्यक्ष, मानपुर विधानसभा में निवासरत समस्त वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बीएलए-1 और समस्त बीएलए-2, जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष - उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष -उपाध्यक्ष, नगर परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधू उपस्थित रहेंगे।

# सेन्टल एकेडमी में हुआ खेल वार्षिकोत्सव लक्ष्य 2025-26 का उद्घाटन समारोह

उमरिया (स्वतंत्रमत)



सोमवार 22 दिसंबर को सेन्ट्रल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल बड़ेरी में तीन-दिवसीय खेल वार्षिकोत्सव लक्ष्य 2025-26 का उद्घाटन समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री आशुतोष अग्रवाल जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उमरिया के द्वारा विद्यालय ध्वज फहराने के साथ हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री व्ही, एस, चन्देल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया ने कार्यक्रम को विशिष्टता प्रदान की। कार्यकम में ज्ञानेन्द्र सिंह गहरवार, उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन तथा पूजन अर्चन के बाद विद्यालय की प्राचार्या सोनिया मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि महोदय का स्वागत कर परिचय प्रस्तुत किया गया तथा विद्यालय के समन्वयक श्री समीर बनर्जी और मैनेजर श्री हिंमाशु तिवारी ने अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यकम में छात्रो ने कई सांस्कृतिक झलकियां एवं नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के छात्रों की चार टुकड़ी आजाद हाउस, गाँधी हाउस, नेहरू हाउस और सुभाष हाउस द्वारा शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि महोदय को सलामी दी गई तत्पश्चात विद्यालय की हेड गर्ल्स कृति शुक्ला ने सभी खिलाड़ियों को खिलाड़ी भावना से खेलने हेतु शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर विद्यालय के स्पोर्ट वाइस कैप्टन प्रियांशु सचदेव को सौंपी गई जिसने पुरे मैदान में मशाल दौड़ की।

मुख्य अतिथि ने छात्रों को प्रेरणा देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज आवाश्यकता है, कि हम सब मिलकर ऐसे ऊर्जावान तथा राष्ट्रभक्त युवाओं का निर्माण करें जो देश को विश्वगुरू के पद पर आसीन कर सके उन्होने छात्रों को इस खेल समारोह में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, एकता तथा सम्मान पूर्वक खेलों में प्रतिभागी होने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की प्राचार्या सोनिया मिश्रा ने मुख्य अतिथि महोदय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि खेल हमें सिखाता है, कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है। इसलिए मेरा अभिभावकों से भी विशेष आग्रह है, कि कृपया आप सब अपने बच्चे के खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहे।

# उमरिया में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप, जनजीवन प्रभावित

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिले में इन दोनों कड़ाके की ठंड घना कोहरा देखा जा रहा है दिन की शीत लहर और रात में कड़ाके की ठंड पड़ने से आमजन जीवन प्रभावित हो रहा है। सोमवार की अल सुबह कोहरा इतना घाना रहा की सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो गई थी कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई सुबह वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ रहा था। कोहरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई थी।सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और किसानों को काफी दिक्कतें हो रही है। ठंड के प्रकोप के कारण शाम 8 बजे से शहर के बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है लोग जरूरी काम होने पर ही रात के समय घरों से निकल रहे हैं। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं और गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। डॉक्टरों का कहना है की इस मौसम में बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरसाने की जरूरत है। ठंड के कारण सर्दी खांसी बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता है लोगों को गर्म कपड़े पहने और ठंड ठंडे वातावरण से बचने की सलाह दी जा रही है। बताते चलें कि सुबह के 10 बजे भी शहर में कोहरे का असर बना रहा। स्थिति यह रही कि 10 मीटर दूर खड़ा वाहन या कोई अन्य वस्तु भी साफ दिखाई नहीं दे रही थी। दृश्यता (विजिबिलिटी) घटकर महज 5 मीटर तक सिमट गई, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।घने कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रमुख सड़कों पर वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी हो गई। कई स्थानों पर वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर चलना पड़ा। कोहरे की वजह से एक यात्री को करीब 20 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग 2 घंटे का समय लग गया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोहरे का असर यातायात व्यवस्था पर कितना गंभीर रहा।उमरिया से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों पर भी कोहरे का असर साफ दिखाई दिया। कुछ ट्रेनें देरी से अपने गंतव्य पर पहुंचीं, जबकि यात्रियों को ठंड और इंतजार की दोहरी मार झेलनी पड़ी। रेलवे स्टेशन पर भी कोहरे और ठंड के चलते यात्री अलाव के सहारे समय बिताते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार उमरिया जिले में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जिससे ठंड और अधिक बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग सुबह-शाम अलाव जलाकर राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं।

# धान खरीदी केंद्र बड़ेरी में भारी अनियमितता, किसानों की लगी भीड़..!

उमरिया (स्वतंत्रमत)

धान खरीदी केंद्र में किसानों के साथ धांधली के आरोप सामने आए हैं। सेवा सहकारी समिति मर्या.ददरौडी केंद्र बरबसपुर जिसकी खरीदी अन्नपूर्णा वेयर हाउस बड़ेरी में की जा रही हैं। किसानों को अनियमित तौल के जरिए नुकसान पहुंचाया जा रहा है. समिति प्रबंधक द्वारा शासन की गाइडलाइन्स की अनदेखी कर धान की तौल में भारी गड़बड़ी की जा रही है.

प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार जूट के बोरे में धान की तौल 40 किलो 600 ग्राम होनी चाहिए, लेकिन समिति प्रबंधक की मनमानी के चलते 41 किलो तक तौल की जा रही है। यह स्थिति किसानों की जेब पर सीधा असर डाल रही है। विरोध करने पर किसानों को तौल ना करने की धमकी दी जाती है और कहा जाता है कि धान बेचना है तो प्रबंधक के नियमों का पालन करना होगा।

सोमवार 22 दिसंबर को सैकड़ों किसान ट्रैक्टर में धान लेकर पहुंचे थे जिससे अफरा तफरी का माहौल नजर आया। सर्वेयर नदारद दिखे और किसानों से ट्रैक्टर से सीधे धान पलटी की जा रही थी। सर्वेयर नजर आया न कोई धान की नमी और क्वालिटी देखने वाला था। एकदम भरेशाही नजर आई। धान कौन पास कर रहा है कौन क्वालिटी चेक रहा कुछ पता नही सब मनमाने तरीके से खरीददारी देखने को मिली और अन्नदाता परेशान दिखे। धान खरीदी में सर्वेयरों की गैरमौजूदगी और अनियमितताओं की खबरें आ रही हैं, जहाँ अधिकारी-कर्मचारी मिलीभगत से बिना रिकॉर्ड के धान खरीदकर उसे कालाबाजारी के लिए बेच रहे हैं और किसानों के नाम पर अवैध लेन-देन कर रहे हैं, जिसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए धान जब्त किया है और सख्त निर्देश जारी किए हैं, लेकिन यह दर्शाता है कि पारदर्शिता और नियमों का पालन ठीक से नहीं हो रहा है।

***मुख्य अनियमितताएं***- सर्वेयरों की अनुपस्थिति में तौल और गुणवत्ता की जांच नहीं हो पा रही है, जिससे घालमेल का मौका मिल रहा है। बिना रिकॉर्ड के या गैर-पंजीकृत किसानों से धान खरीदकर उसे बाद में बेचा जा रहा है। खरीदी केंद्र पर भारी मात्रा में धान मिलने पर भी उसका कोई वैध रिकॉर्ड नहीं मिलता, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका। धान को सीधे पलटा (अवैध रूप से बेचना..कालाबाजारी करना) जा रहा है, जिससे किसानों को सही दाम नहीं मिल पाता और सरकारी राजस्व का नुकसान होता है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् उमरिया जिला उमरिया (म.प्र.)**

क्रमांक/4468/वि.शा./न पा/2025 उमरिया, दिनांक 15.12.25

**प्रथम GEM बिड आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा पंजीकृत फर्म/संस्था/ठेकेदारों सूचित किया जाता है कि सूची में वर्णित कार्यों के लिए GEM बिड आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | GEM बिड क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत (GST सहित) | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | GEM/2025/B/6995073 | Providing and supplying L.E.D. Flood Light | 698636.7 | 27/12/2025 |

1 निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेबसाईड (GEM portal) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व KEY DATE में देखी जा सकती है।
3 निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईड में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद उमरिया, जिला-उमरिया (म.प्र.)**

# जन्मदिन का यह आयोजन संगठनात्मक एकता और समर्पण का जीवंत उदाहरण बनकर आया सामने, भाजपा जिला अध्यक्ष ने व्यक्त किया आभार

मण्डला(स्वतंत्रमत)

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा का जन्मदिन सोमवार को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। जिलेभर से भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं शुभचिंतक उनसे मिलने पहुंचे किसी ने माला पहनाई तो किसी ने शॉल श्रीफल से अभिवादन किया। जन्मदिन के अवसर पर हिरदेनगर स्थित मां छपरा दाई मंदिर में पूजन अर्चन के साथ जश गायन का आयोजन हुआ और यहां पर महाप्रसादी का आयोजन करते हुए जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने माता के चरणों में शीश नवाकर जिले की सुख-समृद्धि, शांति एवं विकास कामना की। पूजन-अर्चन के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आमजन ने सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न मंडलों से भाजपा कार्यकर्ता संगठित रूप से हिरदेनगर पहुंचे। मंदिर परिसर में मंडली द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों और मधुसंगीत ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वे पूरी निष्ठा ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाते रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। दिनभर जन्मदिन का क्रम चलता रहा। सोशल मीडिया पर भी जिला अध्यक्ष के





जन्मदिन को लेकर शुभकामनाओं की बाढ़ देखने को मिली। शाम के समय भाजपा जिला कार्यालय में भी जन्मदिन का आयोजन किया गया। यहां कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान जिंदाबाद नारों से कार्यालय गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूत हुआ है और पार्टी ने जिले में नई ऊंचाइयों को छुआ है। कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि जिला अध्यक्ष हमेशा आम कार्यकर्ता की आवाज को प्राथमिकता देते हैं और हर परिस्थिति में संगठन के साथ खड़े रहते हैं। यही कारण है कि उनके जन्मदिन पर जिलेभर से इतना व्यापक समर्थन और स्नेह देखने को मिला। समापन अवसर पर जिला अध्यक्ष ने एक बार फिर सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का यह स्नेह उन्हें और अधिक ऊर्जा के साथ संगठन एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। वहीं महिष्मति घाट में पंच चौंकी महाआरती का आयोजन किया गया। जहां पर मां नर्मदा को प्रसादी भेंट करते हुए उपस्थित ट्रस्टीयों से चर्चा की। सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मिश्रा ने बताया कि बाल्यावस्था से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा एवं संघ कार्यक्रमों से जुड़ाव सभी अनुसांगिक संघठनों में भागीदारी रही है, डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी समारोह समिति मध्यभारत द्वारा अप्रैल 1989 में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में संस्था द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकाल में छात्र जीवन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से सक्रिय भूमिका स्थानीय इकाई से जिला इकाई तक विभिन्न दायित्वों का निर्वहन लगभग 10 वर्षों तक नरसिंहपुर जिले में परिषद कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय भूमिका। दैनिक स्वदेश अखबार के कार्यकाल में स्वदेश अखबार जबलपुर में तीन वर्षों तक सम्पादकीय पृष्ठ में कार्य। पत्रिका राष्ट्रधर्म एवं हिन्दू गर्जना में लेखन कार्य रूप में कार्य किए। रामभक्त (सेवा) समिति कार्य के रूप में विश्व हिन्दु परिषद में वाबरी विध्वंश के पश्चात लगे प्रतिबंध से बनी श्री रामभक्त (सेवा) समिति द्वारा आयोजित साधुसंत यात्रा का अविभाजित मण्डला, डिण्डौरी जिले का प्रभारी थे। स्वदेशी जागरण मंच में जिले के संयोजक के रूप सम्पूर्ण जिले में कार्य एवं जिले की प्रमुख दुकानों में स्वदेशी कोना संचालित किए गये। वहीं भारतीय जनता पार्टी में 1993 में प्रवेश मण्डला ग्रामीण के भा.ज.पा. युवा मोर्चा के महामंत्री का दायित्व, युवा मोर्चा के जिला कार्यालय मंत्री, निरंतर 2 बार युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष, भाजपा में निरंतर 2 कार्यकाल जिला मंत्री, 1 बार जिला उपाध्यक्ष, गत कार्यकाल में जिला महामंत्री का दायित्व में रूप में कार्य किए है। प्राथमिक सक्रिय सदस्यता एवं आजीवन सहयोग निधि प्रभारी के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिले में प्राथमिक सदस्य, सक्रिय सदस्यता, आजीवन सहयोग निधि जिले के अनेक बार प्रभारी के रूप में कार्य। चुनाव संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। पार्टी के सन् 1995 के पश्चात सम्पन्न प्रत्येक विधान सभा लोकसभा निकाय चुनाव में सक्रिय एवं प्रमाणिक भूमिका का निर्वहन। नर्मदा समग्र यात्रा के रूप में स्व. अनिल माधव दवे द्वारा निकाली गई मां नर्मदा चेतना यात्रा का मण्डला जिले के प्रभारी बनाए गए। वहीं माँ नर्मदा सामाजिक सेवा न्यास द्वारा 2011 में आयोजित माँ नर्मदा सामाजिक कुंभ में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन। विद्याभारती में कार्यकाल में विद्याभारती द्वारा मार्गदर्शित संस्था ग्राम भारती मण्डला में जिला अध्यक्ष का निर्वहन तदोपरांत सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. मा. विद्यालय मण्डला में तीन बार व्यवस्थापक के दायित्व का निर्वहन करते हुए वर्तमान में कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यरत है। जनप्रतिनिधि के रुप में जनपद पंचायत मण्डला में निरंतर तीन बार 2000 से 2015 तक जनपद सदस्य निर्वाचित। जनपद पंचायत मण्डला में दो बार उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन किया। मण्डला नगर में प्रतिष्ठित सहकारी बैंक माहिष्मति नागरिक बैंक में संचालक के रूप में निर्वाचित।

## सेंट्रल बैंक में मेगा क्रेडिट केम्प

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला स्व सहायता समूहों के लिए सेंट्रल बैंक की सभी शाखाओं में मेगा क्रेडिट कैंप आयोजित किया गया। मेगा क्रेडिट कैंप के लिए स्व सहायता समूहों के ऋण प्रस्ताव बड़ी संख्या में तैयार कर बैंक शाखाओं में प्रस्तुत किये गए थे। कैंप के दौरान सभी प्रस्तावों की पात्रता की जांच एवं आवश्यक दस्तावेजीकरण कराए गए। सभी पात्र समूहों को कैंप में ही स्वीकृति पत्र जारी किये गए। अग्रणी जिला प्रबंधक सुजॉय कुमार के मार्गदर्शन में जिले की सेंट्रल बैंक की 15 शाखाओं से 125 समूहों को 383.67 लाख की ऋण राशि वितरित की गयी।

## गजेन्द्र गुप्ता को मिला अवार्ड

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** गजेन्द्र गुप्ता को भारत सरकार ने उनके पुर्नयोजी कृषि परम्परागत चिकित्सा और पंचगव्य उद्यमिता के ग्रास रूट मॉडल के लिए आईआईएसएफ एनएसओआईएम 2025 अवार्ड प्रदान किया है। गजेन्द्र गुप्ता को यह अवार्ड भारत सरकार द्वारा पंचकुला में आयोजित ग्यारहवें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2025 के इवेंट नेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन एंड इंस्टीट्यूशन मीट एनएसओआईएम के समापन समारोह में प्रदान किया गया। पंचकुला में आयोजित ग्यारहवें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में गजेन्द्र गुप्ता और रंजीत कछवाहा ने भारतीय वायुसेना के टेस्ट पायलट इंजीनियर और इसरो के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ आयोजित सत्र प्लेनरी टॉक में सहभागिता की ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्लाने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के एक्सिओम मिशन-4 पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया।

## डॉ. संध्या साहित्य सेवा सम्मान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विगत दिनों चंचलाबाई पटैल महाविद्यालय जबलपुर के सभागार में साहित्यिक संस्था सशक्त हस्ताक्षर द्वारा मासिक काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन के अध्यक्ष डॉ हरिशंकर दुबे, मुख्य अतिथि डॉ संध्या शुक्ल मृदुल, विशिष्ठ आतिथि सुशील कुमार श्रीवास्तव, डॉ प्रतीक्षा सेठी एवं विजय खरे तथा सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण थे। कवि संगम त्रिपाठी एवं चंद्र प्रकाश वैश्य ने मंगल भाव व्यक्त किए प्रथम सत्र में नगर की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ संध्या शुक्ल मृदुल को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए सशक्त साहित्य सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया।

## ईवीएम का रेंडमाईजेशन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 8 के लिए उपचुनाव संपन्न कराये जा रहे हैं। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाईजेशन किया गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम, निर्वाचन अधीक्षक चैतन्य कुमार तिवारी, अरूण कुशवाहा सहित संबंधित मौजूद रहे।

## बीजाडांडी में जागरूकता कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** एकीकृत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजाडांडी एवं शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजाडांडी में जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एवं बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन स्टॉप सेंटर प्रशासक प्रेरणा मर्सकोले द्वारा छात्र-छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता के कानून, लैंगिक समानता की अवधारणा, सहमति के महत्व, अच्छे स्पर्श-बुरे स्पर्श, स्वास्थ्य संबंधों और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाया गया।

## डीसीए चयन समिति का गठन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता निशांत झा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन मंडला ने वर्ष 2025 - 26 के लिए जबलपुर में होने वाले अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सभी आयु वर्ग के पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है साथ ही आने वाले दिनों में सीनियर बालक वर्ग सहित सभी आयु वर्ग की बॉयज बालिका वर्ग की टीमों की चयन प्रक्रिया होनी है। चयन प्रकिया हेतु चयन समिति का गठन किया गया है जिसमें वरिष्ठ खिलाड़ी अनिल सोनी ,ललित जोशी, पंकज दुबे, इम्तियाज अली,अर्जुन भांडे एडवोकेट,निशांत झा ,फैजान खान एवं अक्षय चंद्रोल होंगे सभी पात्र खिलाड़ी अपने दस्तावेज समेत कोच बसंत ठाकुर मेकल क्रिकेट अकादमी से संपर्क कर अपने दस्तावेज जो की डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ औपचारिकता पूर्ण कर सकते हैं।

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित



मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)

मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी द्वारा एक दिवसीय ओपन जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसंबर को खेल ग्राउंड ऑडिटोरियम हॉल निवास में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर भूपेंद्र वरकड़े, जनपद अध्यक्ष निवास श्रीमती मंजु कुलस्ते, नगर परिषद उपाध्यक्ष बसंत चौधरी, समाजसेवी श्याम सिंह परस्ते, विधायक प्रतिनिधि कैलाश साहू सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार यादव संस्थापक मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ने की। मंच पर जनपद अध्यक्ष नारायणगंज आसाराम भारतीया, अभिषेक ठाकुर, वेदप्रकाश कुलस्ते, दिनेश बडगैया, पारस तेकाम, अनिल झारिया, राहुल शिवहरे, अभिलाष चौकसे, कैलाश यादव, अरविंद वरकड़े, इलियाश खान, फरिद खान सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत आयोजक सचिव एवं राष्ट्रीय रेफरी ताइक्वांडो झामसिंह तेकाम, ज्वाला मरावी, अजीत वरकड़े, कैलाश वरकड़े, मनीष मरावी एवं रवि सोयाम द्वारा पुष्पमाला से किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि ताइक्वांडो जैसे मार्शल आर्ट खेल बच्चों और युवाओं में अनुशासन आत्म विश्वास एवं आत्मरक्षा की भावना विकसित करते हैं। इंजीनियर भूपेंद्र वरकड़े ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त माध्यम हैं। जनपद अध्यक्ष श्रीमती मंजु कुलस्ते ने विशेष रूप से बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण से जोड़ने पर बल दिया। अन्य अतिथियों ने मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस प्रतियोगिता में जिले के 75 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में निर्णायक मंडल की भूमिका राष्ट्रीय रेफरी एडवोकेट जयराज चौधरी, मानवराज यादव एवं दीपा रघुवंशी ने निभाई।



# कौशिक जी महाराज की नर्मदा परिक्रमा

मण्डला(स्वतंत्रमत)

संत आचार्य श्री कौशिक जी महाराज का नर्मदा परिक्रमा के दौरान लगभग एक हजार परिक्रमावासियों के साथ मण्डला आगमन हुआ। अमरकंटक से कौशिक जी महाराज शनिवार की देर रात तुलसी तपोवन गौशाला सुरंगदेवरी पहुंचे जहां पर भक्तों द्वारा नर्मदे हर जीवन भर तथा जय श्री राधे के जयकारों के साथ जोरदार स्वागत किया। रविवार की सुबह गौशाला में सुंदरकाण्ड भगवान शंकर का अभिषेक तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही पुण्य सलिला मॉ नर्मदा की पूजन की गई। इसके पश्चात उन्होंने परिक्रमावासियों के साथ सूर्यकाण्ड धाम में दर्शन एवं पूजन किया प्रवचन के दौरान आचार्य श्री कौशिक महाराज ने माहिष्मती नगरी, सूर्यकुण्ड, ऋणमुक्तेश्वर कुण्ड, व्यासनारायण तथा सहस्त्रधारा के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुये भक्तों से नर्मदा के जल तथा तट को स्वच्छ रखने का आव्हान किया। आचार्य श्री कौशिक महाराज ने 4 दिसम्बर को लगभग एक हजार भक्तों के साथ ओमकारेश्वर से नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ की है जो 24 दिसम्बर को सम्पन्न होगी।

## नैनपुर में स्वास्थ्य शिविर बुधवार को

मण्डला(स्वतंत्रमत)। विशाल नि:शुल्क जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुधवार को पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वार्ड क्रमांक 2 नैनपुर में किया जा रहा है। यहां पर प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन होगा। सामाजिक कार्यकर्ता पंकज सोनी ने बताया कि यहां पर गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल जबलपुर, सेन्टर फॉर साईट हॉस्पिटल जबलपुर के वरिष्ठ चिकित्सक मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श देंगे। इसी के साथ स्वयं सिद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी मण्डला, भागीरथ सेवा विकास परिवार मंडला, जिला स्वास्थ्य विभाग मंडला एवं स्थानीय प्रशासन नैनपुर विशेष रूप से इस स्वास्थ्य शिविर में अपनी सहभागिता दर्ज करायेंगे। पंकज कुमार सोनी नैनपुर ने बताया है कि प्रचार अभियान के दौरान घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि यह शिविर पूरी तरह नि:शुल्क है और इसका उद्देश्य नगरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। प्रचार के दौरान नागरिकों को यह जानकारी दी गई कि शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ आवश्यक परामर्श भी उपलब्ध रहेगा जिससे समय रहते बीमारियों की पहचान हो सकेगी और उचित उपचार की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकेगा। टीम ने लोगों से अपील की कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इसमें शामिल करें।

# वनवासी परिषद का स्थापना दिवस 26 से

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

बिछिया अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से सम्बद्ध वनवासी विकास परिषद महाकोशल प्रांत जबलपुर इकाई तथा उसकी स्थानीय इकाई वनवासी विकास परिषद मंडला समिति बिछिया द्वारा संस्था का गौरवशाली 73वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर जिले भर के गणमान्य नागरिक सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रण पत्र भेंट किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल को आमंत्रण पत्र भेंट करते हुए कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। इस दौरान वनवासी विकास परिषद मंडला के संरक्षक



किशोरी लाल साहू, अध्यक्ष कैलाश डेहरिया, सदस्य नीरज अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती सम्पतिया उइके कैबिनेट मंत्री मप्र शासन भोपाल रहेंगी। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश कुमार डेहरिया अध्यक्ष वनवासी विकास परिषद मंडला करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि सुभाष बड़ोले मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री भोपाल रहेंगे और मुख्यवक्ता के रूप में रमेश बाबू अखिल भारतीय सह-संगठन मंत्री केन्द्र गोवाहाटी असम होंगे। यह आयोजन एकलव्य बालक छात्रावास भुआ बिछिया में संपन्न होगा। वनवासी विकास परिषद वर्ष 1952 से जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, संस्कार एवं संगठन के लिए सतत कार्यरत है। संस्था सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रह रहे भाई बहनों के मध्य संस्कृति, परंपरा तथा तू मैं एक रक्त की भावना को जागृत करते हुए समाज सशक्तीकरण हेतु महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। आगामी कार्यक्रम 26 एवं 27 दिसम्बर स्थान एकलव्य बालक छात्रावास भुआ बिछिया 26 दिसम्बर प्रात: 9 बजे से रामधुन एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत 27 दिसम्बर शनिवार प्रात: रामधुन कार्यक्रम का समापन दोपहर 12 बजे से मुख्य मंचीय कार्यक्रम एवं स्थापना दिवस समारोह एवं कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं जनजातीय नृत्य बालक-बालिकाओं द्वारा गीत, भजन, नाटक वनवासी समाज की संस्कृति को दर्शाते विविध मनमोहक प्रस्तुतियां छात्र-छात्राओं की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

# दलदली स्थल पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

## स्काउट गाइड के दल ने किया अपशिष्ट सामग्री का निस्तारण

नैनपुर(स्वतंत्र मत)

भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश एवं यूनिसेफ के सहयोग से क्लाइमेट चेंज प्रोग्राम के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत शास.उत्कृष्ट उ. मा. वि.नैनपुर के स्काउट गाइड के दल द्वारा समीपस्थ स्थल दलदली मंदिर के आस पास फैले प्लास्टिक पन्नी,बॉटल, डिस्पोजल ग्लास,प्लास्टिक प्लेट एवं कचरे की सफाई कर उसका उचित निस्तारण किया गया। जाहिर है कि अभी हाल ही में दलदली स्थल पर लगने वाले सात दिवसीय धार्मिक मेले में प्रदूषण फैलाने वाले अपशिष्ट सामग्रियों का भारी फैलाव हो गया था। जिसके तहत दलदली स्थल को चुनकर यह विशेष अभियान संचालित किया गया। बताया गया कि यूनिसेफ जल



भूमि और पर्यावरण को साफ स्वच्छ करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में यह एक दिवसीय स्वच्छता सेवा कार्य सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता के निर्देशन और जिला सचिव लोक सिंह पदम के मार्ग दर्शन ,उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य जी पी झारिया के सहयोग एवं जिला ट्रेनिंग कमिश्नर रजनी सिलेकर के नेतृत्व, में संपन्न हुआ। गाइडर वंदना सिंह एवं गाइड राधिका,पूर्वी,पायल,दीक्षा,अमृता,मलायका, प्रीति,भूमि, दिशा, साक्षी का इस अभियान में विशेष सहयोग रहा।

# झारिया मेहरा समाज सम्मेलन सम्पन्न



मण्डला(स्वतंत्रमत)

नर्मदा तट पर स्थित प्रमोद गुरु बालापीर धाम महंतवाड़ा में सामाजिक सम्मेलन झारिया मेहरा कल्याण संघ के तत्वावधान में आयोजित किया गया। गुरु महिमा पाठ के साथ प्रारंभ होकर भारत माता, नर्मदा जी, सद्गुरू कबीर साहेब, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब, त्यागी जी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसंत झारिया अध्यक्ष झारिया मेहरा कल्याण संघ एवं मुख्य अतिथि के रूप में मेहरा समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झारिया सहित अन्य वरिष्ठ सामाजिक जन मंचासीन रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंचासीन अतिथियों द्वारा सामाजिक पत्रिका का विमोचन किया गया। मंचासीन अतिथियों के उद्बोधन पश्चात प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं वृद्धजनों का सम्मान किया गया। संगीतमय कबीर भजन और जागरण गीतों ने कार्यक्रम को और भी ज्यादा आकर्षक और मनमोहक बना दिया।समाज हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। जिन पर अमल करने सामाजिक लोगों से अपील की गई। मंच संचालन डीएल गवले एवं नेतराम झारिया द्वारा किया गया।

## व्यासनारण शुक्ला का निधन

**नैनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक वन विभाग से सेवा निवृत्त हुए व्यासनारायण शुक्ला का लम्बी बीमारी के चलते रायपुर में निधन हो गया। वे अखिलेश एंव विकास शुक्ला के पिता थे। आपकी अंतिम यात्रा में नगर के चिरपरिचित सामाजिक बन्धु सामिल हुए। अंतिम संस्कार बाद सभी ने दो मिनट का मोन रख अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया।

संपादकीय

# जरूरी है मुंहतोड़ जवाब

1971 में जब पूर्वी पाकिस्तान, अंतत: बांग्लादेश बना था तब वह भारत का ही सृजन था, लेकिन शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से तख्तापलट के बाद हमारी ही 'औलाद' अब हमें आंखें दिखा रही है। यह असहनीय होना चाहिए। भारत को कड़ी प्रतिक्रिया, बल्कि कार्रवाई करनी चाहिए। सिर्फ उसके राजदूत को मंत्रालय में बुला कर विरोध जताने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि नौबत 'भारत तोड़ो' तक की आ गई है। बांग्लादेश के अराजक और जेहादी तत्व धमकियां दे रहे हैं। पूर्वोत्तर के सात राज्यों को भारत से अलग करने, वहां विद्रोहियों को पुन: सक्रिय करने और तनाव, उग्रवाद फैलाने की धमकियों के अलावा साजिशें भी रची जा रही हैं। अब पाकिस्तान बांग्लादेश को अपना 'भाई' बता रहा है और साजिशों का सूत्रधार बना है। उल्फा की सैन्य ईकाई के सरगना परेश बरुआ को चीन से ढाका लाने की कोशिशें जारी हैं, ताकि पूर्वोत्तर को फिर अस्थिर किया जा सके। ढाका में भारतीय दूतावास के बाहर बेहद उत्तेजक और उन्मादी विरोध-प्रदर्शन किया गया। दूतावास में घुसने की कोशिशें की गईं। नारे लगाए गए-'बाबर के रास्ते पर चलो, सात राज्यों को आजाद कराओ, जो हत्यारे को पनाह दे, उसे तोड़ दो, तोड़ दो।' शेख हसीना को 'हत्यारा' करार दिया जा रहा है, जिन्हें भारत ने शरण दी है। बांग्लादेश सरकार की ओर से बार-बार आग्रह किया जा रहा है कि भारत शेख हसीना को सौंप दे। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री) मुहम्मद यूनुस 85 साल के हो गए हैं, लेकिन उनका एकमात्र मकसद शेख हसीना को फांसी पर लटकाने का लगता है। इस संदर्भ में वहां की एक अदालत से 'सजा-ए-मौत' का फैसला भी करा लिया गया है। यूनुस को 2006 में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था, लेकिन अब इस उम्र में उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं उभर आई हैं। देश का विकास जाए भाड़ में, उन्होंने बांग्लादेश को कट्टरपंथी इस्लामी देश में तब्दील करने का मानो संकल्प लिया है! देश में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं और देश से बेदखल करने की धमकियां दी जा रही हैं, हिंदुओं के मंदिर, घर-दुकानों को तोड़-फोड़ कर आग के हवाले किया जा रहा है। यह पराकाष्ठा है कि अब पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की साजिशें सामने आ रही हैं। बांग्लादेश के कठमुल्ला, कट्टरपंथी बयान सामने आ रहे हैं कि बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के बीच 'चिकननेक' को बंद किया जाए, ताकि पूर्वोत्तर अपने आप ही भारत से कट जाए। बांग्लादेश की कट्टरपंथी, भारत-विरोधी जमात यह नहीं जानती कि भारत 1971 में ही इस 'चिकननेक' को चौड़ा कर सकता था अथवा इसे अपने कब्जे में ले सकता था, लेकिन भारत ने बांग्ला की मुक्ति और आजादी का सम्मान किया। बीते गुरुवार को संसद में विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति की रपट में कहा गया है कि बांग्लादेश की वायुसेना के लालमोनिरहाट एयरबेस की हवाई पट्टी चीन बना रहा है। यह इलाका सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, जिसे संवेदनशील 'चिकननेक' के तौर पर जानते हैं। अब ऐसा लग रहा है कि साजिशों में पाकिस्तान के साथ चीन भी शामिल है! लिहाजा, बांग्लादेश में ऐसी हिंसक घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में ऐसी अक्रामक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और भारत को नुकसान पहुंचाने वालों को मुंहतोड़ जवाब मिले।

# विश्व में शांति स्थापित करने भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति का उत्थान आवश्यक



प्रह्लाद सबनानी
सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक

कहा जाता है कि सतयुग में समाज पूर्णत: एकरस था और उस समय के समाज में भारतीय संस्कृति की झलक स्पष्टत: दिखाई देती थी। एक कहानी के माध्यम से इस बात को बहुत आसानी से समझा जा सकताहै। सतयुग के खंडकाल में एक किसान ने अपनी जमीन बेची। जिस व्यक्ति ने वह जमीन खरीदी थी, उसे,उस जमीन की खुदाई के दौरान सोने के सिक्कों से भरा हुआ एक घड़ा मिला। उस घड़े को लेकर वह किसान जमीन के विक्रेता के पास पहुंचा और बोला कि आपकी जमीन में से यह सोने के सिक्कों से भरा हुआ घड़ा मिला है, चूंकि मैंने आपसे केवल जमीन खरीदी है अत: इन सोने के सिक्कों पर मेरा अधिकार नहीं है और आप यह घड़ा अपने पास रख लें, सोने के इन सिक्कों पर आपका अधिकार है। जमीन के विक्रेता ने सोने के सिक्कों से भरे उस घड़े को लेने से यह कहकर साफ इनकार कर दिया कि मैंने तो वह जमीन आपको बेच दी है, अत: बाद में उस जमीन से जो भी वस्तु आप प्राप्त करते हैं उस पर आपका ही अधिकार हैं। उस वस्तु पर मेरा अधिकार कैसे हो सकता है? जब उस जमीन के क्रेता एवं विक्रेता के बीच कोई समझौता नहीं हो सका तो वे सोने के सिक्कों से भरे उस घड़े को लेकर अपने राज्य के राजा के पास पहुंचे और दोनों ने राजा को पूरी बात बताई तथा राजा से आग्रह किया कि सोने के सिक्कों को राजा साहब राज्य के खजाने में जमा करा दें। राजा ने भी सोने के सिक्कों से भरे उस घड़े को राज्य के खजाने में जमा करने से यह कहकर इंकार कर दिया कि राज्य के नियमों में इस प्रकार का कोई प्रावधान नहीं है कि बगैर किसी उचित कारण के प्राप्त धन को राज्य के खजाने में जमा कर दिया जाय। इस सम्बंध में जो नियम निर्धारित हैं उन नियमों के आधार पर यहसोने के सिक्के राज्य के खजाने में जमा नहीं किये जा सकते हैं। ऐसा था, सतयुग का खंडकाल। जो वस्तु हमारी नहीं है उस वस्तु को हम कैसे अपने पास रख सकते हैं? प्रत्येक नागरिक इस भावना के साथ समाज में एकरस भाव से रहता था।

सतयुग के बाद आया त्रेतायुग, इस युग में समाज में समरसता के भाव में कुछ कमी दिखाई दी थी। जैसे एक समाज (दानव) के राजा रावण ने दूसरे समाज (देव) की माता सीता का अपहरण किया और अपने राज्य में कैद कर लिया। प्रभु श्रीराम ने आदिवासियों और वानरों के समूह को एक कर, इन सभी में समरसता का भाव जागृत करते हुए, रावण के राज्य पर आक्रमण किया एवं माता सीता को उस राज्य के चंगुल से छुड़ाकर सकुशल अयोध्या लाने में सफल हुए। प्रभु श्रीराम ने त्रेतायुग में यह संदेश दिया कि सर्व समाज यदि संगठित रहता है तो किसी भी बुराई से पार पाया जा सकता है। अत: त्रेतायुग में संगठन की महत्ता सिद्ध हुई थी।

त्रेतायुग के बाद द्वापर युग आया, इस खंडकाल में तो समाज क्या, बल्कि दो परिवारों के बीच की एकता भी समाप्त हो चुकी थी। कौरव परिवार ने अपने ही पांडव भाईयों को केवल 5 गांव देने से साफ इंकार कर दिया। जिसके कारण आगे चलकर कौरव एवं पांडवों की बीच महाभारत युद्ध हुआ। आज के खंडकाल




कलयुग की तो बात ही निराली है। आज पश्चिमी

जगत में प्रत्येक व्यक्ति केवल अपने सुख के लिए ही कार्य करता हुआ दिखाई देता है। परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति जैसे उसकी कोई जिम्मेदारी ही नहीं है। आज कलयुग में नागरिक अपने आप में केंद्रित हो गए हैं एवं उन्हें परिवार, समाज, राष्ट्र आदि के प्रति किसी जिम्मेदारी का भाव जागृत ही नहीं होता। भारतीय संस्कृति में सामाजिक समरस्ता को अति महत्व दिया गया है। अत: स्वयं के साथ, परिवार, समाज, नगर, राष्ट्र एवं पूरे विश्व को समता के भाव के साथ देखा जाता है। पूरी सृष्टि ही हमारा परिवार है, इस भावना को वसुधैव कुटुंबकम; सर्वे भवंतु सुखिन:; सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के माध्यम से झलकाया जाता है। पूरे विश्व में आज अशांति का माहौल है, कई देश आपस में लड़ रहे हैं तथा कई देशों के अंदर विभिन्न मत पंथों को मानने वाले नागरिक आपस में मार काट मचाए हुए हैं। ऐसे गम्भीर समय में केवल और केवल भारतीय संस्कृति ही इस पूरे विश्व में शांति का माहौल पुन: स्थापित कर सकती है। विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी में सेवा कार्य में संलग्न आदरणीय दीदी निवेदिता भिड़े ने भारतीय संस्कृति – चुनौतियां एवं सम्भावनाएं नामक पुस्तक में भारतीय संस्कृति के बारे में जीवन दर्शन की व्याख्या करते हुए बताया है कि जिस ज्ञान के द्वारा साधक विभक्त प्राणियों में विभाग रहित एक अविनाशी भाव को देखता है, उस ज्ञान को सात्विक ज्ञान कहा गया है। भारतीय संस्कृति का जीवन दर्शन या जीवन दृष्टि सात्विक ज्ञान से निर्धारित हुई है। ईश्वर, मानव, सृष्टि अलग अलग नहीं है। अत: भारतीय संस्कृति का जीवन दर्शन एकात्म है। इसके विपरीत, जिस ज्ञान के द्वारा मनुष्य सम्पूर्ण प्राणियों में अलग अलग अनेक भावों को अलग अलग रूप से जानता है, इस ज्ञान को राजस ज्ञान कहा गया है।

क्रिशिचियन एवं इस्लाम पंथ इसी ज्ञान से प्रेरित है। साथ ही, जिस ज्ञान के द्वारा मनुष्य एक कार्य (शरीर) में ही आसक्त हो जाता है, मानों वह (कार्य ही) सब कुछ हो तथा जो (ज्ञान) हेतुरहित (आयुक्तिक), तत्तवार्थ से रहित तथा संकुचित (अल्प) है, वह (ज्ञान) तामस है। पूंजीवाद, कम्युनिजम, नक्सलवाद, साम्यवाद, मार्क्सवाद और माओवाद का जीवन दर्शन तामसिक ज्ञान से प्रेरित है। उक्त जीवन दर्शन के आधार पर ही राष्ट्र में जीवन मूल्य एवं जीवन तत्व निर्मित होते हैं, जिनका अनुपालन उस राष्ट्र के नागरिक करते हैं। भारतीय संस्कृति के कुल 12 जीवन मूल्य बताए गए हैं – (1) सभी के प्रति आदर एवं सम्मान का भाव रखना; (2) प्रत्येक जीव को ईश्वर का रूप माना गया है; (3) इष्टदेव अर्थात ईश्वर अपने अंत:करण में खोज का विषय है, अत: ईश्वर को बाहर खोजने के स्थान पर अपने अंदर खोजा जाता है; (4) विविधता में एकता मानी गई है, जिसके चलते ही सर्व समाज एकरस रहने का प्रयास करता है; (5) चतुर्विध पुरुषार्थ – धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, अर्थात काम एवं अर्थ सम्बंधी गतिविधियों को धर्म के आधार पर सम्पन्न किया जाता है एवं अंत में मोक्ष प्राप्ति की अपेक्षा की जाती है: (6) महिलाओं का सम्मान – भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को देवी का दर्जा दिया जाता है; (7) उदार एवं समावेशक – शक, हूण, कुषाण, पारसी, यहूदी आदि अन्य देशों से भारत में आए एवं भारत के ही होकर रह गए, भारतीय संस्कृति के संस्कारों को उन्होंने अपने आप में आत्मसात कर लिया। यह केवल भारत में ही सम्भव है; (8) कर्म सिद्धांत – इस मानव जन्म में किए गए कर्मों के आधार पर ही मोक्ष की प्राप्ति अथवा 84 लाख योनियों के चक्र में फिर से फंसने की सम्भावना के बारे में निर्णय होता है; (9) अवतार की संकल्पना – इस धरा पर जब जब पापों का घड़ा भर जाता है तब तब ईश्वर इस धरा पर अवतार लेकर अवतरित होते हैं; (10) आध्यात्म विश्वास में नहीं, अनुभूति में और होने में है; (11) यज्ञ का महत्व – समाज की सेवा के माध्यम से भी यज्ञ सम्पन्न किया जा सकता है, अन्य कई प्रकार के यज्ञों का वर्णन भारतीय संस्कृति में मिलता है; (12) आत्म संयम – अपना जीवन संयम के साथ जीने की कला भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों में शामिल है, इसके अंतर्गत किसी अन्य प्राणी का अहित करने के बारे में तो कभी सोचा भी नहीं जाता है। भारतीय संस्कृति में जीवन दर्शन के आधार पर जीवन मूल्य एवं जीवन तत्व निर्धारित होते हैं और इसके बाद समाज की जीवन व्यवस्था भी निर्धारित हो जाती है। भारत में समस्त सांस्कृतिक विधियां, प्रथाएं, पद्धतियां एवं परम्पराएं जीवन व्यवस्था के भाग मानी जाती हैं। कुलधर्म, जातिधर्म, समाजधर्म, पंच महायज्ञ, चार आश्रम, चार वर्ण, जाति व्यवस्था, भारतीय शिक्षा पद्धति भी भारतीय संस्कृति में जीवन व्यवस्था का भाग ही माने जाते हैं। मुगल काल एवं ब्रिटिश शासन काल में भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का बहुत प्रयास किया गया था। इस खंडकाल में भारतीय नागरिक अपनी महान परम्पराएं भूल गए थे। इसी खंडकाल में वैश्विक स्तर पर ग्रीक, रोमन, फारसी, मिस्त्र जैसी कई संस्कृतियां विलुप्त हो गईं परंतु भारतीय संस्कृति अभी भी कायम है और मुगल काल एवं ब्रिटिश शासन काल में भारतीय संस्कृति को समाप्त नहीं किया जा सका है। इन्हीं कारणों के चलते अब यह कहा जा रहा है कि समस्त विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से वैश्विक स्तर पर भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति का उत्थान अति आवश्यक है।

# बांग्लादेश में कट्टरपंथ का ज्वालामुखी



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

बांग्लादेश में पिछले साल उठी चिंगारी अब ज्वालामुखी में बदल चुकी है। छात्र नेता और शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट में बड़ी भूमिका निभाने वाले उस्मान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में हिंसा, आगजनी और बवाल फिर से शुरू हो गया है। हिंसा की ज्वालामुखी में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की हत्याओं से लेकर भारत विरोधी जनभावनाओं का उग्र होना शामिल है। हिंसक भीड़ ने हिन्दू मजदूर दीप चंद्र दास की पीट-पीट कर हत्या करने के बाद शव को पेड़ से लटका कर जला दिया। इसके बाद हिंसक भीड़ ने पुलिस और सेना के सामने नाच-नाच कर जश्न मनाया। हिंसक भीड़ ने बीएनपी के नेता के घर में आग लगा दी जिसमें 7 वर्षीय बच्ची जिंदा जल गई। हिंसक भीड़ ने मोहम्मद यूनुस सरकार को अल्टीमेटम भी दे दिया कि वह जल्द से जल्द उस्मान हादी के हत्यारों को गिरफ्तार करे अन्यथा उन्हें भी सरकार से हटा दिया जाएगा। बीते साल अगस्त में शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से हटाये जाने के बाद से लगातार हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है और वहां अब तो हिन्दू महिलाओं को हिजाब पहनने के लिए कहा जा रहा है। भारत विरोधी कट्टरपंथी ताकतें प्रभावी हो चुकी हैं। बांग्लादेश में 2 माह बाद यानि फरवरी में चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में हिंसा का भड़कना चुनावों को अवरुद्ध करने का कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री की हैसियत से काम करने वाले मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और उनके साथ सरकार में शामिल नेता बार-बार भारत विरोधी भावनाओं को भड़का रहे हैं। उस्मान हादी के जनाजे में भी भारत विरोधी पोस्टर देखे गये और भारत विरोधी नारे लगे। उस्मान हादी एक कट्टरपंथी मौलाना का नेता था। अतिवादी जेहादी विचारधारा के चलते ही उसने हाल ही में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर कब्जा करने वाले बयान दिए थे। उसकी हत्या करने वाले जानते थे कि हमले का आरोप भारत पर ही लगेगा और हुआ भी यही। कट्टरपंथी ताकतों ने उस्मान हादी की हत्या का आरोप भारत पर मड़कर ऐसा माहौल पैदा कर दिया जिससे यह निश्चित है कि बांग्लादेश के आगामी चुनाव में भारत विरोध ही सबसे बड़ा मुद्दा होगा। हालात बताते हैं कि अमेरिका के समर्थक माने-जाने वाले मोहम्मद यूनुस के मुंह को सत्ता का खून लग गया है और वह सरकार से हटना नहीं चाहते। वे चुनावों को किसी न किसी तरह टालना चाहते हैं। वे कट्टरपंथियों के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं। जब कट्टरपंथियों ने भारतीय दूतावास और वीजा केन्द्रों को निशाना बनाना शुरू किया तब भी वे उदासीन बने रहे। हैरानी की बात तो यह है कि 1971 के युद्ध में भारत ने ही बांग्लादेश को आजाद कराया था। बीते 16 दिसम्बर को भारत ने विजय दिवस मनाया क्योंकि 1971 में इसी दिन पाकिस्तान के 90 हजार सैनिकों ने भारत के सामने हथियार डाल दिये थे लेकिन बांग्लादेश भारत के एहसानों को भुलाकर अब भारत के ही विरोध में खड़ा है। शेख हसीना और उनकी अवामी लीग सरकार के प्रति भारत के कथित नरम रवैये की शुरू से ही चर्चा होती रही है। बांग्लादेश के छात्र नेता और जमात-ए-इस्लामी जैसी कट्टरपंथी पार्टियां बीते साल अगस्त से ही यह मुद्दा उठाती रही हैं। बीते अगस्त से ही भारत में रह रहीं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को शरण देने के मुद्दे पर संबंधों में तनातनी रही है। बांग्लादेश की एक अदालत ने हसीना को मौत की सजा सुनाई है। उसके बाद अंतरिम सरकार कम से कम दो बार औपचारिक रूप से भारत से हसीना को प्रत्यर्पित करने की मांग कर चुकी है लेकिन भारत ने इस पर चुप्पी साध रखी है। इससे कट्टरपंथी दलों और अंतरिम सरकार की नाराजगी लगातार बढ़ी है। अब हाल में दो तल्ख बयान ने द्विपक्षीय संबंधों को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

पिछले एक दशक तक शेख हसीना सरकार को भारत का करीबी माना गया। इस दौरान सीमा सुरक्षा, आतंकवाद पर सहयोग, कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स और चीन के प्रभाव को संतुलित करने जैसे मुद्दों पर ढाका और दिल्ली की साझेदारी मजबूत रही लेकिन हसीना के पतन के बाद एक नई राजनीतिक पीढ़ी उभरकर सामने आई है जो भारत और शेख हसीना को लेकर जो रिश्ते हैं, उसे बिल्कुल पसंद नहीं करती है। बांग्लादेश में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान जो चुनाव हुए उसमें काफी कम वोटर टर्नआऑउट रहा है। काफी कम संख्या में लोगों ने वोट डाले हैं। ऐसे में फरवरी 2026 में जो चुनाव होने हैं, उसे लेकर लोगों में काफी उत्सुकता है। लोगों ने 17 सालों से वोट नहीं डाले हैं, इसलिए उनमें वोट डालने की जो भूख है, वो उनके चेहरे से आप महसूस कर रहे हैं।

अराजकता की स्थिति में कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी को लगता है कि उनके पास सत्ता पाने का मौका है। इन ताकतों को पाकिस्तान, पाकिस्तान की सेना और आईएसआई का समर्थन प्राप्त है। पाकिस्तान की आईएसआई के अफसरों ने ढाका में डेरा डाल रखा है। खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी का प्रभाव लोगों में है लेकिन वह खुद वयोवृद्ध और अस्वस्थ है। शेख हसीना की पार्टी को चुनावों के लिए प्रतिबंधित किया जा चुका है। ऐसे में निष्पक्ष चुनावों की उम्मीद नहीं की जा सकती। बांग्लादेश में चीन का हस्ताक्षेप लगातार बढ़ता जा रहा है। शशि थरूर के नेतृत्व वाली संसदीय समिति ने सरकार को आगाह कर दिया है कि आवामी लीग की गिरावट, युवा नेतृत्व वाले राष्ट्रवाद का उदय इस्लामी ताकतों की वापसी और साथ ही चीन और पाकिस्तान का बढ़ता प्रभाव यह सभी मिलकर बांग्लादेश में निर्णायक मोड़ पर हैं और स्थिति 1971 के बाद सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती है। हालात और बिगड़े तो भारत के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। चिंता युद्ध की या बांग्लादेश से टकराव की नहीं है, बल्कि चिंता यह है कि चीन और पाकिस्तान बांग्लादेश में पांव पसार लेंगे। चुनाव से पहले बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले और तेज हो सकते हैं। भारत की पूर्वी सीमा पर एक जेहादी देश का उभरना भारत के लिए खतरे की घंटी बन जाएगा। बांग्लादेश मोहम्मद यूनुस के कंट्रोल से बिल्कुल बाहर हो चुका है। अर्थव्यवस्था और रोजगार के हालात बुरे हैं। सामाजिक अस्थिरता बढ़ रही है, कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। बांग्लादेश का भविष्य सुरक्षित नहीं लगाता।

# किसान अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी



अनिरुद्ध सिंह 'कुसुम'
लेखक/पत्रकार

सामान्यत: किसान से आशय अन्नदाता के रूप में लिया जाता है, निश्चित तौर पर वो अन्नदाता है परन्तु साथ ही वो अप्रत्यक्ष रूप से अर्थव्यवस्था में बेहद अहम भूमिका निभाता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में कृषि क्षेत्र की उन्नति का देश की समृद्धि में अहम भूमिका है। दरअसल कृषि क्षेत्र का दायरा बड़ा है ये अन्य क्षेत्र को भी गतिमान बनाता है, जैसे परिवहन, वेयर हाउस और निश्चित तौर पर फूड इंडस्ट्री तो इसी उद्योग पर चलती है इसी से जुड़े सर्विस सेक्टर और इसी से जुड़े कामगार। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कृषि क्षेत्र भारत में औसतन 45% कार्यबल को रोज़गार प्रदान करता है , विश्व बैंक का डाटा इस आंकड़े को 43 प्रतिशत तो सांख्यिकीय और कार्यक्रम क्रियान्वन मंत्रालय इस आंकड़ें को 45, प्रतिशत और आर्थिक सर्वेक्षण इस आंकड़े कि 50 प्रतिशत तक बता रहे हैं , जो की जी डी पी में 18 प्रतिशत तक का योगदान देती हैं। और इस तरह उद्योग और सर्विस सेक्टर के बाद तीसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता क्षेत्र है स्पष्ट है कृषि क्षेत्र देश की आबादी के एक बड़े हिस्से को रोज़गार प्रदान करता है।से एक बड़ा वर्ग खेती से जुड़ा है, और जब खेती अच्छी होती है तो ये उस पैसे को बाज़ार में खर्च करते हैं जिससे अर्थव्यवस्था का पहिया घूमता है।

अन्नदाता क्यों महत्त्वपूर्ण है , व्यक्ति कितनी भागदौड़ कर लें, तमाम उपलब्धियां हासिल कर लें अंततोगत्वा सुकून और शांति भोजन से ही मिलती है, ये अलग बात है किसी की थाली में व्यंजन ज़्यादा हों और किसी की थाली में चटनी रोटी हो, लेकिन रोटी अरबपति को भी चाहिए और रोटी मजदूर को भी। अब सवाल ये है कि मनुष्य के जीवन का इतना महत्त्वपूर्ण तत्व जिसके माध्यम से मिलता है वो किस हाल में है, हालांकि सरकार दावे कर रही है खेती के मुनाफे को दोगुना कर रहे हैं, किसान सम्मान निधि, शून्य ब्याज दर पर ऋण लेकिन बावजूद इसके यूरिया के लिए जद्दोजहद आज भी जारी है, किसान आत्महत्या भी जारी है, हां आजकल आत्महत्या का वर्गीकरण हो रहा है, ये ठीक है अलग अलग कारण हो लेकिन एक सच ये भी है कि आत्महत्या करने वाला किसान खेती संकट से जूझ रहा था यदि उसकी खेती अच्छी होती है तो शायद ऐसा नहीं होता। ओविड डेटाबेस और ग्लोबल डेटाबेस आदि से उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है की भारत में हर साल सोलह हज़ार किसान हर साल आत्महत्या करते हैं अर्थात् हर दिन लगभग दो किसान निश्चित तौर पर आंकड़े भयावह है यहां महत्त्वपूर्ण बात ये है कि इनमे से अधिकतर किसान कर्ज के बोझ से दबे हुए थे।बहरहाल कमोबेश ये सब हो रहा है उन तमाम दावों के बीच जहां किसान खुशहाल है, लेकिन क्या इस सच को नकार सकते हैं की मंडी में अनाज बेचने के लिए हफ्तों लाइन लगी रहती है, और तो और जब महीनों पहले कृषि वैज्ञानिक बता देते हैं कि इतने मीट्रिक टन अनाज उत्पादन होगा तो फिर बारदाने का इंतजाम नहीं हो पाता खुले में अनाज रखा रहता है, जाहिर है जब खुले में अनाज रहेगा तो खराब होगा ही, और सड़ा अनाज किस उद्योग के काम आता है सब जानते हैं हैं तो सवाल लाज़िमी है कि क्या इस कथित उद्योग के लिए ही अनाज खुले में रखकर सड़ाया जाता है। बहरहाल हाड़ कंपा देने वाले पूस की रात हो या मई जून के लू के थपेड़े हों किसान का हल खेत में चल रहा है, उसकी समस्याओं का हल निकले या ना निकले देश के नागरीकों की भूख शांत करने का समाधान जरूर प्रदान कर रहा है। भारत में राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर को देश के पांचवे प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाते हैं । वर्ष 2025 के किसान दिवस की कोई आधिकारिक थीम नहीं है। लेकिन इस वर्ष कृषि क्षेत्र में विकसित भारत 2047 भारतीय कृषि के वैश्वीकरण में एफ पी ओ एस की भूमिका एक राष्ट्र एक कृषि एक टीम और लैब टू लैंड जैसे विचार प्रमुख रहे, जिनका उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जयहिंद

# अपने इंजीनियर्स पर ऐसा जुलुम तो मत करो मिनिस्टर साहब...




पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर राकेश सिंह जी ने बेवजह का पंगा ले लिया है अपने डिपार्टमेंट के इंजीनियरों से, एक आदेश कर दिया है कि जो भी काम पीडब्ल्यूडी कर रहा है उन कामों का औचक निरीक्षण किया जाएगा और अगर गड़बड़ी पाई गई तो उन जिम्मेदार इंजीनियर्स पर कार्यवाही की जाएगी । आज तक तो ऐसा कभी हुआ नहीं लेकिन मिनिस्टर साहब ने ऐसा आदेश जारी कर दिया है अब विभाग के इंजीनियर्स को अपनी पोल खुलने का डर समाने लगा है यदि औचक निरीक्षण हुआ तो गड़बड़ी तो निश्चित तौर पर मिलेगी और जब गड़बड़ी मिलेगी तो फिर कार्यवाही भी होगी । कितने मिनिस्टर आए कितने चले गए कभी किसी ने ऐसा पंगा नहीं लिया लेकिन अपने पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर राकेश सिंह जी को पता नहीं क्या सूझा कि ऐसे आदेश जारी कर दिए। मिनिस्टर साहब को ये तो सोचना चाहिए था की जो परिपाटी वर्षों से चल रही है उसमें काहे को विघ्न डालें । न जाने कितने निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी ने करवा डाले आज तक किसी ने उन निर्माण कार्यों का निरीक्षण नहीं किया सीधा-सीधा बिल आया और पास कर दिया ,ठेकेदार ने क्या काम किया, कैसा किया, क्या नहीं किया ये देखने की फुर्सत किसी इंजीनियर को नहीं थी और फुर्सत निकालते भी क्यों बेहतरीन कमीशन जो मिल रहा था ठेकेदारों से, तो किसको जरुरत पड़ी है कि वो जाकर देखे कि ठेकेदार ने ठीक-ठाक काम किया है या नहीं किया । वैसे भी पीडब्ल्यूडी तो बदनाम डिपार्टमेंट माना ही जाता है अगर बदनाम है तो बने रहने देते बदनाम उसको, सुधारने की जरूरत क्या है लेकिन मिनिस्टर साहब ने ठान लिया है कि डिपार्टमेंट को सुधार के रहेंगे अब न केवल इंजीनियर बल्कि ठेकेदार भी भारी परेशान है कि जब इंजीनियर पर कार्यवाही होगी तो उसकी जद में वे भी आएंगे, हो सकता है बिल रुक जाए, हो सकता है फिर से उस काम को करना पड़ जाए, ये भी हो सकता है कि पूरा ही काम नया करना पड़ जाए सारी कमाई इसी में चली जाएगी तो बेचारे ठेकेदारों और इंजीनियर्स की रोजी रोटी रोटी चलेगी तो कैसे चलेगी यह तो सोचना चाहिए था मिनिस्टर साहब को, अब इंजीनियर्स ने भी दम दे दी है कि अगर औचक निरीक्षण किया तो हम सब सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे आजकल ये परिपाटी चल गई है कि कोई तहसीलदार भ्रष्टाचार में पकड़ा जाता है तो सारे तहसीलदार आंदोलन करने लगते हैं किसी पटवारी को रंगे हाथ पकड़ लिया जाता है तो सारे पटवारी आंदोलन की राह पकड़ लेते हैं । वैसे यह भी सुना है कि जो चीफ इंजीनियर है पीडब्ल्यूडी के उन्होंने सामूहिक अवकाश देने से इनकार कर दिया है लेकिन इंजीनियर्स का सोचना ये है कि ज्यादा से ज्यादा क्या होगा एक दिन की तनख्वाह कट जाएगी। अपना तो नेताजी से एक ही निवेदन है कि क्यों किसी के पेट में लात मार रहे हो जब पूरे ही कुएं में भांग घुली हो तो फिर उसका पानी किसी भी तरफ से निकाल लो नशा तो हो ही जाएगा । बेचारे इंजीनियर्स पर अपने को तो बड़ी दया आ रही है कि कितने सालों से बेहतरीन कमीशन पर काम चल रहा था ना ठेकेदार को काम देखने की फुर्सत थी ना इंजीनियरों को लेकिन अब मिनिस्टर साहब दे अलसेट दे दी है देखना ये होगा कि इस लड़ाई में मिनिस्टर साहब की जीत होती है या फिर ठेकेदारों और इंजीनियर्स की ।

## बॉस भी आशिक रहे होंगे

दिल्ली की प्राइवेट कंपनी के एक कर्मचारी ने अपने बॉस को छुट्टी का आवेदन का मेल किया। अक्सर छुट्टी के लिए लोग बाग़ बीमारी का बहाना बनाते हैं लेकिन उस बंदे ने साफ-साफ लिख दिया कि साहब जी मुझे अपनी प्रेमिका के साथ वक्त बिताना है इसलिए मुझे लीव प्रदान की जाए ,बॉस ने जैसे ही अपने कर्मचारी की छुट्टी का आवेदन देखा और दूसरे ही पल लीव सैंक्शंडलिख दिया। दूसरे कर्मचारियों को बड़ा अचरज हुआ कि आखिर प्रेमिका के संग वक्त बिताने के लिए बॉस ने उस कर्मचारी को लीव कैसे दे दी। अपन को ऐसा लगता है कि इस कर्मचारी की कंपनी के जो बॉस है वे भी कभी ना कभी किसी के आशिक रहे होंगे और उन्हें अपनी प्रेमिका के संग वक्त बिताने का समय नहीं मिला होगा जिसका उनको आज तक रंज रहा होगा शायद इसलिए उन्होंने उस कर्मचारी की लीव एक झटके में सैंक्शन कर दी कि चलो हम अपनी प्रेमिका के संग अगर वक्त नहीं बिता पाए लेकिन अगर कोई हमारा कर्मचारी अपनी महबूबा के साथ वक्त बिताना चाहता है तो कम से कम ये मौका तो उसको मिलना ही चाहिए। वैसे बॉस का कहना ये है कि उसने सच्चाई बयान की थी और उसकी सच्चाई से प्रभावित होकर ही उसकी लीव सैंक्शन की गई है लेकिन सच्चाई क्या है इसका अंदाज अपन ने लगा लिया है जिसका उल्लेख ऊपर कर दिया है बहरहाल ईश्वर ऐसा बॉस सबको मिले जो महबूबा के साथ आशिक को समय बिताने के लिए अवकाश प्रदान करे।

## अब कुत्तों को ढूंढो

उत्तर प्रदेश सरकार ने एक आदेश निकाला है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी और तमाम शासकीय,अशासकीय स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाएं आवारा कुत्तों की खोज करेंगे कि उनके इलाके में कितने आवारा कुत्ते घूम रहे हैं उनका पूरा डिटेल्स लेंगे और फिर अपने विभाग के आला अफसरों को भेजेंगे । अपने को तो ये मालूम था कि शिक्षक का काम पढ़ाने का होता है लेकिन सरकारों ने शिक्षकों को पीर बावर्ची भिश्ती खर बना दिया है जनगणना वो करवाएं, मतदाता पत्र वो ठीक करवाएं,घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित वो करें, चुनावी ड्यूटी वो करें, पोलियो की ड्रॉप वो पिलाएं लेकिन अब उनको पढ़ाई लिखाई छोड़कर सिर्फ एक ही काम करना है और वो काम है आवारा कुत्तों की खोज खबर लेना। तमाम टीचर्स हाथ में कॉपी पेन लेकर सड़क सड़क घूमेंगे और जितने भी आवारा कुत्ते हैं उनकी संख्या गिनेंगे, ये भी पता लगाएंगे उसकी नसबंदी हुई है या नहीं ।अपने हिसाब से तो हर शहर में हजारों की तादाद में आवारा कुत्ते घूम रहे हैं अब ये बेचारे टीचर्स इन हजारों आवारा कुत्तों की जानकारी कैसे इकट्ठी करेंगे ये बहुत बड़ा सवाल है लेकिन अगर नौकरी करना है तो सरकार जो कह रही वो तो करना ही पड़ेगा और अगर आपको कुत्तों की खोज खबर नहीं लेना है तो फिर सरकार आपको घर बैठाने में देर नहीं लगाएगी और सरकारी नौकरी भला कौन छोड़ना चाहेगा वैसे भी इतने काम शिक्षक कर चुके हैं कि अब उन्हें कुत्तों की खोज खबर लेने में भी कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला।

## सुपर हिट ऑफ़ द वीक

श्रीमान जी श्रीमती जी का हाथ पकड़े हुए बाजार में घूम रहे थे उनके दोस्त ने देखा और बोला

वाह क्या सीन है शादी के इतने साल बाद भी इतनी मोहब्बत

खाक मोहब्बत जैसे ही हाथ छोड़ता हूं किसी ना किसी साड़ी की दुकान में घुस जाती है श्रीमान जी ने उत्तर दिया

# धर्म, साहित्य कला से लेकर समाजसेवी तक... इस साल इन हस्तियों ने दुनिया को कहा अलविदा

नई दिल्ली

**साल 2025 समाप्त होने को है। अब से कुछ दिनों बाद ही हम नए साल में प्रवेश करने जा रहे हैं। इस बीतते साल की तमाम यादें समेटे हम नए साल में नए उमंग के साथ प्रवेश करने जा रहे हैं। जहां हर साल तमाम प्रकार की घटनाएं होती हैं, तो वहीं कई ऐसे भी प्रकरण होते हैं, जो काफी दुखद होते हैं। साल 2025 ने कई अच्छी यादों को तो हमारे मस्तिष्क में छोड़ा ही, साथ में कुछ ऐसे घाव भी दिए जो समय के साथ धीरे-धीरे ही धूमिल होंगे। इस साल कई बड़ी हस्तियों ने इस दुनिया को अलविदा कहा। इनमें धर्म, कला, विज्ञान और उद्योग जगत की कई बड़े नाम शामिल रहे। इस ईयर एंडर के आर्टिकल में हम उन सभी के बारे में जानने की कोशिश करेंगे।**

### 88 साल की उम्र में पोप फ्रांसिस ने दुनिया को कहा अलविदा

पोप फ्रांसिस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने 88 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। अपने आखिरी समय में उन्होंने कहा था कि जब चर्च के पुरुष और महिलाएं दीवारें खड़ी करते हैं तो वे कितना नुकसान करते हैं। कठोरता एक पाप है जो अक्सर पादरियों में आ जाता है। बताया जाता है कि पहले लैटिन अमेरिका पोप पद की ज्यादातर शान-शौकत को छोड़ दिया, होमोसेक्सुएलिटी के प्रति कैथोलिक नजरिए को नरम किया और अपने किसी भी पूर्ववर्ती की तुलना में ज्यादा महिलाओं को सीनियर पदों पर रखा। वेटिकन के अनुसार, अप्रैल में उनके अंतिम संस्कार में 250,000 से ज़्यादा लोग शामिल हुए थे।



### आगा खान ने भी दुनिया को कहा अलविदा

इस्माइली संप्रदाय के अरबपति नेता आगा खान ने भी इसी साल इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अपने जीवन में उन्होंने समाज के हित के लिए कई कड़े उठाए। आगा खान के बाद उनका उत्तराधिकारी भी चुना गया था। आगा खान ने अपने पीछे करोड़ों की संपत्ति छोड़ी थी।

### जेन गुडॉल ने में छोड़ी दुनिया

दुनिया की मशहूर चिम्पैंजी वैज्ञानिक जेन गुडॉल का 91 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्होंने इसी साल 1 अक्तूबर को दुनिया को अलविदा कहा था। बताया जाता है कि गोम्बे में 60 सालों के अध्ययन से उन्होंने चिम्पैंजियों की बुद्धिमत्ता साबित की। उन्होंने अमेरिका के लॉस एंजिलिस में आखिरी सांस ली थी।

### हॉलीवुड एक्ट्रेस डायने कीटन का निधन

हॉलीवुड की जानी-मानी अदाकारा डायने कीटन ने 79 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। बता दें कि डायने कीटन लॉस एंजेलिस में रहती थीं। उनका निधन इसी साल 11 अक्तूबर को हुआ था। हालांकि, उनकी मौत की वजह सामने नहीं आ सकी थी।

### फैशन डिजाइनर जियोजियों अरमानी का निधन

इटली के मशहूर फैशन डिजाइनर जियोजियों अरमानी जिन्होंने रेडी-टू-वियर फैशन में क्रांति लाई का 91 वर्ष की आयु में इसी साल सितंबर के महीने में निधन हो गया। अज्ञात बीमारी से जूझने के बाद घर पर ही उन्होंने अंतिम सांस ली थी। अरमानी ग्रुप ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर जानकारी दी कि उन्होंने अपने अंतिम दिनों तक कंपनी को समर्पित रखा।

### मशहूर स्क्रीन राइटर टॉम स्टॉपर्ड का निधन

इसी साल नवंबर के महीने में ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटरों में शुमार टॉम स्टॉपर्ड का भी निधन हो गया। उन्होंने 88 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। टॉम स्टॉपर्ड बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी माने जाते थे। उन्होंने कई नाटक ऐसे किए, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई।

### अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति डिक चेनी का निधन

इसी साल नवंबर के महीने में अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति डिक चेनी का निधन हो गया। वह 84 साल के थे। बताया जाता है कि वह काफी लंबे समय से दिल की बीमारियों से जूझ रहे थे। राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल में रक्षा मंत्री बनने से पहले व्योमिंग से संसद सदस्य रहे चेनी ने 1991 के खाड़ी युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# बांग्लादेश में फिर बवाल, हसीना विरोधी एक और छात्र नेता को मारी गई गोली

ढाका

बांग्लादेश इस समय हिंसा की आग में झुलस रहा है। हाल में इंकलाब मंच के प्रवक्ता और कट्टरपंथी नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद ढाका में हिंसा देखने को मिली। इस बीच बांग्लादेश में एक और हाई प्रोफाइल गोलीबारी की खबर सामने आई है।

दरअसल, कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (के नेता पर हमला बोला है। बताया जा रहा है कि बीएनपी के खुलना डिविजनल हेड मोतालेब सिकदर को सोमवार को सिर में गोली लगी। बताया जा रहा है कि सिकदर के सिर के बाईं ओर गोली लगी है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद पूरे बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। हादी भारत विरोध बयानबाजी के लिए जाना जाता था।। साल 2024 में बांग्लादेश में छात्र विद्रोह के दौरान वह चर्चा में आया।



**बांग्लादेश में अगले साल होने हैं आम चुनाव**- गौरतलब है कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन के बाद पहली बार देश में आम चुनाव की तैयारी की जा रही है। फरवरी 2026 में बांग्लादेश में आम चुनाव होने को हैं। हैरान करने वाली बात है कि बांग्लादेश में जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शनों और हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरें आ रही हैं।

### हिरोशिमा ने सरकार से परमाणु-मुक्त सिद्धांतों का पालन करने का किया आग्रह

**टोक्यो, (वार्ता)।** जापान के हिरोशिमा प्रांत ने सोमवार को सरकार से देश के परमाणु-मुक्त सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया। क्योटो न्यूज़ के अनुसार, हिरोशिमा प्रांत की विधानसभा ने सर्वसम्मति से जारी बयान में परमाणु हथियारों के तीन सिद्धांतों की समीक्षा को लेकर स्थानीय चिंताओं का हवाला दिया गया। इन सिद्धांतों के तहत जापान में परमाणु हथियारों के कब्जे, उत्पादन या प्रवेश की अनुमति देने पर रोक हैं। परमाणु बमबारी झेलने वाला एकमात्र देश होने के नाते परमाणु हथियारों से मुक्त विश्व की प्राप्ति की दिशा में निरंतर प्रयास करना हमारा कर्तव्य है। यह बयान प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के नेतृत्व वाली सरकार में सुरक्षा नीति तैयार करने में शामिल एक अधिकारी के हालिया बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जापान को परमाणु हथियार रखने चाहिए।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहा बर्बरतापूर्ण कृत्य आसुरी प्रवृत्ति का परिचायक : शंकराचार्य

वाराणसी, (वार्ता)

काशी में प्रवास कर रहे ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने बांग्लादेश के हालात पर सोमवार को कहा कि आज का समय मानवता की कसौटी का समय है। एक ओर जहां हम आध्यात्मिक उत्कर्ष की बातें करते हैं, वहीं दूसरी ओर पड़ोसी देश बांग्लादेश से आ रही बर्बरतापूर्ण सूचनाएं हृदय को विदीर्ण कर रही हैं। मिथ्या एवं आधारहीन आरोप में एक निर्दोष व्यक्ति दीपू चंद्र दास को जिस प्रकार उन्मादी भीड़ द्वारा जीवित जला दिया गया, वह केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं अपितु संपूर्ण मानवता के माथे पर कलंक है।



शंकराचार्य ने कहा कि धर्म कभी भी प्रतिशोध और हिंसा का मार्ग नहीं सिखाता। हिंसा के वशीभूत होकर किया गया यह कृत्य साक्षात् आसुरी प्रवृत्ति का परिचायक है। जो लोग निहत्थे और निर्दोष को अग्नि के हवाले करते हैं, वे किसी भी धर्म के अनुयायी नहीं हो सकते, वे केवल मानवता के शत्रु हैं। प्रशासन की अक्षमता और वैश्विक समुदायों का मौन जघन्य अपराध में उनकी मूक सहमति जैसा प्रतीत होता है।

उन्होने कहा अंतिम क्षण तक अपने धर्म पर अड़े रहने वाले पुण्यात्मा दीप चंद्र के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। यद्यपि अग्नि में उसके नश्वर शरीर को जला दिया गया है, किंतु नैनं छिन्दंति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः के न्याय से उसकी आत्मा सदा अविनाशी है। हम परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह उस निर्दोष आत्मा को अपने सायुज्य में स्थान दें। साथ ही उस परिवार के प्रति, जिस पर दुखों का यह वज्रपात हुआ है, हम अपनी सहानुभूति प्रकट करते हैं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहन करने का धैर्य एवं साहस प्रदान करें।

महाराजश्री ने साथ ही कहा हम स्पष्ट आह्वान करते हैं कि सभी सभ्य समाज अब और मौन नहीं रह सकता। यह समय केवल प्रार्थना का नहीं बल्कि न्याय के लिए हुंकार भरने का भी है। जब तक पीड़ित परिवार को न्याय और दोषियों को उनके कुकृत्य का कठोरतम दंड नहीं मिल जाता, तब तक धर्मसत्ता का यह स्वर शांत नहीं होगा।

# 258 बच्चे, 140 महिलाओं समेत जिंदा जले 442 लोग

## वो मनहूस 23 दिसंबर जिसकी याद में अब तक नहीं सूखे आंसू

नई दिल्ली

हरियाणा के इतिहास की सबसे मनहूस तारीख थी वर्ष 1995 की 23 दिसंबर। अंतिम कोने में पंजाब-राजस्थान की सीमा पर स्थित सिरसा जिले के शहर डबवाली में भीषण अग्निकांड घटित हुआ। महज सात मिनट में 442 बच्चे, युवा, महिला तथा पुरुष काल का ग्रास बन गए। 30 बरस बीत चुके हैं अग्निकांड को, पीड़ा आज भी जस की तस बरकरार है। हालात ऐसे हैं कि देश-विदेश में कहीं आगजनी की घटना होती है तो पीड़ितों को अपना दु:ख नजर आता है। डबवाली में बहुत से लोग तो ऐसे हैं, जब 23 दिसंबर आती है तो वे पूरा दिन घर से बाहर नहीं निकलते। वर्ष 1995 में जो भीषण मंजर देखा था, वह सामने नजर आता है। दरअसल, यहां अग्निकांड



हुआ, वहां डीएवी स्कूल का सातवां वार्षिकोत्सव था। यह कार्यक्रम राजीव मैरिज पैलेस में चल रहा था। मंच पर नन्हें-मुन्नें बच्चे प्रस्तुति दे रहे थे। बताते हैं कि उस समय करीब 1500 दर्शक मौजूद थे। दोपहर बाद 1.47 बजे शार्ट सर्किट हुआ, तो आग लग गई। सात मिनट में 442 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। मृतकों में 258 बच्चे, 140 महिलाएं तथा 44 पुरुष शामिल थे। जबकि 150 लोग गंभीर रुप से अग्नि में झुलस गए थे। यहां अग्निकांड हुआ था, वहां अब स्मारक बना हुआ है। स्मारक पर 440 मृतकों के नाम लिखे हुए हैं। एक कमरे में मृतकों की फोटो लगी हुई हैं। हर साल 23 दिसंबर को अग्निकांड पीड़ित तथा अन्य लोग स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करने आते हैं। अक्सर परिचितों को याद करते हुए ये लोग आंखे नम कर लेते हैं। हाइकोर्ट ने वर्ष 2009 में पीड़ितों को 34.14 करोड रुपये मुआवजा ब्याज सहित देने के आदेश दिए थे। पीड़ितों को करीब 50 करोड़ रुपये मुआवजा मिला है।

### शेंगेन में रूसी राजनयिकों पर यात्रा प्रतिबंध भेदभावपूर्ण: रूस

**मॉस्को (वार्ता)।** रूस ने कहा है कि यूरोपीय संघ की ओर से शेंगेन क्षेत्र में रूसी राजनयिकों की आवाजाही पर लगाया गया प्रतिबंध स्पष्ट तौर पर भेदभावपूर्ण नीति के तहत लिया गया निर्णय है। स्विट्जरलैंड में रूसी राजदूत सर्गेई गार्मोनिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। गौरतलब है कि 23 अक्टूबर को यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ 19वें प्रतिबंध पैकेज के तहत यूरोपीय संघ में रूसी राजनयिकों की आवाजाही उस देश तक सीमित कर दी थी जहां वे मान्यता प्राप्त हैं। इसके अलावा रूसी राजनयिकों और उच्चायोग के कर्मचारियों को अधिकारियों को सूचित करना होगा यदि वे किसी अन्य यूरोपीय संघ सदस्य देश की यात्रा करने या वहां से गुजरने का इरादा रखते हैं।

# ठंड में आने वाले फरियादियों के लिए रैनबसेरे में रुकने की कराएं व्यवस्था : योगी

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं और प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में भी 'जनता दर्शन' में फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचते हैं, लेकिन लखनऊ में होने वाले 'जनता दर्शन' में भी बड़ी संख्या में फरियादी आते हैं। 'जनता दर्शन' में शामिल होने के लिए एक दिन पहले रात में ही वे राजधानी पहुंच जाते हैं। यहां आने वाले फरियादी रैन बसेरों में रूकें, सरकार ने रैन बसेरों में समुचित व्यवस्था की है। न्होंने लखनऊ प्रशासन को निर्देश दिया कि वे समय-समय पर रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहें और यह सुनिश्चित करें कि रैन बसेरों में रहने वालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस समय ठंड काफी पड़ रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि पहले जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान के पास पहुंचें और अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। प्रशासन स्तर पर हर समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है। सभी जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान को निर्देश दिया कि प्रतिदिन जनता की समस्याएं सुनें और उनका निराकरण कराएं, जिससे उन्हें ठंड के मौसम में लखनऊ न आना पड़े। 'जनता दर्शन' में कुछ फरियादी इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर भी पहुंचे थे। इस पर मुख्यमंत्री ने उनका प्रार्थना पत्र लिया और कहा कि आप अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर दीजिए। सरकार पहले दिन से ही इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। सरकार का संकल्प है कि इलाज के अभाव में किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। 'जनता दर्शन' में कुछ मामले जमीन कब्जे के भी आए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रूख अपनाते हुए इसकी जांच कराते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धान खरीद के मामलों को लेकर पहुंचे किसानों की शिकायत सुनकर उन्होने तत्काल संबंधित प्रशासन को समाधान के लिए निर्देशित किया।

### समय आने दीजिए जरुर चलेगा बुलडोजर

**लखनऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को कफ सिरप मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक अतुल प्रधान के एक सवाल का जवाब देते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है। जांच होने दीजिए समय आने पर बुलडोजर भी चलेगा। कि उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप या नकली दवा से किसी भी व्यक्ति की मौत की कोई जानकारी शासन के संज्ञान में नहीं आई है और इस संबंध में फैलाए जा रहे भ्रम का कोई आधार नहीं है। उन्होने कहा कि राज्य में हाल ही में पकड़े गए सबसे बड़े थोक विक्रेता को वर्ष 2016 में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान लाइसेंस दिया गया था। वर्तमान सरकार ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए जांच तेज कर दी है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# रणदीप हुड्डा ने दोस्तों और परिवार के साथ मनाया लिन लैशराम का जन्मदिन

बॉलीवुड स्टार रणदीप हुड्डा ने अपने दोस्तों और परिवार के साथ पत्नी लिन लैशराम का जन्मदिन मनाया। रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने बीते सप्ताहांत एक सादा और खुशियों भरा जश्न मनाया। रणदीप ने इस खास मौके पर अपने करीबी दोस्तों के साथ लिन का जन्मदिन मनाया। यह समय रणदीप और लिन दोनों के लिए और भी खास है, क्योंकि वे जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं।यह छोटा सा जश्न सप्ताहांत में उनके करीबी दोस्तों और शुभचिंतकों की मौजूदगी में हुआ, जहां माहौल प्यार, अपनापन और खुशी से भरा रहा। यह निजी आयोजन उनके जीवन के नए अध्याय और माता-पिता बनने की खुशी को दर्शाता है। इस मौके पर अभिनेता विजय वर्मा, सयानी गुप्ता और अंजलि आनंद भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस जश्न को और भी खास बना दिया। फिल्म जगत और निजी जीवन के दोस्तों ने मिलकर लिन को ढेर सारा प्यार दिया। अपने जन्मदिन और मातृत्व की नई यात्रा का जश्न मनाते हुए लिन बेहद खूबसूरत और खुश नजर आईं।



# यो यो हनी सिंह का म्यूजिक वीडियो 'आदत' रिलीज



लोकप्रिय रैपर यो यो हनी सिंह का म्यूजिक वीडियो 'आदत' रिलीज हो गया है। यो यो हनी सिंह के एल्बम 51 ग्लोरियस डेज़ का गाना 'आदत' सितंबर में एल्बम के रिलीज़ होते ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर चार्ट्स तोड़ने लगा। दर्शकों की ज़बरदस्त मांग को देखते हुए, टी-सीरीज़ और भूषण कुमार अब इस गाने को स्क्रीन पर लेकर आए हैं। यो यो हनी सिंह और एपी ढिल्लों की पावरहाउस जोड़ी द्वारा स्वैग के साथ तैयार किया गया और खूबसूरत वाणी कपूर अभिनीत, 'आदत' एक बार फिर प्लेलिस्ट्स पर छा जाने के लिए तैयार है। यो यो हनी सिंह और एपी ढिल्लों की आवाज़ और संगीत से सजा 'आदत' यो यो को एपी ढिल्लों की मॉडर्न, वातावरणीय साउंडस्केप में पूरे दमखम के साथ उतरते हुए दिखाता है, वहीं वे अपने सिग्नेचर डॉमिनेंस के साथ ट्रैक पर पूरी पकड़ बनाए रखते हैं। शिंडा कहलोन और जैकबार्स के बोल गाने में एक सिहरन भरी कड़वाहट जोड़ते हैं, जो मूड को और गहराई देते हैं और कंपोज़िशन के इमोशनल एज को और तेज़ करते हैं। मिहिर गुलाटी द्वारा निर्देशित म्यूज़िक वीडियो इस इलेक्ट्रिक फ्यूज़न को दर्शाता है, जो एपी ढिल्लों की शैडोई, मिनिमलिस्ट एस्थेटिक और यो यो हनी सिंह की बोल्ड, लाइफ से बड़ी दुनिया के बीच सहजता से आगे-पीछे चलता है। वाणी कपूर की मैग्नेटिक मौजूदगी हर फ्रेम को थामे रखती है, जो विज़ुअल नैरेटिव में बैलेंस, आकर्षण और तीव्रता लेकर आती है। साथ मिलकर, यह तिकड़ी एक स्टाइलिश, हाई-वोल्टेज स्पेक्टेकल पेश करती है, जो लंबे समय तक असर छोड़ता है। पहले से ही देशभर में प्लेलिस्ट्स पर धूम मचाता और सभी प्रमुख प्लेटफॉर्म्स पर स्ट्रीम होता एक सर्टिफ़ाइड फैन फेवरेट बन चुका 'आदत' अपनी जीत की लय बरकरार रखे हुए है।

# संदीपा धर ने नये साल पर प्रशंसकों को दिये फिटनेस मंत्र

अभिनेत्री संदीपा धर ने नये साल पर अपने प्रशंसकों को फिटनेस मंत्र दिये हैं। संदीपा धर का फिटनेस फ़लसफ़ा संतुलन, निरंतरता और अपने शरीर की ज़रूरतों को समझने पर आधारित है। उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर एक नज़र डालते ही साफ़ हो जाता है कि उनका वर्कआउट रूटीन बेहद विविध और संतुलित है, जिसमें स्ट्रेंथ, फ़्लेक्सिबिलिटी, माइंडफुलनेस और हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिंग का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। संदीपा के लिए फिटनेस कोई अस्थायी लक्ष्य नहीं, बल्कि एक लाइफ़स्टाइल है। संदीपा अपनी फिटनेस रूटीन में किकबॉक्सिंग को खास जगह देती हैं। उनके ट्रेनिंग वीडियोज़ में दमदार पंच, सटीक किक्स और फ़ोकस्ड फ़ुटवर्क नज़र आते हैं, जो यह दिखाते हैं कि यह कॉम्बैट स्पोर्ट न सिर्फ़ मसल्स को टोन करता है, बल्कि स्टैमिना और फुर्ती भी बढ़ाता है। शारीरिक फ़ायदों के साथ-साथ किकबॉक्सिंग उनके लिए एक बेहतरीन स्ट्रेस-बस्टर भी है, जो मानसिक एकाग्रता बढ़ाने और ऊर्जा को सही दिशा देने में मदद करता है। पिलाटेस संदीपा के फिटनेस रूटीन का एक अहम हिस्सा है, ख़ासकर कोर स्ट्रेंथ और पोस्चर के लिए। उनकी पिलाटेस सेशंस में कंट्रोल्ड मूवमेंट्स, डीप मसल एंगेजमेंट और बैलेंस पर ज़ोर दिया जाता है। यह लो-इम्पैक्ट वर्कआउट फ़्लेक्सिबिलिटी बढ़ाने, कोर को मज़बूत करने और बॉडी अलाइनमेंट सुधारने में मदद करता है, और लंबे शूटिंग आवर्स और फिज़िकली डिमांडिंग रोल्स के बीच काम करने वाले एक्टर के लिए बेहद ज़रूरी है। संदीपा के इंटेंस फिटनेस शेड्यूल में योग, शांति और संतुलन लाता है। अलग-अलग आसनों और फ्लो-बेस्ड प्रैक्टिस के ज़रिए वह फ़्लेक्सिबिलिटी, ब्रीदिंग और मानसिक स्पष्टता पर काम करती हैं। योग न सिर्फ़ रिकवरी में मदद करता है, बल्कि उन्हें अंदर से ग्राउंडेड भी रखता है।



# आशीष चंचलानी ने स्त्री और दंगल के लिए दिया था ऑडिशन



डिजिटल स्टार आशीष चंचलानी ने स्त्री और दंगल जैसी सुपरहिट फिल्मों के लिए ऑडिशन दिया था। आशीष चंचलानी ने अपने मज़ेदार और एंटरटेनिंग कंटेंट से यूट्यूब की दुनिया में धूम मचा दी है। कंटेंट क्रिएशन में कदम रखने के बाद से ही वह लगातार आगे बढ़ते गए और सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते रहे। इतना ही नहीं, उन्होंने एकाकी के ज़रिए डायरेक्शन में भी डेब्यू किया, जो इस वक्त लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। आशीष ने स्त्री और दंगल जैसी फ़िल्मों के लिए भी ऑडिशन दिया था। आशीष चंचलानी ने स्त्री और दंगल में बिट्टू और ओमकार के रोल के लिए ऑडिशन दिया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में आशीष ने दोनों फिल्मों के ऑडिशन का अपना किस्सा बताया और कहा कि ये रोल बाद में अपारशक्ति खुराना को मिल गए। आशीष ने कहा, मैंने फिल्म स्त्री के लिए ऑडिशन दिया था, अपारशक्ति के रोल के लिए। एक बार दंगल के लिए भी किया था। मैं अपार भाई को बोलता हूँ, %भाई, आपके साथ कुछ तो है। इसलिए मेरे को पता चलता है न कि आप पिक्चर कर रहे हो, तो मैं भाग जाता हूँ। क्योंकि मेरे को मालूम है, मैंने कुछ ऑडिशन किया, आप लेकर जाओगे। एकाकी में आशीष चंचलानी कई ज़िम्मेदारियाँ निभा रहे हैं, वह इसके लेखक, निर्देशक, निर्माता और मुख्य अभिनेता भी हैं, जो उनके बड़े क्रिएटिव विज़न को दिखाता है। इस सीरीज़ में उनकी करीबी टीम भी फिर से साथ आई है। कुणाल छाबड़िया को-प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़े हैं, आकाश दोदेजा पैरेलल लीड में नज़र आ रहे हैं, जशन सिरवानी एग्ज़ीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं और तनीष सिरवानी शो की क्रिएटिव दिशा संभाल रहे हैं इसका स्क्रीनप्ले ग्रिशिम नवानी के साथ मिलकर लिखा गया है।

# वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में गीत संगीत की दी जोरदार प्रस्तुति

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

आनंदम् म्यूजिकल ग्रुप का वार्षिक कार्यक्रम स्वर संगम अभिनंदन गार्डन खैरी नाका में हर्षोल्लाश पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में आनंदम ग्रुप के सदस्यों के साथ इशिता म्यूजिकल ग्रुप कटनी के 16 सदस्य एवं वाणी म्यूजिकल ग्रुप के 6 सदस्य सम्मिलित हुए, लगभग 40 सुर साधकों के द्वारा अपनी सर्वोत्तम प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ।



इसके बाद गीत संगीत का क्रम आनंदम ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य माधव शेन्द्रे एवं अभिनंदन गार्डन के संचालक मुकेश शर्मा के गीतों से प्रारंभ हुआ और उसके पश्चात निरंतरता के क्रम में कटनी ,नरसिंहपुर और करेली के सुर साधकों द्वारा अपने सुमधुर गीत प्रस्तुत किए गए इस क्रम में आनंदम ग्रुप नरसिंहपुर से विजय पटेल , अनिल नेमा , भागीरथ विश्वकर्मा विकाश नेमा, ब्रजेश विश्वकर्मा, अरविंद पाठक,विश्वनाथ ठाकुर ,करन सिंह, सुभाष सराठे, ऋषभ जैन, सूर्यकांत नेमा, रविंद्र जैन , मातृ शक्ति में भारती कौरव, सीमा दीक्षित , नीलू वर्डिया , सुनीता,सुश्री मनीषा , स्वाति जैन, प्रतिभा विश्वकर्मा, गजेंद्र कोस्टा ,श्री स्थापक , वाणी म्यूजिकल ग्रुप करेली से करण पटेल ,अमृता सिंह ,मुकेश ठाकुर ,कमलेश विश्वकर्मा , शैलेश व्यास ने और इशिता म्यूजिकल कटनी से दिलीप विश्वकर्मा ,विश्वास जी, नामदेव जी ,राजेश , यशपाल , राजू सिंह , साइमन जोसेफ, सुनील शर्मा सुनील दुबे ,शंकर यादव जी ,सिंह जी ,मनोज ,अपर्णा जी ,अरुण ी अशोक और पालीवाल ने अपनी एक से बढ़कर एक सुमधुर प्रस्तुतियां दी गयी, कार्यक्रम के अध्यक्ष राकेश जैन रहे,एवं मुख्य अतिथि नगर निरीक्षक गौरव चांटे तथा विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीकांत धाकड़ जी की उपस्थिति में आनंदम म्यूजिकल परिवार के द्वारा इशिता म्यूजिकल ग्रुप कटनी और वाणी म्यूजिकल ग्रुप करेली का सम्मान, प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण गौरव चाटे के प्रस्तुत सुमधुर गीत तेरी आँखों के सिवा दुनिया में रखा क्या है.. रहा। कार्यक्रम का सुचारु संचालन भारती कौरव, सीमा दीक्षित एवं विकाश हार्दिक नेमा द्वारा किया गया, अंत में स्वादिष्ट व्यजनों के साथ विजय पटेल द्वारा सभी की आनंदमयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# क्रिकेट मैच के माध्यम से दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश



### नरसिंहपुर में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिका क्रिकेट मैच सम्पन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** राज्य शासन के निर्देशानुसार बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जिले में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जिले में आयोजित की जा रही है। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका क्रिकेट मैच का आयोजन शासकीय पीएम श्री पीजी कॉलेज नरसिंहपुर स्थित ग्राउंड में शनिवार को किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनंत दुबे, श्री प्रमेश शंकर शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नरसिंहपुर श्री राधेश्याम वर्मा, प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास सुश्री प्रांजलि मर्सकोले, स्पोर्ट ऑफिसर श्री अर्पित सक्सेना, श्री भानु प्रताप प्रजापति, बाल संरक्षण अधिकारी श्री सौनिध्य सराठे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्पोर्ट्स और अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। क्रिकेट मैच के दौरान शासकीय पीजी कॉलेज तेंदूखेड़ा टीम की कप्तान श्री मोनिका पटेल ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 47 रन बनाए। शासकीय पीएम श्री पीजी कॉलेज नरसिंहपुर की टीम ने बैटिंग करते हुए बिना विकेट खोए मात्र 5.3 ओवर 48 रन बनाकर जीत हासिल की। मैच के पश्चात अतिथियों ने सर्वाधिक 29 रन बनाने वाली शिवानी धुर्वे को मैन ऑफ द मैच ट्राफी, उपविजेता टीम को सिल्वर मेडल एवं कप्तान मोनिका पटेल को ट्राफी, पीजी कॉलेज नरसिंहपुर की विजेता टीम को गोल्डन मेडल व टीम की कप्तान आरजू कुर्मी को ट्राफी प्रदान की। इसके पश्चात अतिथियों व खिलाड़ियों ने जिले में ज्ञान का दीपक जलाना है।

# राज्य शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, ज्ञापन सौंपा



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के आह्वान पर राज्य शिक्षक संघ जिला इकाई नरसिंहपुर द्वारा जिलाध्यक्ष श्री अजीत जाट एवं समस्त प्रांतीय, जिला पदाधिकारियों, ब्लॉक व तहसील अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा पदाधिकारियों के नेतृत्व में राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग में कार्यरत शिक्षक संवर्ग की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाली किए जाने तथा अव्यावहारिक ई अटेंडेंस समाप्त किए जाने संबंधी प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में जिलाधीश के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष अजीत जाट ने बताया कि हमारी प्रमुख मांग राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति एक जुलाई 2018 से की गई है. उस दिन के बाद से आज दिनांक तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता न मिलने के कारण अनेक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए। एवं मध्यप्रदेश के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की अव्यवहारिक ई अटेंडेंस व्यवस्था को बंद किया जाए।

जिला स्तरीय ज्ञापन कार्यक्रम में डा मंजुला शर्मा, श्रीमती प्रगति पटेल, कोमल सिंह पटेल, कमलेश शर्मा, अनीता पटेल ने अपने उदगार व्यक्त किए। ज्ञापन कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु सभी शिक्षकों के प्रति प्रमेंद्र सिंह जाट द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर जिले से सैकड़ों शिक्षक साथी, शिक्षिकाएं एवं पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सम्बन्धी चुनौतियाँ और स्वस्थ जीवन शैली विषय पर व्याख्यान

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

आरोग्य भारती संस्था द्वारा गत दिवस स्वास्थ्य सम्बन्धी चुनौतियाँ और स्वस्थ जीवन शैली विषय पर पी जी कॉलेज के वर्चुअल हाल मे व्याख्यान आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अशोक कुमार वार्ष्णेय मुख्य अतिथि श्री विनोद नेमा प्रांत सह कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वरिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी श्री सुनील कोठारी , महाकौशल प्रान्त सचिव श्री डॉक्टर आशीष राव की गरिमामयी उपस्थिति रही. इसके साथ ही कार्यक्रम मे वरिष्ठ समाज सेवी श्री महंत प्रीतमपुरी , रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ अनन्त दुबे, पी जी कॉलेज नरसिंहपुर के प्राचार्य श्री डॉ आर. बी. सिंह और भाजपा महिला मोर्चा की



अध्यक्ष निशा सोनी भी विशेष रूप से उपस्थित रही. कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ पुनीत गुप्ता द्वारा और आभार प्रदर्शन आरोग्य भारती नरसिंहपुर इकाई के अध्यक्ष डॉ अमित सोनी द्वारा किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भगवान धन्वन्तरि जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया। भगवान धन्वन्तरि वाचन डॉ नेहा नेमा द्वारा किया गया. कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों का अंगवस्त्र एवं औषधि पौधे प्रदान कर सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ अशोक वार्ष्णेय जी ने सारगर्भित शब्दों मे स्वास्थ्य सम्बन्धी चुनौतियों और स्वस्थ जीवन शैली पर विचार व्यक्त किये। अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्रों को वर्तमान समय में आरोग्य के प्रति जागरूकता के महत्व को बताते हुए चिकित्सा के साथ साथ स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ अशोक कुमार वार्ष्णेय ने कुछ प्रश्नों के माध्यम से उपस्थित जनो को को समय से सोने-उठने, शारीरिक एवं मानसिक व्यायाम करने सम्बन्धी आदतों को अपनाने की सलाह दीं. इस कार्यक्रम मे इंजीनियर सुनील कोठारी और विनोद नेमा ने भी मुख्य अतिथि का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके उद्बोधन से छात्रों ही नहीं अपितु शिक्षकों तथा उपस्थित अन्य चिकित्सकों का भी उत्साहवर्धन हुआ है। इसके पश्चात अतिथियों को स्मृतिचिह्न भेंट कर उनका धन्यवाद किया गया. अंत मे शांति पाठ श्रीमती मंजूशा सेन द्वारा किया गया.इस कार्यक्रम मे आरोग्य भारती के सभी पदाधिकारी डॉ अमित सोनी , डॉ धनंजय पटेल, डॉ मुकेश नेमा, डॉ पुनीत गुप्ता , डॉ नेहा नेमा, डॉ मोनिका नेमा, डॉ आशीष सोनी, डॉ श्रीमती गौरीष सोनी, डॉ योगेश राघव, वैभव गुप्ता ,डॉ सुभाष नागवंशी की उपस्थिति रही।

# परिवार से बिछड़ी नाबालिग बालिका को नरसिंहपुर पुलिस ने परिजनों से मिलाया

### लगभग डेढ़ माह पूर्व अमजेर क्षेत्र से 14 वर्षीय नाबालिग बालिका गुम हो गई थी

**नरसिंहपुर।** डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि आरटीओ कार्यालय के पास एनएच-44 पर एक नाबालिग बालिका घूम रही है। सूचना पर डियूटी में तैनात पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुँचकर बालिका को अपने संरक्षण में लिया गया। बालिका से उसके परिजनों के संबंध में जानकारी पूछे जाने पर वह कोई जानकारी नहीं दे सकी। आवश्यक जानकारी प्राप्त न होने की स्थिति में बालिका को वन-स्टॉप सेंटर भेजा गया। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया । उक्त मामला पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के संज्ञान में आते ही नाबालिग बालिका के परिजनों की पतासाजी हेतु अति. पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी नरसिंहपुर श्री मनोज गुप्ता के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही, बालिका के परिजनों के मिलने तक पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण की सतत निगरानी की गई।



**गुमशुदा बालिका के परिजनों की तलाश हेतु सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्राप्त जानकारी का संकलन किया गया**-गुमशुदा बालिका के परिजनों की पतासाजी एवं तलाश हेतु सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं का संकलन किया गया। इस दौरान बालिका द्वारा बार-बार अजमेर (राजस्थान) का नाम लिए जाने पर राजस्थान पुलिस से संपर्क स्थापित किया गया। राजस्थान पुलिस की सहायता से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त बालिका लगभग डेढ़ माह पूर्व अजमेर (राजस्थान) से गुम हुई थी। इस सूचना के आधार पर तत्काल बालिका के परिजनों से संपर्क किया गया, जिनके द्वारा पुष्टि की गई कि उक्त बालिका उनके ही परिवार की है।

लगभग डेढ़ माह बाद परिजनों से मिलकर नाबालिग बालिका की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा

उक्त नाबालिग बालिका का परिवार अत्यंत गरीब है, जिसे नरसिंहपुर पुलिस द्वारा विशेष प्रबंध कर नरसिंहपुर बुलाया गया। आज दिनांक 22.12.2025 को उक्त बालिका को विधिवत रूप से उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालिका द्वारा अपने परिजनों को देखकर उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा, वहीं परिजन भी अपनी गुमशुदा बालिका से मिलकर अत्यंत प्रसन्न हुए तथा नरसिंहपुर पुलिस की सजगता एवं तत्परता की सराहना की। नरसिंहपुर पुलिस की इस मानवीय एवं संवेदनशील कार्यवाही से परिवार में एक बार फिर खुशियाँ लौट आई हैं। इस सफल कार्यवाही से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

**गुमशुदा महिला की तलाश एवं पतासाजी में इनकी रही भूमिक**- उक्त प्रकरण बालिका के परिजनों की पतासाजी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक गौरव चाटे के साथ आरक्षक, सुधीर यादव, महिला आरक्षक योगिता, महिला आरक्षक रीना एवं बन-स्टाप-सेन्टर से अंजिता श्रीवास्तव एवं महिला बाल बिकास अधिकारी श्री राधेश्याम वर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

# सायकिल से देश भ्रमण पर निकले वरिष्ठ जनों का किया सम्मान



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद के सदस्य समाजसेवी डा.अनंत दुबे देवेन्द्र दुबे एवं जुगल किशोर शर्मा के द्वारा सायकिल से देश भ्रमण यात्रा पर जाने से पूर्व परिषद द्वारा बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर नरसिंहपुर में उनका शाल श्रीफल और पुष्प मालाओं से स्वागत सम्मान और अभिनंदन किया गया ।डा.अनंत दुबे ने 25 दिसम्बर से 11 फरवरी तक श्रीनगर से कन्याकुमारी तक की जाने वाली सायकिल यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि चार हजार किलोमीटर की यह जन संवाद पंच परिवर्तन यात्रा है ।हम लोग 11 प्रांतो के 45 बड़े शहरों से होते हुए कन्याकुमारी पहुंचेंगे ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी बर्ष पर आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण सामाजिक समरसता स्वदेशी भावना कुटुम्ब प्रबोधन नागरिक कर्तव्य सहित जनसेवा और देशभक्ति से जोड़ना है।

परिषद की ओर से अध्यक्ष गणेश कुमार चतुर्वेदी डा केदार गुप्ता सी बी शर्मा अशोक वर्मा डा महेश त्रिपाठी कविवर रमाकांत गुप्ता नीर यू एस उपाध्याय एस के चतुर्वेदी विजय शर्मा धनपत तिवारी विनोद तिवारी बंधु बी एस पटेल अरुण कुमार खरे ऋषि महोबिया बी एस साहू नागवंशी जी जगदीश रघुवंशी राजेन्द्र राय प्रमेश शंकर शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ जनो ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं ।संचालन गणेश कुमार चतुर्वेदी ने एवं आभार प्रदर्शन अरुण कुमार खरे ने किया।

# महाराजा खेतसिंह खंगार जयंती समारोह की तैयारियां जोरों पर



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

खंगार समाज के गौरव अधिपति महाराजा खेतसिंह खंगार की 885वीं जन्म जयंती समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं । जिला खंगार समाज सेवा विकास समिति द्वारा आगामी 27 दिसंबर शनिवार को दोपहर 1बजे से आजाद भवन, चीचली रोड गाडरवारा मे जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राव उदय प्रताप सिंह (स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री म.प्र. शासन) ,विशिष्ट अतिथि शिवाकांत मिश्रा (अध्यक्ष- न. पा. परिषद ) , नरेश पाठक (पूर्व विधायक ), श्रीमति साधना स्थापक (पूर्व विधायक, ) मिनेन्द्र डागा (प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, भाजपा), मुकेश मरैया (पूर्व जनपद अध्यक्ष, चीचली), डॉ. योगेश कौरव (जिला पंचायत सदस्य, ), चन्द्रकांत शर्मा (मण्डल अध्यक्ष ) , राव संदीप सिंह (अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा), मोहरकांत गुर्जर (अध्यक्ष किसान मोर्चा ), प्रियांक जैन (अध्यक्ष युवा मोर्चा ) साध्वी सुश्री अंजू शुक्ला (सदस्य जिला पंचायत) , ठाकुर प्रसाद सिंह खंगार (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खंगार समाज सेवा विकास समिति) विशेष रूप से पधार रहे हैं खंगार समाज सेवा विकास समिति नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष बलदेव प्रसाद खंगार ने समस्त खांगर समाज व विकास समिति के पदाधिकारियो से अधिक से अधिक संख्या में गाडरवारा मे होने जा रहे कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है ।

# जन अभियान परिषद की पहल, गोदावल नाला में किया गया बोरी बंधान

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जन अभियान परिषद विकासखंड ब्यौहारी के तत्वावधान में सेक्टर क्रमांक आखेटपुर-01 के अंतर्गत जल संचय अभियान के तहत गोदावल नाला में बोरी बंधान का कार्य किया गया। इस कार्य का उद्देश्य क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा देना तथा सिंचाई एवं पशुपालन के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करना है। बोरी बंधान कार्य पूर्ण होने से लगभग 20 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई संभव होगी, साथ ही पशुओं के पीने के लिए पानी की समुचित व्यवस्था होगी। इससे जल स्त्रोतों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय, नवांकुर संस्था जगदंबा, जन विकास समिति के अध्यक्ष यमुना प्रसाद नापित, ग्राम पंचायत मैरटोला के सरपंच एवं सचिव, सुदामा गुप्ता, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव शिवम गुप्ता उपस्थित थे।

# गाडरवारा नगर की शालेय पत्रिका धरोहर का विमोचन समारोह संपन्न

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

विगत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीटीआई, में नगर के सभी हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों को शामिल करते हुए शालेय वार्षिक पत्रिका धरोहर का विमोचन प्रदेश के जाने-माने वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या, संयुक्त संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, बी आर सी संदीप स्थापक, नगर के चारों उमावि विद्यालयों प्राचार्य जिनमें एस के मिश्रा, सुशील शर्मा, श्रीमती सुनीता पटेल, श्रीमती लेखा कौरव सहित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच संपन्न हुआ। विगत वर्षों में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा से डॉ मंजुला शर्मा के संपादन में प्रवाहिनी नाम



से प्रकाशित पत्रिका को इस वर्ष विस्तार देते हुए नगर के सभी विद्यालयों के बच्चों को शामिल करते हुए धरोहर नाम से प्रकाशित किया गया।

लोक संस्कृति और उसकी सार्थकता विषय पर सभी विद्यालय के शिक्षकों की एक संपादकीय टीम के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने लोक परंपराओं रीति रिवाजों की जीवन में सार्थकता पर सुंदर, सारगर्भित रचनाएं लिखी। इस बहाने बच्चों ने अपने बड़े बुजुर्गों से जुड़कर अपनी महान संस्कृति का अध्ययन किया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे सभी विद्यालयों में करने का सुझाव दिया।

सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे ने बच्चों को पुस्तकों से जोड़ने के इस प्रयास की प्रशंसा की। बीआरसी संदीप स्थापक ने भूरी भूरी प्रशंसा की ।?अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में धरोहर के प्रमुख मार्गदर्शक एवं नगर के वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव ने लेखन के महत्व को रेखांकित करते हुए धरोहर की पूरी टीम और सभी विद्यार्थियों को उनके इस महत्वपूर्ण कार्य की प्रशंसा की। विमोचन उपरांत संपादकीय टीम के श्रीमती निर्मला पाराशर श्रीमती अर्चना दुबे, श्रीमती अर्चना नामदेव,श्रीमती भारती आरसे मलखान मेहरा योगेंद्र झरिया एवं कंछेदी धानक सहित पत्रिका में अपनी रचनाएं लिखने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पत्रिका की एक प्रति उपहार स्वरूप प्रदान की गई। आभार प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल ने किया । कार्यक्रम का सफल संचालन योगेन्द्र झारिया ने किया ।

# पुलिस के लिए सिरदर्द बने लंबित अपराध

## कई मामलों की जांच पूरी नहीं, कई में आरोपियों का सुराग नहीं

## चोरी के कई मामलों का खुलासा नहीं, खात्मे के लिए करनी पड़ रही माथापच्ची

कटनी (स्वतंत्रमत)

साल भर थानों में दर्ज होने वाले मामलों के खात्मे के लिए पुलिस को माथापच्ची करनी पड़ रही है। सबसे ज्यादा परेशानी चोरी के मामलों को लेकर हो रही है। जिले के शहरी थानों की बात करें तो चोरी की कई ऐसी वारदातें हैं, जिनके आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर हैं। इन मामलों की जांच कैसे पूरी होगी, यह बड़ा सवाल है। माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए एटीएम लूटकांड का खुलासा भी अब तक नहीं हो पाया है। कोतवाली, एनकेजे और कुठला थाना क्षेत्र में भी कई ऐसी वारदातें हुई हैं, जिनको निपटाने में पुलिस को पसीना आ रहा है। बाइक चोरी की वारदातों का भी ग्राफ इस साल ज्यादा



रहा। ऐसा कोई थाना नहीं रहा, जहां बाइक चोर सक्रिय नहीं रहे हों। हर दिन इस तरह की वारदातें घटित होती रही। इक्का-दुक्का मामलों में पुलिस को सफलता भी मिली, लेकिन ज्यादातर मामले पेंडिंग ही है। इसी तरह मर्ग की भी जांच अधूरी है। पुलिस अधिकारियों के साथ ही थाना प्रभारियों की कोशिश है कि नए साल में 10 प्रतिशत से ज्यादा मामले पेंडिंग नहीं रहें लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है।

### कोतवाली और माधवनगर में एक हजार से ज्यादा मामले

शहर के दो थानों कोतवाली और माधवनगर की बात करें तो यहां पर साल भर में एक हजार से अधिक मामले दर्ज हुए हैं, जबकि कुठला में यह आंकड़ा साढ़े 9 सौ के आसपास है। ग्रामीण थानों की बात करें तो सभी में 500 से 600 मामले औसतन कायम हुए हैं। शहर के ही रंगनाथ नगर थाने में यह आंकड़ा काफी कम है। जानकारी के मुताबिक साल भर में यहां साढ़े तीन सौ के आसपास मामले कायम हुए हैं।

### लंबित मामलों का निराकरण चुनौती

वर्ष 2025 की विदाई करीब है। दिसम्बर खत्म होने में अब ज्यादा समय नहीं रह गया है और नए साल की दस्तक से पहले पुलिस प्रशासन पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी लंबित मामलों के निपटारे की है। इन बचे हुए दिनों के अंदर पुलिस को पुराने, अधूरे और रुके हुए प्रकरणों को बंद करने की चुनौती है, जिसे लेकर शहर और ग्रामीण अंचलों के तमाम थानों में फाइलों की हलचल तेज हो गई है। थाना प्रभारी से लेकर विवेचक तक सभी की प्राथमिकता अब केवल एक ही है लंबित अपराधों का निकाल कैसे किया जाए। साल भर में दर्ज हुई शिकायतें पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई थीं, जिन्हें अब तेजी से सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों द्वारा पुरानी शिकायतों की फाइलें खोलकर विवेचना की जा रही है और नए मामलों को दर्ज करने में परहेज किया जा रहा है, ताकि पेंडेंसी बढ़ने न पाए। शहर के थानों में ऐसे प्रकरणों का ढेर लगा है, जिन्हें खत्म करने के लिए अब सिर्फ कुछ दिन बचे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिए हैं कि साल खत्म होने से पहले हर लंबित मामला या तो कायमी की स्थिति में पहुंचे या खात्मे की श्रेणी में दर्ज हो जाए। आदेश के बाद मातहत अधिकारी भी पूरी ताकत झोंक चुके हैं, ताकि थानों का रिकॉर्ड दुरुस्त हो सके। सूत्रों के अनुसार कई ऐसी शिकायतें थीं, जो महीनों से फाइलों में धूल खा रही थीं। अब उन सभी फाइलों को तेजी से खंगाला जा रहा है। जांच पड़ताल के दौरान जिन मामलों में अपराध स्थापित होता दिख रहा है, उनमें एफआईआर दर्ज की जा रही है। जिन शिकायतों में साक्ष्य अपर्याप्त हैं, उनमें खात्मा प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जिन प्रकरणों में बयान अधूरे थे, उनमें फरियादियों को फोन कॉल किए जा रहे है।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन



कटनी (स्वतंत्रमत)

शासकीय कन्या महाविद्यालय में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य आकर्षण पोस्टर प्रदर्शनी तथा वैदिक गणित पर व्याख्यान रहा, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। राष्ट्रीय गणित दिवस महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय गणितीय विरासत का सम्मान करना तथा छात्राओं में वैदिक गणित के प्रति जागरूकता पैदा करना था। वैदिक गणित की सरलता, तीव्रता और अनोखी विशेषताओं को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. विमला मिंज ने कार्यक्रम का समग्र मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का संचालन प्रियंका सोनी तथा सृष्टि श्रीवास्तव ने कुशलतापूर्वक संपन्न किया। मुख्य वक्ता गणित विशेषज्ञ डॉ. अर्पित द्विवेदी रहे, जिन्होंने प्रेजेंटेशन के जरिए वैदिक गणित की गहराई को समझाया। उन्होंने प्राचीन भारतीय गणितज्ञों जैसे आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, माधव, श्रीनिवास रामानुजन तथा हरीशचंद्र के योगदान एवं उनके शोध कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. रोशनी पांडेय, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, डॉ. अशोक शर्मा, भीम बर्मन, प्रेमलाल कावरे, डॉ. मदन शाह मारवी, डॉ. पी.सी. कोरी, अंजनेय तिवारी, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. मैत्रैयी शुक्ला, देववती चक्रवर्ती तथा पूजा सिंह राजपूत सहित कई शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन न केवल छात्राओं को प्राचीन भारतीय ज्ञान से जोड़ने में सफल रहा, बल्कि गणित के प्रति उनकी रुचि को भी बढ़ावा देने वाला सिद्ध हुआ। ऐसे कार्यक्रम भारतीय शिक्षा प्रणाली में परंपरा और आधुनिकता के समन्वय को दर्शाते हैं।

# दर्जन भर स्थानों पर अवैध शराब की खुलेआम बिक्री

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध तरीके से शराब का विक्रय किया जा रहा है। इस ओर न तो पुलिस का ध्यान है और न ही आबकारी विभाग का, जबकि पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा पिछले कुछ दिनों से अवैध शराब के खिलाफ हर दिन अभियान संचालित किया जा रहा है। आबकारी विभाग द्वारा जहां गांव-गांव रेड मारी जा रही है तो वहीं पुलिस द्वारा ऑपरेशन शिकंजा के तहत बीती रात अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। शिकायतों के मुताबिक रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भट्ठा मोहल्ला, गड्ढा टोला, बंधवा टोला, वंशकार मोहल्ला, झर्रा टिकुरिया, कावस जी वार्ड, फारेस्टर वार्ड, रामनिवास सिंह वार्ड सहित अंदरूनी इलाकों में कहीं घरों से तो कहीं खुलेआम देशी-विदेशी शराब का विक्रय किया जा रहा है। बताया जाता है कि कतिपय लोगों के संरक्षण में इस अवैध कारोबार को संचालित किया जा रहा है। शराब की अवैध बिक्री से आबकारी विभाग को भी राजस्व की क्षति हो रही है। इन स्थानों पर सुबह से लेकर देर रात देशी एवं विदेशी के साथ प्लेन एवं मसाला शराब बेची जा रही है। नियमों की बात करें तो शराब की बिक्री केवल लाईसेंसी दुकान से ही हो सकती है, लेकिन इसके बाद भी यहां शराब बेची जा रही है। अवैध शराब बिक्री से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। शाम होते ही पूरा इलाका मयखाने में तब्दील हो जाता है।

# बारहवीं के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

## सायना में विदाई समारोह सम्पन्न

कटनी (स्वतंत्रमत)

सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में विगत दिवस कक्षा 12वीं के छात्रों की विदाई समारोह सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोल्लास सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ. भारती शर्मा सायना किड्स प्रभारी तथा प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि मि. ऋषि अरोरा सर सहित सायना स्टाफ उपस्थित था। कक्षा 11वीं के छात्र छात्राओं ने 12वीं के छात्र/छात्राओं का अभिनन्दन तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर किया, साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने करतल ध्वनि से अतिथियों का अभिनंदन किया। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति उपरांत अतिथियों ने विदाई ले रहे



छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न सहित उपहार देकर सम्मानित किया। मंच से कक्षा 12 के छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सायना के प्राचार्य ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि यह परिवर्तन का दौर है और हमें अपने आप को वैष्विक चुनौतियों से निपटने के लिए सजग रहना होगा। आपको अब आगे का उन्मुक्त आकाश मिलेगा लेकिन आपके पंखों में कितनी ताकत है यह आप तय करके ऊँचाइयों को छुएँगें। सायना से निकलने वाला हर विद्यार्थी सायना का एम्बेसडर है और मेरी आशा है कि वह सदैव अपने संस्कारों के साथ न केवल अपनी प्रगति करे बल्कि एक आदर्श नागरिक भी बने। सायना के हैड बॉय रनवीर सिंह और स्कूल कैप्टन वंशिका वाजपेयी ने अपने लंबी स्कूल यात्रा का उल्लेख करते हुए सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। वरिष्ठ शिक्षक मि. राज षुक्ला एवं हेडमास्टर डॉ. लोकेश दुबे ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा अपना लक्ष्य खुद तय करो और प्रयास करोए तुम गिरोगे फिर उठना, फिर गिरोगे फिर उठना लेकिन झुकना मत-थकना मत, लगातार चलते रहना और लक्ष्य प्राप्त करना। हेडमास्टर कमल सरेचा ने कक्षा 12 वीं के प्रत्येक विद्यार्थी की विशेषताओं का उल्लेख कर खूब तालियाँ बटोरी। गीत-संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति के बाद शिक्षकों व अभिभावकों द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेश की वीडियो क्लिप का प्रदर्शन किया गया जिसमें बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए वार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया गया था। तदोपरांत कक्षा 12 वीं के छात्र/छात्राओं ने अपने शिक्षकों व अतिथियों के साथ कैंडिल जला कर ज्ञान के प्रकाश को विस्तारित करने की शपथ ली। कार्यक्रम का संयोजन राममोहन सिंह, देवराज नागर और प्रिंस सिंह ने किया। टेक्निकल टीम में आदित्य वीर सिंह, वैभव सिंह और आयुष सिंह ने सहयोग प्रदान किया। कृतिका कपूर, अन्वेषा सेनी, ज्योति मिश्रा, षिवांषी सिंह, सिद्धी सोनी, रूचि अहूजा, अराध्या, रिया यादव और यशी गुप्ता ने सभी को कुछ मनोरंजक खेल खिलवाए। कार्यक्रम का सफल संचालन अर्नव रेजा, अंजली शर्मा और अरिन लोकतमबम ने किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी ने गीत-संगीत व रात्रि भोज का लुत्फ उठाया। सायना के प्राचार्य ने कक्षा 11वीं के छात्रों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक, सचिव निर्मला सत्येंद्र पाठक पूर्व महापौर, युवा समाजसेवी यश पाठक ने 12वीं के विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## करोड़ों का राजस्व देने के बावजूद विकास में पिछड़ा बड़वारा

## बदहाली दूर करने के लिए नगर परिषद का दर्जा जरूरी

कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी जिले की सबसे महत्वपूर्ण विधानसभाओं में शुमार और जिले को सर्वाधिक राजस्व देने वाले क्षेत्रों में से एक बड़वारा आज भी अपनी बुनियादी पहचान और विकास के लिए संघर्ष कर रहा है। तमाम अर्हताओं को पूरा करने के बावजूद बड़वारा आज भी ग्राम पंचायत के भरोसे है, जिसके कारण विकास की रफ्तार सुस्त है।



इसी समस्या को देखते हुए सोमवार को समाज सेवा विकास संस्था बड़वारा के पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बड़वारा को नगर परिषद का दर्जा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह को ज्ञापन सौंपा।

***उपेक्षा का शिकार है राजस्व का गढ़***- ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाजसेवी मैना सिंह ने बताया कि बड़वारा मुख्यालय से हर वर्ष सरकार को करोड़ों-अरबों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। यहाँ दो बड़ी सीमेंट फैक्ट्रियां और दर्जनों खदानें संचालित हैं। आबादी, क्षेत्रफल और रोजगार की उपलब्धता के लिहाज से बड़वारा हर मापदंड पर नगर परिषद बनने की पात्रता रखता है। इसके बावजूद, उचित प्रशासनिक दर्जे के अभाव में क्षेत्र आज भी उपेक्षा का शिकार है और अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द बड़वारा ग्राम पंचायत को नगर परिषद बनाया जाए।

***नगर परिषद बनने से बदल जाएगी क्षेत्र की सूरत***- समाजसेवी राजाराम पटेल ने नगर परिषद की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के पास संसाधनों की भारी कमी है। नगर परिषद बनने से क्षेत्र को वर्तमान में आगजनी की स्थिति में जिला मुख्यालय से दमकल आने तक सब कुछ जलकर खाक हो जाता है। स्थानीय स्तर पर यह सुविधा उपलब्ध होगी और बिजली और पानी की निकासी की आधुनिक व्यवस्था संभव हो सकेगी, व्यापार नगरीय निकाय का दर्जा मिलने से नए निवेश आएंगे और स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे कचरा प्रबंधन और नगर की साफ-सफाई के लिए अधिक बजट और मशीनरी उपलब्ध होगी। इस संबंध में नायाब तहसीलदार अनुराधा सिंह ने बताया कि समाज सेवा विकास संस्था द्वारा बड़वारा को नगर परिषद बनाने की मांग का ज्ञापन प्राप्त हुआ है। जिसे आगामी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों एवं शासन को प्रेषित कर दिया गया है। इस दौरान इनकी रही उपस्थिति राजाराम पटेल, बबिता सिंह, नंदनी रजक, फिजा बी, अवध सिंह यादव, प्रभा सेन, सचिन कुशवाहा, साहिल, राहुल चौधरी, विजय कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, सुमित कुशवाहा आदि।

# आनंद मेले व चर्च कैरल्स प्रतियोगिता का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

क्रिसमस के अवसर पर स्थानीय एसएस फिलिप एंड जेम्स चर्च में मेले का आयोजन किया गया था जिसमें हजारों की संख्या में मसीही जनों की उपस्थिति होकर मेले का आनंद उठाया। मेले के साथ साथ अंतर चर्च कैरल्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें क्रिसमस पर आधारित गीत संगीत प्रस्तुति की गई। चर्च की क्वायर ने सी आई सी एम चर्च प्रथम, प्रेयर हाउस चर्च लखेरा ने द्वितीय एवं एसीए चर्च ने तीसरा स्थान प्राप्त किया बाकी सभी भाग लेने वाले चर्च को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। सौरव मसीह



द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया निर्णायक की भूमिका में रेव नीलेश सिंह, अजय सैमसन एवं जीन सुप्रिया थी। साय 6 बजे से क्रिसमस नाट्य संध्या का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा गीत एवं नाट्य प्रस्तुति की गई। यीशु के जनम के नाट्य को दर्शकों द्वारा सराहा गया। दीपा बक्स, अंकिता एंड्रूज एवं रोजलीन शाह एवं अभिषेक मैथ्यूज द्वारा कार्यक्रम संचालन किया गया। पूरे कार्यक्रम में जेम्स मोजेस, हडसन स्मिथ, प्रशांत डेविड, जोसफ मैथ्यूज, संदीप दुबे, हेराल्ड स्मिथ, जोएल हरबर्ट, अभिषेक डेविड, मार्क मैथ्यूज, आशीष जॉन्सन, ऑनल, अभिजीत ,आकाश, ऑनल, अभिजीत, आकाश, एलेक्स, जस्टिन, गोल्डी, अनुग्रह, डेनियल मोजेस आदि का सहयोग था।

# जिला चिकित्सालय का निरीक्षण व्यवस्थाएं पाई गई संतोषजनक

कटनी (स्वतंत्रमत)

अखिल भारतीय उपभोक्ता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला के मार्गदर्शन में संगठन की शहर महिला टीम द्वारा जिला चिकित्सालय के सभी वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने चिकित्सालय के डॉक्टरों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महिला टीम ने जिला चिकित्सालय के सीएमओ डॉ. यशवंत वर्मा से विस्तार से चर्चा कर चिकित्सालय की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण में पाया गया कि जिला चिकित्सालय के समस्त कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। मरीजों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों की देखभाल, भोजन, दवाइयों की उपलब्धता एवं उपचार व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम सोनी ने टीम को चिकित्सालय में उपलब्ध आधुनिक एवं उन्नत चिकित्सा मशीनों की जानकारी दी। महिला टीम ने स्वयं विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस अवसर पर शहर महिला टीम की अध्यक्ष उमा बहरे के साथ रश्मि जैन, सीमा लहरिया, हेमलता डेंगरे, योगिता त्रिसोलिया, शुभम डेंगरे, मनीष त्रिसोलिया, रीना कुचिया, किटी गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सेवा निवृत्त शासकीय कर्मचारियों द्वारा मनाया गया पेंशनर्स-डे

कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा कटनी द्वारा 17 दिसम्बर दिन बुधवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन पुरानी कचहरी के पास, सेवा निवृत्त शासकीय कर्मचारियों द्वारा पेंशनर्स डे मनाया गया। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा कटनी के उपाध्यक्ष मोहन लाल सोनी द्वारा बताया गया कि देश के पेंशनर्स को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जे. एस. नकारा द्वारा पेंशनर्स के अधिकार को उनके हक में 17 दिसम्बर 1982 को फैसला दिया। फैसला देने वाले न्यायाधीश के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 17 दिसम्बर को पेंशनर्स डे मनाया जाता है। माननीय न्यायाधीश ने अपने फैसले में निर्णय दिया था कि पेंशन अधिकार है, न कि सरकार की दया। इस प्रकार शासकीय सेवा के उत्तम सेवा के पारितोषक के रूप में पेंशन पाने का अधिकार मिला। यह उन शासकीय सेवकों




के बुजुर्गावस्था का अधिकार भी है। 17 दिसम्बर 1982 शासकीय सेवकों के लिए ऐतिहासिक दिन था। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा कटनी के उपस्थित सदस्यों ने अपनी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया। बैठक में विशेष रूप से 8वें केंद्रीय वेतन आयोग को लेकर चिंता व्यक्त की गई। पेंशनधारियों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित वेतन आयोग की सिपारिशों को अधिकांश राज्य सरकारें यथावत लागू नहीं करती, बल्कि अलग से पेंशनर नीतियां बना लेती हैं। जिससे पेंशनधारियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पेंशनधारियों का कहना था कि 8 वें वेतन आयोग में कर्मचारियों के लिए किए गए संशोधनों का लाभ पेंशनधारियों को भी मिलना चाहिए। जबकि केंद्र सरकार द्वारा सेवा निवृत्त शासकीय कर्मचारियों को 8वें वेतन आयोग के लाभ से वंचित किया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित पेंशनर्स का स्वागत सम्मान भी किया गया। पेंशनर्स डे के अवसर पर संरक्षक अनंत कुमार तिवारी, के. एल. पांडे, विजयकुमार मिश्रा, अध्यक्ष सुशील कुमार पाठक, उपाध्यक्ष विष्णू साहू, सचिव मंगल प्रसाद खंपरिया, संयुक्त सचिव मदन लाल चौरसिया, सहसचिव अशोक कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष जे.पी. हल्दकार, प्रचार मंत्री विजय कुमार तिवारी, राजा भैया पांडे, कार्यकारिणी सदस्य रमाशंकर पांडे, के.के. पांडे, दिनेश बड़गईया, बलदेव परोहा, यू.पी. उपाध्याय, प्रफुल्ल तिवारी, देवेंद्र नारायण बड़गईया, के.एन. पांडे, प्रभु दयाल राठौर, रामस्वरूप वर्मा, शिवकुमार दुबे, चंद्रकिशोर श्रीवास्तव, नरेश पांडे, अध्यक्ष विजयराघवगढ़ राम निधि मिश्रा आदि पेंशनर्स साथी उपस्थित थे।

# मप्र रोलिंग बजट बनाने में बनेगा देश का पहला राज्य

## जनअपेक्षाओं के अनुरूप होगा मध्यप्रदेश का बजट

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने की बजट विशेषज्ञों से चर्चा



भोपाल (स्वतंत्र मत)

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि लोकतंत्र की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए जनअपेक्षाओं के अनुरूप मध्यप्रदेश का बजट तैयार किया जाएगा। नवाचार के रूप में वर्ष 2026-27 के बजट अनुमानों के साथ वर्ष 2027-28 एवं वर्ष 2028-29 के सांकेतिक बजट अनुमान भी तैयार किए जा रहे हैं। इस प्रकार आगामी तीन वर्षों के लिए रोलिंग बजट तैयार करने की पहल करने में मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बनेगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सोमवार को बजट संवाद कार्यक्रम में यह जानकारी दी। वर्ष 2026-27 के बजट को अधिक लोक कल्याणकारी, व्यवहारिक और परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित बजट संवाद कार्यक्रम में अर्थशास्त्रियों, बजट विशेषज्ञों, प्रबुद्ध विचारकों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज न होकर आम जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब होना चाहिए। सरकार का निरंतर प्रयास है कि बजट निर्माण की प्रक्रिया में जनभागीदारी को और अधिक विस्तार दिया जाए और प्राप्त सुझावों को नीति निर्धारण की प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

***बजट को सरल, सहज स्वरूप देने का प्रयास***- उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बजट संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष प्रदेश के बजट को सरल, सहज और व्यावहारिक स्वरूप देने का प्रयास किया जाता है, जिससे आम नागरिक भी बजट निर्माण प्रक्रिया को आसानी से समझ सके। बजट को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आम जनता, विषय विशेषज्ञों और प्रबुद्ध वर्ग से ई-मेल, वेबसाइट, दूरभाष एवं अन्य संचार माध्यमों के जरिए सुझाव आमंत्रित किए गए, जिनके माध्यम से लगभग 945 सुझाव प्राप्त हुए हैं।

***पूंजीगत व्यय में निरंतर वृद्धि की जा रही***- उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प में प्रदेश का उल्लेखनीय योगदान सुनिश्चित करने हेतु पूंजीगत व्यय में निरंतर वृद्धि की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में 82 हजार 513 करोड़ का पूंजीगत व्यय प्रावधान अब तक का सर्वाधिक है। उन्होंने आगामी लक्ष्यों की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2029 तक राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 27.2 लाख करोड़ तथा वर्ष 2047 तक 250 लाख करोड़ से अधिक करने का लक्ष्य है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि का रोडमैप तैयार किया गया है।

***बजट में कृषि और किसानों को प्राथमिकता***- उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आगामी बजट में कृ षि और किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे किसानों की आय बढ़े और सब्सिडी पर निर्भरता कम हो। साथ ही उद्योग, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुशासन के क्षेत्र में सुधार हेतु भी विशेषज्ञों से ठोस सुझाव आमंत्रित किए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास और नागरिकों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और बजट विशेषज्ञों के सुझावों से प्रदेश अपने लक्ष्यों को शीघ्र प्राप्त करेगा।

***बजट सुझाव को यथोचित बजट में शामिल करेंग***- सचिव वित्त लोकेश कुमार जाटव ने स्वागत भाषण में कहा कि बजट सुझाव को यथोचित बजट में शामिल करेंगे। उन्होंने बजट की पूरी प्रक्रिया संक्षेप में जानकारी दी। उप महाप्रबंधक नाबार्ड सुशील कुमार ने सुझाव दिया कि विकसित भारत 2047 के लिये कारपोरेट सेक्टर की भूमिका, इनवेस्टमेंट बढ़ना, सिंचाई और मंडी इंफ्रास्ट्रेक्चर को बढ़ाना होगा। कुछ विशेष एरिया को शामिल किया जाना चाहिए। सदस्य मध्यप्रदेश युवा आयोग आशुतोष सिंह ठाकुर ने नेशनल युथ पॉलिसी के कुछ विशेष एरिया को शामिल किया जाना चाहिए, युवाओं को स्किल ट्रेनिंग, लैग्वेंज सिस्टम को लागू करने के लिये उच्च शिक्षा में बजट प्रावधान अलग से होना चाहिए।

# मध्यप्रदेश पुलिस की ठगी करने वालों पर प्रभावी कार्वाही

## विगत दो दिनों में 33 लाख से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में नागरिकों, वरिष्ठजनों एवं किसानों के साथ हो रही ठगी की घटनाओं के विरुद्ध सतत, संगठित और सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न जिलों में त्वरित एवं तकनीकी कार्रवाई के परिणामस्वरूप एटीएम कार्ड बदलकर ठगी, खेत में गड़ा सोना निकालने के नाम पर धोखाधड़ी तथा किसानों को पॉलीहाउस, ऑर्गेनिक खाद एवं शासकीय सब्सिडी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोहों के विरुद्ध उल्लेखनीय सफलताएँ दर्ज की गई हैं। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर भारी लाभ दिलाने का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले 05 शातिर बदमाशों के संगठित गिरोह को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। फरियादी चेतनसिंह सोलंकी निवासी आनंद विहार कॉलोनी, देवास द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार व्हाट्सएप के माध्यम से अज्ञात आरोपियों ने क्रिप्टो निवेश में मुनाफे का झांसा देकर किश्तों में कुल 1लाख 04 हजार 100 रुपये की ठगी की थी। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं डिजिटल ट्रेल का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए जिन बैंक खातों में ठगी की राशि ट्रांसफर हुई थी, उन्हें तत्काल फ्रीज कराया। साक्ष्यों के आधार पर पाँच शातिर आरोपियों गिरफ्तार किया, जिन्होंने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया। उनके कब्जे से ठगी गई संपूर्ण राशि 1लाख 4हजार 100 रुपये तथा 06 एंड्रॉइड मोबाइल फोन सहित कुल 2लाख 33हजार 100 रुपये की संपत्ति जप्तकी है। दमोह के थाना पथरिया क्षेत्र में एक वरिष्ठ नागरिक से ?17,000 की एटीएम फ्रॉड घटना दर्ज हुई थी। प्रकरण दर्ज होते ही पुलिस द्वारा त्वरित जांच प्रारंभ की गई। पुलिस द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर एक संदिग्ध वाहन की पहचान की गई। तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने हरियाणा राज्य के जिला रोहतक अंतर्गत ग्राम इंदरगढ़ से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एटीएम कार्ड बदलकर ठगी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। जिले के थाना देहात क्षेत्र में खेत में गड़ा सोना निकालने एवं पूजा-पाठ के नाम पर 70 हजार रूपए एवं नकली पीतल के बिस्?कुट थमाकर ठगी करने की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 24हजार रूपएनगद एवं 16 नकली पीतल के बिस्कुट जब्त किए हैं। राजगढ़ में किसानों को पॉली हाउस, ऑर्गेनिक खाद व सरकारी सब्सिडी का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के विरुद्ध पुलिस ने 'ऑपरेशन किसान रक्षक' चलाया। थाना करनवास, खुजनेर एवं नरसिंहगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अब तक 30 लाख 52 हजार रूपए की संपत्ति जब्त कर 15 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। मध्यप्रदेश पुलिस आमजन, वरिष्ठ नागरिकों एवं किसानों के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की ठगी या वित्तीय धोखाधड़ी को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तकनीकी साक्ष्यों, अंतर्राज्यीय समन्वय एवं त्वरित कार्रवाई के माध्यम से अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रही है। नागरिकों से अपील है कि एटीएम लेन-देन, लालचपूर्ण योजनाओं अथवा अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दी जा रही झूठी पेशकशों से सावधान रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस हेल्पलाइन 1930 पर दें।

# मनरेगा की हत्या : मोदी सरकार ने काम का अधिकार छीना: हरिप्रसाद

## पूर्व सांसद बी. के. हरिप्रसाद ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं पूर्व सांसद बी. के. हरिप्रसाद ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विक्रम चौधरी, अभिनव बरोलिया, प्रवीण धौलपूरे, राहुल राज, फिरोज सिद्दीकी उपस्थित रहे। श्री हरिप्रसाद ने कहा कि मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर लोकसभा में एक और बिल पास कर दुनिया की सबसे बड़ी रोज़गार गारंटी योजना मनरेगा को खत्म करने का काम किया है। यह महात्मा गांधी के विचारों पर सीधा हमला है और देश के सबसे गरीब नागरिकों से काम का संवैधानिक अधिकार छीनने की सोची-समझी साजिश है। मनरेगा, गांधी जी के ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और विकेन्द्रीकृत विकास की अवधारणा का जीवंत उदाहरण रहा है। लेकिन मोदी सरकार ने न केवल महात्मा गांधी का नाम हटाया, बल्कि 12 करोड़ से अधिक मनरेगा मज़दूरों के अधिकारों को बेरहमी से कुचल दिया। पिछले दो दशकों से यह योजना करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा रही है और कोविड-19 महामारी के दौरान यह सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कवच साबित हुई।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से ही प्रधानमंत्री मोदी मनरेगा के खिलाफ रहे हैं और इसे कांग्रेस की नाकामी की निशानी कहा गया। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने मनरेगा को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है। बजट में भारी कटौती, राज्यों के वैधानिक फंड रोकना, जॉब कार्ड रद्द करना और आधार आधारित भुगतान को अनिवार्य कर लगभग 7 करोड़ मज़दूरों को योजना से बाहर कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप पिछले पांच वर्षों में मनरेगा में औसतन केवल 50-55 दिन का काम ही मिल पाया है।

मनरेगा पर मोदी सरकार के हमले के मुख्य बिंदु

1. अधिकार से योजना तक गिरावट : मनरेगा, जो संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत अधिकार आधारित गारंटी थी, अब इसे एक सशर्त, केंद्र-नियंत्रित योजना में बदला जा रहा है। यह सुधार नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों से संवैधानिक वादा छीनने की प्रक्रिया है।

2. राज्यों पर आर्थिक बोझ : मनरेगा पूरी तरह केंद्र द्वारा वित्तपोषित थी, लेकिन अब मोदी सरकार राज्यों पर लगभग ?50,000 करोड़ का बोझ डालना चाहती है, जबकि नियम, ब्रांडिंग और श्रेय केंद्र अपने पास रखेगा। यह सहकारी संघवाद के साथ धोखा है।

3. रोज़गार पर सरकारी नियंत्रण : नई व्यवस्था के तहत सरकार तय समय पर रोज़गार बंद कर सकती है। फंड खत्म होते ही या फसल के मौसम में मजदूरों को महीनों तक काम से वंचित किया जा सकता है। यह कल्याण नहीं, बल्कि राज्य-नियंत्रित श्रम शोषण है।

4. विकेंद्रीकरण का अंत: ग्राम सभा और पंचायतों के अधिकार छीनकर उन्हें केंद्रीकृत डिजिटल सिस्टम, त्नङ्कस् मैपिंग, बायोमेट्रिक और एल्गोरिदमिक निगरानी के हवाले किया जा रहा है, जिससे स्थानीय ज़रूरतों की अनदेखी हो रही है।

5. मांग आधारित व्यवस्था समाप्त : मनरेगा की मांग आधारित प्रकृति खत्म कर इसे सीमित बजट वाली केंद्र-निर्धारित योजना बनाया जा रहा है, जिससे रोज़गार का कानूनी अधिकार समाप्त हो रहा है। श्री हरिप्रसाद जी ने कहा कि यह कदम महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान और ग्रामीण भारत पर खुला हमला है। रिकॉर्ड बेरोज़गारी के बाद अब गरीब ग्रामीण परिवारों की आखिरी आर्थिक सुरक्षा को भी निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इस जन-विरोधी, मज़दूर-विरोधी और संघीय ढांचे पर हमले का विरोध सड़क से लेकर संसद तक करेगी।

***नेशनल हेराल्ड मामला : सच की जीत***- श्री हरिप्रसाद ने कहा कि 12 वर्षों बाद कांग्रेस को बदनाम करने के लिए गढ़ा गया नेशनल हेराल्ड केस बुरी तरह ढह गया है। माननीय न्यायालय द्वारा श्वष्ठ का मामला खारिज किया जाना मोदी-शाह की बदले की राजनीति पर करारा तमाचा है। उन्होंने कहा कि यह केस कभी कानून का मामला नहीं था, बल्कि कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी को डराने और बदनाम करने की साजिश थी। न्यायालय ने साफ कहा कि इस मामले में कोई मूल अपराध ही नहीं था, फिर भी राजनीतिक दबाव में जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया।उन्होंने कहा, सच की जीत हुई है और सच की हमेशा जीत होगी। कोई भी एजेंसी, कोई भी धमकी लोकतंत्र और संविधान की आवाज़ को दबा नहीं सकती। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और संस्थाओं को बीजेपी के दुरुपयोग से बचाने की लड़ाई पूरी ताकत से जारी रखेगी।

# पुलिस प्रताड़ना से आहत 19 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या



हटा (स्वतंत्र मत)

नगर के शास्त्री वार्ड गडिया में रहने वाले 19 वर्षीय युवक रीतेश पिता रूपचंद बंसल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व युवक द्वारा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया जिसमें उसने कुछ युवतियों द्वारा उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत किए जाने और इसके बाद पुलिस द्वारा घर आकर धमकाने व अपमानित करने का गंभीर आरोप लगाया है। वीडियो में युवक ने कहा है कि पुलिस की प्रताड़ना और सामाजिक अपमान के कारण वह मानसिक रूप से टूट चुका है और इसी कारण यह कदम उठा रहा है। युवक की आत्महत्या की खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना से आक्रोशित परिजनों एवं स्थानीय नागरिकों ने मृतक का शव रखकर गड़िया रोड पर सड़क पर चक्काजाम कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मृतक की मां सुमंत रानी वंसल और भाई रोहित बंसल आदि का आरोप है कि यदि पुलिस निष्पक्ष जांच करती और युवक को डराने-धमकाने के बजाय न्यायपूर्ण व्यवहार करती तो आज उसकी जान बचाई जा सकती थी।

# एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा में गणित के ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक योगदान को रेखांकित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय गणितज्ञों द्वारा दिया गया शून्य, दशमलव पद्धति एवं बीजगणित का ज्ञान आज के आधुनिक विज्ञान की आधारशिला है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक -11**
**नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/25-26/

दिनांक 22.12.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजय कुमार घोष पिता अधीर कुमार घोस ने वार्ड क्र. 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्र. फ्लैट नं. 320 ब्लॉक सी शुभम रेसीडेंसी संपत्ति के पिन क्र.1000379001 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा तृतीय तल 950 वर्गफुट विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री प्रभात पाण्डेय का नाम हटाए जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किए जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक -11**
**नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/25-26/

दिनांक 22.12.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति पल्लवी शर्मा पति सुनील शर्मा ने वार्ड क्र. 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्र.प्लाट नं. 40 कांति विशाल कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्र. 1004587461 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 800 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 750 व.फु. प्रथम तल 750 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री रजनीश कुमार पिता शिव नंदन दास का नाम हटाए जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किए जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक -11**
**नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/25-26/

दिनांक 22.12.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिवाकर प्रसाद गौतम पिता स्व. जगदीश प्रसाद गौतम ने वार्ड क्र. 67 वार्ड का नाम रानी अवंतीबाई के भवन क्र.प्लाट नं. 31 फेस 71 सम्पत्ति के पिन क्र. 1000383572 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1000 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री रामलाल पाण्डेय पिता भैयालाल पाण्डेय का नाम हटाए जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किए जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**आवश्यकता है**

**ए.पी. नर्मदा विधि महाविद्यालय सदर, जबलपुर (म.प्र.)**

विधि महाविद्यालय में निम्नांकित पदों की भर्ति हेतु कॉलेज कोड-28 के तहत आवेदक की शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं फोटोग्राफ सहित आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। आवेदन की अंतिम तिथि प्रकाशन के 3 दिन तक है। पद का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | पद | पदों की संख्या | विषय | योग्यताएं एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्राध्यापक | 10 | विधि संकाय | पी.एच.डी./नेट अनिवार्य<br>05 वर्ष का महाविद्यालय का शैक्षणिक का कार्य अनुभव |
| 2. | सहायक प्राध्यापक | 02<br>02<br>02<br>02 | अंग्रेजी<br>अर्थशास्त्र<br>राजनीतिशास्त्र<br>इतिहास | पी.एच.डी./नेट अनिवार्य<br>उपरोक्त सभी विषयों का सहायक प्राध्यापकों के लिए संबंधित विषय में 55 प्रतिशत अंकों से स्नाकोत्तर, हायर सेकेण्डरी एवं स्नातक 50 प्रतिशत अंकों के साथ नेट/स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण एवं पी-एच.डी. उपाधि को वरीयता,02 वर्ष का महाविद्यालय का शैक्षणिक कार्य का अनुभव |

नोट-(1) उपरोक्त पदों के लिए चयन यू.जी.सी. के नियम प्रभावशाली होंगे।
(2) आरक्षण में यू.जी.सी. एवं म.प्र. शासन के नियमों का पालन आवश्यक होगा।
(3) स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत वेतन एवं सेवा शर्तें यू.जी.सी. के अनुसार।
(4) आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के संचालक के पते पर सीधे या डाक द्वारा अंतिम तिथि के पूर्व भेजे।

**प्रबंधक**
**ए.पी. नर्मदा संस्थान, सदर, जबलपुर (म.प्र.)**

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**प्रक्षेत्र जबलपुर भवन**

**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कामधेनु नगर पनागर जबलपुर में स्थित भूखण्ड क्रमांक. ई.डब्ल्यू.एस 131 श्रीमती मीना चेलानी पति स्व.श्री अशोक चेलानी के नाम से आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28.10.2021 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्रीमती मीना चेलानी पति स्व.श्री अशोक चेलानी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18.12.2025 के माध्यम से श्री राजवीर पिता श्री कन्हैया लाल को विक्रय किया है। श्री राजवीर पिता श्री कन्हैया लाल द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण/ (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नही होगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र जबलपुर**

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी.पी. कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्र. एस.टी.आर-88 श्री निरंजन दास पिता श्री गोपीनाथ दास को आंवटित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 03.01.2004 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री निरंजन दास पिता श्री गोपीनाथ दास की मृत्यु दिनांक 24.06.2025 को हो गयी है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख नामिनी में उनकी पत्नि एवं पुत्रों (1) श्रीमती तुलसा दास पति स्व. श्री निरंजन दास (2) श्री शेखर दास पिता स्व. श्री निरंजन दास (3) श्री निशंत दास पिता स्व. श्री निरंजन दास का नाम दर्ज है। उक्त नामिनियों से प्राप्त सहमति शपथ पत्रों एवं श्री निरंजन दास की पंजीकृत वसीयतनामा (वसीयत विलेख) दिनांक 16.05. 2025 के आधार पर श्री आयुष दुबे पिता स्व.श्री मुकेश दुबे एवं श्री अनुभव दुबे पिता स्व. श्री मुकेश दुबे के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु ऑनलाईन आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र जबलपुर**

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित पुरवा कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्र. LIG-706 का आवंटन श्रीमति कन्या कुमारी नायडू पति श्री एम.वेणु गोपाल नायडू को आवंटित है। श्रीमति कन्या कुमारी नायडू का निधन दिनांक 24/09/2019 को होने के पश्चात उनके नामिनी श्री एम. वेणु गोपाल नायडू आत्मज श्री. एम. लक्ष्मी नरसिंमहलु नायडू द्वारा यह भवन उनके पक्ष में नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को नामांतरण बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना**
**विकास मण्डल जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक -11**
**नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/25-26/

दिनांक 22.12.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दुर्गेश जाटव पिता भगवानदास जाटव ने वार्ड क्र. 67 वार्ड का नाम रानी अवंतीबाई के भवन क्र. 69 का हिस्सा गोपाल पुरम बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्र. 1000381740 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 750 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 574 व.फु प्रथम तल 574 व.फु विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री भगवान दास जाटव पिता गुलाब चंद जाटव का नाम हटाए जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किए जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक -11**
**नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/25-26/

दिनांक 22.12.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति आरती बर्मा पति श्रीकांत बर्मा ने वार्ड क्रं. 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मीबाई के भवन क्र. फ्लैट नं. 305 मां नर्मदा इक्लेव अपार्टमेंट सम्पत्ति के पिन क्र. 9000096874 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा तृतीय तल 667 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री राजशेखरन आयंगर पिता चंदन आयंगर का नाम हटाए जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किए जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक -11**
**नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/25-26/

दिनांक 22.12.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोहित कुमार कौशिक पिता श्री दुलीचंद ने वार्ड क्र. 79 वार्ड का नाम ईश्वरदास रोहाणी के भवन क्र. प्लाट नं. 42 ख.न. 39/27.40/27.41/22 महगवां सम्पत्ति के पिन क्र. 9000029245 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1740 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमति अंजू पटैल पति श्री संदीप पटैल का नाम हटाए जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किए जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक -11**
**नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/25-26/

दिनांक 22.12.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संतोष कुमार खरे पिता स्व. श्री जमुना प्रसाद खरे (2) राजेन्द्र प्रसाद खरे पिता जमुना प्रसाद खरे ने वार्ड क्र. 54 वार्ड का नाम जवाहरलाल नेहरू के भवन क्र. 365 डा. पांडे अस्पताल के पास सम्पत्ति के पिन क्र. 1000428706 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा भूतल 432 वर्गफुट प्रथम तल 270 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री भैयालाल का नाम हटाए जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किए जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# अनुशासन ही हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन की सबसे बड़ी विशेषता है







## भूतपूर्व छात्र संघ की बैठक में अतिथियों ने साझा किए अपने अनुभव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में भूतपूर्व छात्र संघ की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एल्युमिनाई संघ की अध्यक्ष डॉ. मुकुल तिवारी भूतपूर्व प्राचार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय एवं हम संस्था की अध्यक्ष, एल्युमिनाई संघ की उपाध्यक्ष प्रो. रैना तिवारी विभागाध्यक्ष, विजयश्री कॉलेज, एल्युमिनियाई एसोसियेशन की सह सचिव जूना मुखर्जी भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्य एवं एल्युमिनाई संगठन की पदेन अध्यक्ष डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी द्वारा की गई। सभी मंचासीन अतिथियों व भूतपूर्व छात्राओं का पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि एल्युमिनाई संगठन सक्रियतापूर्वक महाविद्यालय के विकास में सहयोग दे सकता है। इसके लिए समय-समय पर विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दे कर महाविद्यालय छात्राओं को लाभ प्रदान कर सकते है। सभी आने वाली छात्राएं अन्य भूतपूर्व छात्राओं को भी एल्युमिनाई मीट में आने के लिए प्रेरित करें। सभी सदस्य बैठकों में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रेषित करें जिससे महाविद्यालय को उन्नति प्रदान की जा सके। तभी इस संघ की सार्थकता होगी। अध्यक्ष डॉ. मुकुल तिवारी ने कहा की शिक्षको को सदैव नवाचार के साथ तैयार रहना चाहिए। शिक्षक सदैव दूसरे प्रोफेशन को पोषण प्रदान करता है। बीएड की महत्ता को बताते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में वही प्रवेश लेंगे जिनकी रूचि होगी तभी हमारे भावी देश की सशक्त पीढ़ी को तैयार करने में महती भूमिका निभा पायेगा।

## छात्राओं को पुरस्कारों का वितरण

अध्यक्ष डॉ. मुकुल तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस महाविद्यालय की विशेषता अनुशासन है उनके द्वारा जब महाविद्यालय में प्रवेश लिया गया था तब जैसा अनुशासन था आज भी बिल्कुल वैसा ही अनुशासन संचालित है। शिक्षको के लिए अनुशासन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सह सचिव जूना मुखर्जी ने कहा कि इस संगठन को बढाने में वे सदैव प्रयत्नशील रहेगी। महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा कविता ठाकुर के सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पद पर चयनित होने पर उन्हे सम्मानित किया गया। पिछले वर्ष सत्र 2023-25 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कीर्ति चौबे को प्रमाण पत्र व पुरस्कार राशि दी गई व द्वितीय स्थान कु. अंजनी सिंह सिगरौल व तृतीय स्थान कु पूनम दुबे ने प्राप्त किया जिन्हे प्रमाण पत्र दिये गये। साथ ही जो भूतपूर्व छात्राएँ उच्च पदो पर आसीन है उन्हे भी संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्राओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्राओं मनोरंजन के लिए गेम का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार मानसी चढार, द्वितीय पुरस्कार सरोजनी धुर्वे तुतीय पुरस्कार मुस्कान गुप्ता ने प्राप्त किया।

## सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को मिलेगा पदक

एल्युमिनाई अध्यक्ष डॉ. मुकुल तिवारी द्वारा आगामी वर्ष से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा के लिए श्रीमती जीजी बाई गंगा प्रसाद अग्निहोत्री स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान करने की घोषणा की गयी। अंत में एल्युमिनाई संघ की सचिव डॉ. निधि माथुर द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। मंच संचालन डॉ. निरूपमा पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियो द्वारा संपूर्ण वंदे मात्रम का गायन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, सुधा चौधरी एवं विजय दहायत का योगदान रहा ।




# मप्र को मिला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड

## वेस्टर्न रीजन में सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस के लिए एमपी ट्रांसको को मिला सम्मान

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश ने विद्युत ट्रांसमिशन के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) को वेस्टर्न रीजन में सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस दर्ज करने के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय 'पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एमपी ट्रांसको के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पुरस्कार प्रदेश की मजबूत ट्रांसमिशन व्यवस्था, तकनीकी दक्षता और सतत सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम ट्रांसमिशन लॉस के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय से मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित मंच से एमपी ट्रांसको की ओर से कार्यपालन अभियंता लोकेश द्विवेदी ने यह सम्मान प्राप्त किया।जिसे पावर सेक्टर की अंतरराष्ट्रीय मैगज़ीन 'पावर लाइन' द्वारा स्थापित किया गया है जिसका उद्देश्य भारतीय ट्रांसमिशन सेक्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पावर यूटिलिटीज़ को प्रोत्साहित करना है।

***ट्रांसटेक इंडिया 2025 में हुआ सम्मान***- यह सम्मान नई दिल्ली स्थित यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में आयोजित 'ट्रांसटेक इंडिया-2025' कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदान किया गया। यह कॉन्फ्रेंस विद्युत मंत्रालय से मान्यता प्राप्त एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच है, जहां नीति निर्माता, रेगुलेटरी संस्थाएं, डेवलपर्स, मैन्युफैक्चरर्स और ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर्स आपसी समन्वय के साथ भाग लेते हैं। इस आयोजन में देशभर से 2500 से अधिक ट्रांसमिशन यूटिलिटीज़ के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।



# कोबरा को शराब दुकान के बाहर छोड़ गया नशेड़ी सपेरा

## पाटन क्षेत्र का मामला, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एक सपेरे को शराब पीने के बाद इस कदर का नशा चढ़ा कि वह शराब दुकान के सामने ही कोबरा सांप को छोड़कर भाग गया। दरअसल सोमवार की दोपहर को एक सपेरा पाटन दुकान पहुंचा और शराब खरीदने के बाद वहीं बैठकर पीने लगा। कुछ ही देर बाद वह इस कदर नशे में धुत हो गया कि उसे जरा भी होश नहीं रहा कि वह कहां पर बैठा हुआ है। शराब पीने के बाद सपेरा सांप की पोटली खोलकर, वहां से गायब हो गया। कुछ देर बाद जब शराब खरीदने के लिए कुछ लोग वहां पहुंचे तो देखा की पोटली के पास काला नाग बैठा हुआ था जिसे देखकर लोग डर गए। शराब दुकान के सामने कोबरा देखकर लोग शराब भी नहीं खरीद पा रहे थे। काफी देर तक परेशान रहने के बाद दुकान संचालक ने सर्प विशेषज्ञ मौके पर बुलाया। कड़ी मशक्कत कर सांप को पकड़ने के बाद जंगल में छोड़ दिया गया।

## अधेड़ का कमरे में अर्धनग्न हालत में मिला शव

**जबलपुर।** गोसलपुर थानातंर्गत कुलिया मोहल्ले में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव अर्धनग्न हालत में जमीन पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस को शिवदत्त कालोनी निवासी 42 वर्षीय संदीप उर्फ कल्लू जैन ने सूचना दी कि बीती शाम करीब सात बजे राहुल जैन की मॉं अनीता जैन कुलिया मोहल्ले में अपने मकान में गई, जहां उनका भाई मनोज जैन रहता था, जो कि दो दिनों से खाना खाने नहीं आया था। कमरे की शटर हल्की से खुली थी, जैसे ही शटर खोलकर अनीता अंदर गई तो 46 वर्षीय मनोज कुमार जैन जमीन में चित्त अवस्था में पड़ा था, जिसने शरीर में नीचे कपड़े नहीं थे और उसकी मृत्यू हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# गणित दिवस पर कार्यशाला का आयोजन





जबलपुर (स्वतंत्रमत)

शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय सिहोरा में दिनांक 22 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन का शुभारंभ प्राचार्य डा.मनोज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.नीलेश पाण्डेय प्राचार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय जबलपुर थे। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया गणित एक भाषा इस तरह के विषय है जैसे सीखने के लिय कोई गुरु या डिग्री की आवयश्कता नहीं होती है। गणित का उपयोग जीवन पर्यन्त रहता है। कार्यक्रम का संयोजन डा.सौरभ सक्सेना द्वारा किया गया। इन दो दिवसीय आयोजन में व्याख्यान, पोस्टर, मॉडल प्रदर्शनी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों मे गणित के माध्यम से समाधान तर्कशीलता,सृजनात्मकता एवं अनुशाशन का विकास होगा।

***अंक गणित एक जादुई तकनीक हैं***- मुख्य वक्ता डॉ नीलेश पाण्डेय ने अपने व्याख्यान में बताया कि अंक गणित गणित की वह शाखा है जिसके माध्यम से गणित को रोचक और सरल बनाया जा सकता है इसी दिशा में वैदिक गणित और अंक गणित के अनुप्रयोग से खेल खेल में गणित सीखने और सिखाने का प्रयास। वे कर रहे है उन्होंने छात्र छात्राओं को सरल तरीके से पहाड़े लिखना गुणा करना वर्ग निकालना और मोबाइल नंबर जन्म तिथि आदि निकालने की तकनीक बताई। छात्र छात्राओं ने व्याख्यान से बहुत5कुछ सीखा और प्रयोग करके भी देखा। आज के कार्यक्रम में डां.राजेश तिवारी, डां अंजू कटहल, गजेंद्र कुमार यादव एवं कामिनी पांडेय का विशेष सहयोग रहा।

## जहरीले वस्तु के सेवन से युवक की मौत

जबलपुर

पनागर थानातंर्गत प्रताप वार्ड निवासी 29 वर्षीय प्रशांत सराफ पिता मदनलाल सराफ को विगत 11 दिसंबर को जहरीली वस्तु का सेवन करने पर उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसकी बीती देरशाम उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# स्पीड पोस्ट हब में ग्वालियर सबसे छोटा, फिर भी जबलपुर को डाउनग्रेड किया

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




प्रदेश के राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट हब में ग्वालियर सबसे छोटा, फिर भी उसे डाउनग्रेड नहीं किया, उल्टे सबसे पुराना तथा बड़ा हब-जबलपुर को ही डाउनग्रेड कर निचले श्रेणी में डाल दिया गया है। यह जबलपुर के साथ चोखा तथा अन्याय है। जबलपुर को राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट हब से डाउनग्रेड करने से यहां से निकली स्पीड पोस्ट की डाक अपने गंतव्य पर नार्मल डाक पहुचने के समान समय-6 दिनों में पहुंचेगी, फिर भी उपभोक्ताओं से स्पीड पोस्ट का जादा शुल्क वसूला जा रहा है। यह उपभोक्ताओं के साथ धोखा है तथा उपभोक्ता संरक्षण कानून का उल्लंघन है। इसके खिलाफ नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक संघ, सीनियर सीटिजन वेलफेयर एसोसिएशन, महिला समिति, मानव अधिकार क्रांति संगठन तथा पेंशनर्स समाज ने सोमवार को घंटाघर के पास प्रदर्शन कर एक ज्ञापन केन्द्रीय संचार मंत्री को जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा।



## अस्मिता वेट लिफ्टिंग लीग का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

जबलपुर अमेच्योर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव जगदीश रजक ने बताया कि रविवार 21 दिसंबर 2025 को अस्मिता वेट लिफ्टिंग लीग 2025-26 का शुभारंभ सुबह 11 बजे युवा भवन सेठी नगर रामपुर में मुख्य अतिथि अमिताभ जैन एवं विशिष्ट अतिथि के.एस.बंसल द्वारा किया गया । जिसमें लगभग 35 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें लगभग 35 प्रतिभागी शामिल रहे। प्रतियोगिता समाप्ति के बाद शाम 4 बजे पुरस्कार वितरण के.एस. बंसल, प्रशांत मिश्रा, विंन्सटन लाल, जगदीश रजक, ललित जॉन, जॉन सत्या, अनुराग धन्यवाद द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में अमलेन्दु वर्मा, मानसिंह, रिमझिम वर्मा, गणेश कुशवाहा, नरेन्द्र कुमार, अल्बर्ट फ्रेन्क, सुनील सोनकर, सुशील शर्मा सहयोग रहा।




## डॉ. गायत्री कथा सम्मान 2025 से सम्मानित होंगी इंजी. इस्मिता माथुर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

प्रतिष्ठित कथा लेखिका, कवयित्री डॉ.गायत्री तिवारी की स्मृति में पाथेय साहित्य कला अकादमी द्वारा आयोजित गायत्री कथा सम्मान 2025 से इंजीनियर स्मिता माथुर को 27 दिसम्बर 2025 को अपरान्ह 3.30 बजे कलावीथिका में सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पाथेय साहित्य कला अकादमी के महासचिव राजेश पाठक प्रवीण दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर नारी जागरण के क्षेत्र में क्रियाशील संस्था, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शिव स्मृति भवन, कान्यकुब्ज ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ, सनाढ्य महिला संस्था, राजपूताना क्लब, मां नर्मदा वानप्रस्थ आश्रम, मातृशक्ति परम वैभव समिति, स्वर्णकार महिला मंडल,ममत्व सेवा महिला प्रकोष्ठ को भी सम्मानित किया जाएगा। उनकी कहानी कोबरा को मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग ने पुरस्कृत किया था। पत्रकार वार्ता में डॉ. संध्या श्रुति, प्रतिमा अखिलेश, राजेन्द्र मिश्रा, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, आलोक पाठक भी उपस्थित थे।

# रिश्वतखोर जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर और इंस्पेक्टर गए जेल

## फरार कार्यालय अधीक्षक की तलाश में जुटी सीबीआई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




सीबीआई ने चार लाख रूपये की रिश्वत लेने के आरोप में केंद्रीय जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर तथा इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने पूछताछ के लिए उन्हें तीन दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद दोनों आरोपियों को सीबीआई की विशेष न्यायालय में पेश किया। विशेष न्यायाधिश रूपेश कुमार गुप्ता ने दोनों आरोपियों को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

गौरतलब है कि विगत 17 दिसम्बर को ग्वारीघाट स्थित जीएसटी कार्यालय में दबिश देकर सीबीआई ने असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा तथा इस्पेक्टर सचिन खरे को होटल कारोबरी से चार लाख रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जीएसटी ने होटल कारोबारी के ओये ट्रांजैक्शन पर आपत्ति करते हुए 1 करोड़ रूपये की रिकवरी का नोटिस जारी किया था। आपत्ति के निराकरण के लिए असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा, कार्यालय अधीक्षक मुकेश वर्मन तथा इंस्पेक्टर सचिन खरे ने रिश्वत के रूप में दस लाख रूपये की मांग की थी।

***खातों को किया सीज*** - होटल कारोबारी ने इस संबंध में सीबीआई से शिकायत की थी। सीबीआई की दबिश के पूर्व जीएसटी कार्यालय अधीक्षक मुकेश वर्मन फरार हो गया था। सीबीआई ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सीबीआई ने रिमांड अवधि के दौरान दोनों अधिकारियों के पास से आवश्यक दस्तावेज बरामद करते हुए उनके खातों को सीज किया। रिमांड अवधि समाप्त होने पर उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किया गया। विशेष न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। सीबीआई फरार कार्यालय अधीक्षक की तलाश में जुटी हुई है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**